जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, रविवार 24 सितम्बर, 2023



## विचार बिन्दु

मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र उसकी दस उंगलियाँ हैं। –राबर्ट कोलियर

# भारत के 15 लाख पारम्परिक तालाब प्राकृतिक जलवायु समाधान का उत्कृष्ट उदाहरण हैं

भारत के गाँवों में तालाब स्वयं में एक पारिस्थितिक तंत्र हैं जो विविध पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं, जैसे–जैव विविधता संरक्षण के साथ ही जलवायु परिवर्तन शमन और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, जल शुद्धिकरण, बाढ़ शमन और सांस्कृतिक लाभ (जैसे, पर्यटन, स्वास्थ्यकर स्थल), पोषक तत्व का भण्डारण, कार्बन संचय, और आजीविका में बेहतरी आदि के माध्यम से अनेक सतत विकास लक्ष्यों (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। परन्तु बड़े बांधों की तुलना में तालाबों के सामाजिक-आर्थिक और पारिस्थितिक मूल्य को प्रायः अज्ञानवश कमतर आंका जाता है (देखें, डी.एन. पाण्डेय, साइंस, 293: 1763, 2001; एस. यादव व वी.सी. गोयल, वेटलैंड्स, 42(8): 107, 2022)।

आज की चर्चा इस बात पर केन्द्रित है कि यदि शहरों को पानी पीना है तो तालाब व एनीकट जैसे ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर, जो उच्चकोटि के प्राकृतिक जलवायु समाधान हैं, में निवेश अनिवार्य है। थोड़ी देर के कल्पना कीजिये कि आप एक बहुत बड़े शहर में रहते हैं। सारी सुख-सुविधायें आपके पास उपलब्ध हैं। बस अब पानी की कमी पड़ने लगी है, क्योंकि निरंतर बढ़ते हुये शहरवासियों की संख्या की कारण आपके पारंपरिक जलस्रोत सूख गये हैं। आप का सबसे बड़ा पारंपरिक बाँध जहाँ से आपको पानी मिलता था, अब सूख गया है। पारंपरिक बाँध इसलिये सूख गया क्योंकि आप उससे मिलने वाले पानी को लेते रहे, उपयोग किया, और गन्दा करके जल-मल के रूप में प्रतिदिन बहा दिया। पारंपरिक बाँध इसलिये भी सूख गया क्योंकि जिन जलग्रहण क्षेत्रों से पानी बहकर आता था अब वहां के लोगों ने अपनी आजीविका सुदृढ़ करने के लिये खेती और बागवानी करने के लिये जमीन विकसित कर लिया। मिट्टी को खेती योग्य बनाकर जल से तृप्त करना प्रारंभ कर दिया। वर्षा का पानी जैसे ही खेत की गोद में गिरता है, मिट्टी उसे सोखना प्रारंभ कर देती है और एक बार में जब तक 90 से 100 मिलीमीटर तक बारिश न हो, वहां से पानी की एक बूँद नहीं बहती। गरीब किसानों द्वारा जहाँ-का-पानी-तहां रोकने के लिये अपने खेत में ही बंधी व खेत-तलाई बनाना न्याय के नैसर्गिक सिद्धांतों के अनुरूप ही है। अब ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में रहने वाले लोग आपके सुख के लिये उस पानी को बहकर आपके पारंपरिक बाँध तक आने देने के बजाय मोर-क्रॉप-पर-ड्रॉप के सिद्धांत पर पानी का उपयोग स्वयं करने लगे हैं। वर्षा के पानी ने किसानों का आतिथ्य स्वीकार कर लिया है। अब वहीं रुक जाता। अब वर्षा की मात्रा बढ़ने तक वहीं रुका करेगा।

अब शायद आप समझ गये होंगे कि जयपुर के रामगढ़ में पानी क्यों नहीं आता? जब पानी बहकर आपके पास सैकड़ों साल तक बार-बार आता था, तब तो आप उसकी इज्जत कर नहीं पाये! शहरवासियों ने अपनी गन्दगी धोकर खूब बहाया।

समस्या अभी और भी है! किस्सा अभी तो शुरू हुआ है। आगे पढ़िये।

आपके पुराने बाँध के सूखने से आपके शहर के कुयें और बावड़ियां पानी से रीत कर केवल अपनी स्थापत्य कला का उदाहरण मात्र रह गयीं। जो थोड़ी-बहुत पानीदार थीं, उन्हें आपने कचरे से भाठ दिया।

जब पानी आपके पास दौड़कर आता था, आपने उसका उपभोग कर जल-मल के रूप में बह जाने दिया।

पुनर्चक्रण द्वारा पुनः-उपयोग के योग्य बनाने की अकल ही नहीं आयी। फिर शहर से दूर ही सही, आप एक बड़ा बांध निर्मित करते हैं, ताकि वहां से पानी लाया जा सके। आप आशा करते हैं कि उस बाँध के आसपास के गावों के संपूर्ण भू-परिदृश्य से जल एकत्र होकर आप द्वारा बनाये गये बांध में आयेगा। आता भी है। आप उस जल को सैकड़ों किलोमीटर दूर से लाकर अपने शहर में वितरित करते हैं। यह कार्य अत्यंत आवश्यक था, वर्ना जयपुर अपनी दुर्दशा के नए आयाम देख लेता। शहर के लोगों की प्यास बुझने लगती है। दो-चार साल का काम चलता है। पर तभी अचानक फिर प्यासे मरने की नौबत आती है। क्यों?

उपरोक्त स्थिति का उत्तर पाने के लिये एक बार ऊपर लिखा किस्सा पुनः पढ़ लीजिये।

शहर अब धीरे-धीरे पानी की जरूरत पूरी करने के लिये निरंतर एक के बाद एक दूरी नापते हुये बहुत दूर से पानी लाने को लालायित हैं। देखने सुनने में यह व्यवस्था रोचक लगती है। लेकिन यदि आप द्वारा बनाया गये नये बांध के जलग्रहण क्षेत्र में लोग वनों और मिट्टी को सुरक्षित ना करें तो क्या होगा?

पहली बात तो यह है कि असंरक्षित जलग्रहण क्षेत्र से पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी बड़े बांध का जीवन शीघ्र समाप्त कर देगी। दूसरी बात यह है कि जिस वाटरशेड से पानी सिमट सिमट कर आपके नये बड़े बांध में आता है, उसके साथ आने वाली मिट्टी उन किसानों की आजीविका को भी बर्बाद करके ही आती है, जिनके पास उस मिट्टी, पेड़ और वनों को संरक्षित करने के लिये आर्थिक संसाधन नहीं हैं।

> **भारत में प्राचीन काल से जल प्रबंध एक पूर्ण वैज्ञानिक प्रक्रिया के द्वारा संचालित होता रहा है। जहाँ वर्षा जल संग्रह की तालाब, तलाई, बंधी, बंधुलिया आदि जैसी संरचनायें नष्ट हुई हैं, वहां भू-जल का स्तर तेजी से नीचे गिरा है। तालाब (सतही जल) और कुआँ (भूजल) स्तर के बीच पक्की और मजबूत परस्पर क्रिया पाई जाती है।**

तब क्या कोई रास्ता है? और विशेषकर तब क्या रास्ता है जब जलवायु परिवर्तन के कारण पानी की उपलब्धता और भी ज्यादा अनिश्चित होती जा रही है।

रास्ता तो है। दुनिया के तमाम शहर प्राकृतिक जलवायु समाधान की इस रणनीति का उपयोग कर स्वयं भी प्रसन्न हैं और अपने आसपास के किसानों को भी प्रसन्न रखे हुये हैं। पूरे विश्व में आज ग्रामीण-किसानों और शहरवासियों के बीच एक रोचक आर्थिक रिश्ता बन रहा है, जिसमें शहर के लोग ग्रामवासियों को उनके द्वारा जलग्रहण क्षेत्र में वनों और मिट्टी को सुरक्षित रखने के लिये भुगतान करते हैं। केवल ऐसे संरक्षित क्षेत्रों से ही साफ-सुथरा पानी बांधों को मिलता है, जिनसे अंत में शहरों को जल प्रदाय किया जाता है। इस कार्य को पूरा करने के लिये ग्रामवासी उच्चकोटि के जलग्रहण विकास कार्यक्रमों को क्रियान्वित करते हैं, जिनमें छोटे-छोटे एनीकट, तालाब और मृदा और जल-संरक्षण संरचनायें जैसे प्राकृतिक जलवायु समाधान शामिल हैं। इसके साथ ही जलग्रहण क्षेत्र के वनों और वनस्पतियों का संरक्षण भी किया जाता है। यह भी एक उच्चकोटि का प्राकृतिक जलवायु समाधान है जिसमें कार्बन का संचय, जैव-विविधता का संरक्षण और लोगों की आजीविका का सुदृढ़ीकरण होता है।

स्वाभाविक है कि शहरों को पानी पीना है तो शहरवासियों को अपने बौद्धिक दिवालियापन को छोड़कर आसपास के जलग्रहण क्षेत्रों में तालाब व एनीकट जैसे बहुआयामी जीवनदायी ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर में स्वयं निवेश करना होगा। जहाँ से पानी आ रहा है, वहां के नागरिकों को जलग्रहण विकास के लिये मुआवजा देना अब दुनिया के बड़े शहरों की नई आर्थिक व्यवस्था है। हाल ही में हुये एक अध्ययन के अनुसार दुनिया के 416 बड़े शहर यही कर रहे हैं जहाँ कुल मिलाकर 25 बिलियन डॉलर से अधिक का लेन-देन हो रहा है। दरअसल अब पूरी दुनिया में जलग्रहण सेवाओं में निवेश बढ़ रहा है। डाउनस्ट्रीम शहर में पानी के उपयोगकर्ता, पेयजल की रक्षा करने वाले कार्यों के लिये अपस्ट्रीम वाटरशेड सेवा आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करते हैं। ऐसे कार्यक्रम 4.3 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा वाटरशेड क्षेत्रों में 170 मिलियन डॉलर के निवेश से चल रहे हैं। इन कार्यक्रमों से 230 मिलियन से अधिक लोगों को साफ़ पानी प्राप्त हो रहा है (देखें, नेचर कम्युनिकेशंस, 2018, 9:4375)।

वर्षा-जल संग्रह की छोटी संरचनायें क्लाइमेट चेंज के युग में कार्बन-संचय में भी बड़ा काम करती हैं।

दुनिया भर में इस प्रकार के तालाब, एनिकट, पोंड्स या इम्पाउंडमेंट प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। अध्ययन बताते हैं कि 500 मिलियन ऐसी छोटी जल संग्रह संरचनायें दुनिया भर में मौजूद हैं। जितना जैविक कार्बन दुनिया के इन 500 मिलियन छोटे तालाबों और खेत-तलाइयों में सालाना जमा होता है, वह विश्व के सभी महासागरों में सालाना जमा होने वाले जैविक कार्बन से ज्यादा है। पूरी दुनिया के आंकड़े जोड़ने पर ज्ञात होता है कि प्राकृतिक झीलों में जहाँ कुल 30 से 70 टेराग्राम कार्बन सालाना जमा होता है, वहीं इन तालाबों, एनिकट आदि में 150 से 220 टेराग्राम कार्बन सालाना जमा होता है। हालांकि जैविक कार्बन के वर्तमान कुल संग्रहण (1000 से 4000 टेराग्राम कार्बन सालाना) की तुलना में यह दर मामूली है, परन्तु यह दर दुनिया भर के महासागर के तलछट में जैविक कार्बन के कुल भंडारण--120-240 टेराग्राम कार्बन सालाना--से अधिक हैं। इन संरचनाओं में ऑर्गनिक कार्बन के जमा होने की दर अधिक से अधिक 17,000 ग्राम कार्बन प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष से लेकर कम से कम 148 ग्राम कार्बन प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष हो सकती है। रोचक बात यह है कि छोटी जल-भराव संरचनाओं में यह दर तुलनात्मक रूप से अधिक थी (देखें, ग्लोबल बायोजियोकेमिकल साइकल्स, 2008, 22:जीबी1018)।

जलग्रहण क्षेत्र विकास एवं पेमेंट फॉर एनवायरमेंटल सर्विसेज के उपरोक्त सिद्धांत, जिनकी चर्चा आज यहां की गई है, को राजस्थान के प्रत्येक शहर में लागू करना अनिवार्य है। आने वाला समय उस परस्पर आर्थिक समन्वय से होने वाले विकास का है, जिसमें शहर और गांव एक दूसरे की मदद करते हुये

परस्पर सतत विकास में योगदान दें। हालांकि दुनिया में इस प्रकार की तमाम व्यवस्थायें खड़ी हो चुकी हैं, परंतु अभी हम सो रहे हैं। हमें गहरी नींद से जागना होगा। विशेषकर हमारे उन इंजीनियर्स को जिन्हें केवल बड़े बांधों में ही भारत का आर्थिक-सामाजिक मोक्ष दिखाई देता है। बड़े बांध उपयोगी हैं, लेकिन उनकी सतत उपयोगिता बनाये रखने के लिये छोटे तालाब, खेत तलाई और एनीकट और भी अधिक महत्वपूर्ण हैं।


मध्य प्रदेश में पूर्व रीवा रियासत को बघेलखंड के नाम से पहचाना जाता है। यहाँ गांवों में लगभग 5000 तालाब हैं, जो कम से कम 200 वर्षों से लेकर 2000 वर्ष तक पुराने हैं। इन सब की पाल पर वृक्षों और वनस्पतियों के उगाने की परम्परा भी आज तक जीवित है। खेत, तालाब और तालाब की पाल पर वृक्षों की कतारें और उनके ठीक नीचे आम का बगीचा! और उस बगीचे में एक देवस्थान! ऐसे तालाब आप सतना, रीवा, सीधी और शहडोल जिलों के किसी गाँव में देख सकते हैं। यह बघेलखंड का सिग्नेचर-लैंडस्केप है। बुंदेलखंड कहे जाने वाले क्षेत्र में भी यही स्थिति मिलती है। भारत में प्राचीन काल से जल प्रबंध एक पूर्ण वैज्ञानिक प्रक्रिया के द्वारा संचालित होता रहा है। जहाँ वर्षा जल संग्रह की तालाब, तलाई, बंधी, बंधुलिया आदि जैसी संरचनायें नष्ट हुई हैं, वहां भू-जल का स्तर तेजी से नीचे गिरा है। तालाब (सतही जल) और कुआँ (भूजल) स्तर के बीच पक्की और मजबूत परस्पर क्रिया पाई जाती है। इसलिये, तालाब और कुयें दोनों को पूरक संरचनाओं के रूप में देखा और प्रयुक्त किया जाना चाहिये। सोलर वाटर पंप भी ऐसी ही पूरक संरचना है। हाइड्रोलॉजिकल संतुलन बनाये रखने व स्थायी रूप से जल संसाधनों का उपयोग और प्रबंधन करने के लिये तालाब एक विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता हैं।

आज का मूल सन्देश यह है कि भारत के प्रत्येक तालाब का संरक्षण और सुधार अनिवार्य है। इस दिशा में भारत सरकार का वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा सभी राज्य सरकारों के वन एवं पर्यावरण विभागों द्वारा प्राकृतिक जलवायु समाधान की दिशा में गहरी प्रतिबद्धता दर्शित की गई है।

इस दिशा में प्रथम चरण में द नेचर कंजर्वेन्सी और टेरी स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज के सहयोग से भारत के विभिन्न राज्यों में प्राकृतिक जलवायु समाधानों पर 16 राउंडटेबल्स और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार के सहयोग से दो राष्ट्रीय कार्यशालाएं भी प्रस्तावित हैं। आशा की जाती है कि ऐसे नवाचारों द्वारा उपलब्ध ज्ञान को उन लोगों तक पहुंचने में मदद मिलेगी जो इस ज्ञान का प्रयोग जमीन पर प्राकृतिक जलवायु समाधानों के क्रियान्वयन हेतु कर सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# "प्राण जाई पर वचन नहीं" के प्रेरक व ग्रामीणों के जननायक लोक देवता तेजाजी



डॉ. जे.के. गर्ग

रणबाकुरें की जन्म भूमी के लोक-नायक की जीवन-यात्रा एक नितान्त साधारण मनुष्य के रूप में शुरू हुई और वे किसी-न-किसी तरह के असाधारण घटनाक्रम में पड़ कर एक असाधारण मनुष्य और लोक देवता में रूपान्तरित हो गये। मान्यता है कि सर्पदंश से बचने के लिए वीर तेजाजी का पूजन किया जाता है। गाँव का चबूतरा वीर तेजाजी का थान कहलाता है सांप के ज़हर के तोड़ के रूप में गौ मूत्र और गोबर की राख के प्रयोग की शुरूआत सबसे पहले वीर तेजाजी माहराज ने की थी। मान्यताओं के मुताबिक जब किसी को सर्प दंश हो तो भोपे में तेजाजी की आत्मा आ जाती हैं और वह जहर चूसकर सर्प दंश से पीड़ित व्यक्ति को ठीक कर देती है। इसलिए भोपे को तेजाजी का घोड़ला भी कहा जाता है। वीर तेजाजी महराज को 'काला और बाला का देवता' साँपों का देवता, धोलियावीर एवँ गायों का मुक्तिदाता तथा कृषि कार्यों का उपकारक देवता कहा जाता है। जाट लोग भगवान शिव को तेजाजी के नाम से जानते हैं। दी इलस्ट्रेटेड वीकली आफ़ इंडिया के 28 जून 1971 के जाट विशेषांक अनुसार जाट लोगों के घरों तेजा मंदिर हुआ करते थे। अनेक शिवलिंगों में एक तेज लिंग भी होता है जिसके जाट लोग उपासक थे। वीर तेजाजी महाराज के लिये रचित लोक साहित्य को 'तेजा टेर/तेजा गीत' कहा जाता है। तेजाजी की स्मृति में 2011 पांच रुपये की डाक-टिकट जारी किया गया था। "प्राण जाये पर वचन नहीं जाए" का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले तेजाजी राजस्थान उत्तरप्रदेश मध्यप्रदेश गुजरात एवं पंजाब के भी लोक-नायक हैं। रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाये पर वचन नहीं जी का पालन करते हुए तेजा जी का बलिदान आज भी हम सभी को प्रेरणा देता है तेजाजी के निर्वाण दिवस भाद्रपद शुक्ल दशमी को प्रतिवर्ष तेजा दशमी के रूप में मनाया जाता है। भक्त तेजाजी के मन्दिरों में जाकर पूजा-अर्चना करते हैं और दूसरी मन्नतों के साथ-साथ सर्प-दंश से होने वाली मृत्यु के प्रति अभय भी प्राप्त करते हैं। किंव्दिन्तियो और लोक मान्यता के मुताबिक उन्हें भगवान शिव का ग्यारहवां अवतार माना जाता है। तेजाजी की कर्मस्थली तथा प्रमुख तीर्थस्थल बूंदी का बासी दुगारी क्षेत्र है। वीर तेजाजी माहराज का पूजन पर्व भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन तेजा दशमी के रूप में मनाया जाता है। मध्यप्रदेश और राजस्थान उत्तरप्रदेश मध्यप्रदेश पंजाब हरियाणा के गांव-गांव में तेजा दशमी मनाई जाती है। इस दिन अनेक जगहों पर तेजाजी के मंदिरों में मेले का भी आयोजन किया जाता है। वीर तेजाजी के वंशज मध्य भारत के खिलचीपुर से आकर मारवाड़ में बस गये थे। नागवंश के धवलराव अर्थात धौलाराव के नाम पर धौल्या गौत्र शुरू हुआ। तेजाजी के पूर्वज उदयराज ने मारवाड़ के खड़नाल परगने में 24 गांव पर कब्जा कर खड़नाल को अपनी राजधानी बनाया।

तेजाजी का जन्म विक्रम संवत 1130 माघ सुदी चौदस (गुरुवार 29 जनवरी 1074, अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार) के दिन खरनाल में हुआ था। उनके पिता राजस्थान में नागौर जिले के खरनाल के मुखिया ताहड़ जी थे। तेजाजी के माता और पिता भगवान शिव के उपासक थ तेजाजी माहराज का विवाह बचपन में ही पनेर गांव में रायमल जी की पुत्री पेमल के साथ पुष्कर अजमेर में हो गया था उस वक्त तेजाजी की उम्र मात्र 9 महीने थी और पेमल जी उम्र 6 महीने थी। दोनों परिवारों में अनबन हो जाने की वजह से तेजाजी उनके पेमल के साथ शादी के बारे में कई सालो तक नहीं बताया गया।

उस वक्त गावं में परंपरा थी की वर्षा होने पर कबीले के मुखिया सबसे पहले खेत में हल जोतने की शुरुआत करते थे और उसके बाद ही गावं के अन्य किसान हल जोतते थे। अपने पिता और बड़े भाई की अनुपस्तिथी के कारण तेजाजी खेतों में पहुँच कर हल चलाने लगे, काम करते करते दोपहर हो गई एवं तेजाजी भूख से परेशान होकर भोजन लेकर आने वाली अपनी भाभी का इंतजार करने लगे उनका खाना ले कर खेतो पर पहुची अपनी भूख से परेशान तेजा ने उन्हें उलाहना दिया जिस से भाभी अपना आपा खो बेठी और उन्हें तंज मारते हुए बोली अगर आपको समय पर खाना चाहिये तो तुम अपनी बीबी पेमल को उसके पीहर से क्यों नहीं ले लाते ? भाभी की बातें सुन कर तेजा को विश्वास ही नहीं हुआ कि उनकी शादी हो चुकी है और वें तिलमिलाते हुए घर आ कर माँ से पूछा मेरी शादी कहाँ कब और किसके साथ हुई? माँ ने उन्हें कहा तुम्हारा ससुराल पनेर में रायमल जी के घर है और तुम्हारी पत्नी का नाम पेमल है।

तेजा ससुराल जाने को आतुर हो गये तब तेजाजी की को उलाहना देते हुए बोली भाभी बोली अपनी दुल्हन पेमल को घर पर लाने अपनी बहन राजल को तो उसके ससुराल से ले आओ पीहर लेकर आओ और उसके यहाँ आने के बाद पेमल को लेने अपने ससुराल जाना। तेजाजी अपनी बहन राजल को लिवाने उसकी ससुराल के गांव अजमेर के पास तबीजी से ले आये तेजाजी ने अपनी माँ और भाभी से पनेर जाने की इजाजत लेकर वे एक दिन सुबह ही अपनी पत्नी पेमल को लेने के निकल पड़े अपनी ससुराल पनेर आ गये थे।

अपने ससुराल किसी बात वे पेमल के माता पिता से नाराज तेजाजी वहाँ से वापस लौटने लगे तभी ही पेमल ने अपनी सहेली लाछा गूजरी को संदेश दे कर भेजा अगर वो मुझे खरनाल नहीं ले जाएगें तो मे जहर खा कर मर जाऊंगी मैंने इतने वर्ष आपके इंतजार में निकाले है मैं आपके चरणों में रह कर आपकी सेवा करुगी। रूपवती पेमल की व्यथा देखकर तेजाजी उसे अपने साथ ले जाने को राजी हो गये और उससे बात करके अपने साथ चलने को कहा, तभी एकाएक वहां लाछां ने आकर कहा कि मेर के मेणा डाकू उनकी गायों को चुरा कर ले गए हैं, इसलिए तेजा जी आप मेरी गायों को डाकुओं से छुड़ा कर लायें। तेजाजी गायों को लाने के अपने पांचों हथियार लेकर अपनी घोडी लीलण पर सवार हुए। रास्ते में उन्हें एक इच्छाधारी काला नाग आग में जलता हुआ दिखाई दिया तेजाजी ने तुरंत अपने भाले से नाग को आग से बाहर निकाला। नाग उन्हें धन्यवाद देने बजाय क्रोधित होकर बोला क्योंकि तुम मेरी मुक्ति में बाधक बने हो इसलिए मे तुमको डसूंगा। तेजाजी बोले नागराज मरते डूबते और जलते हों को बचाना मानव का धर्म है।

तेजाजी ने प्रायश्चित स्वरूप नागराज की बात मान ली और नागराज को वापिस लौट आने का वचन देकर सुरसुरा की घाटी में पहुंचें जहाँ मंदारिया की पहाड़ियों में डाकुओं के साथ उनका भंयकर संघर्ष जिसमें तेजाजी के शरीर पर अंको गहरे घाव हो गये और वो लहूलुहान हो गये लडाई मे अनेको डाकू मारे गये इव बाकी के डाकू भाग गये। वादा पूरा करने के लिये तेजा जी नाग राज के पास जाकर उस डसने के लिय अपने को प्रस्तुत कर दिया। लहूलुहान तेजाजी देख कर नागराज बोले तेजा तुम्हारे रोम रोम से तो खून टपक रहा है, में तुम्हें कहाँ डसू। तेजाजी बोले कि मेरे हाथ की हथेली व जीभ पर कोई घाव नहीं है इसलिए आप यहाँ डसं लें। नागराज बोला तुम शूरवीर होने के साथ साथ अपने वचन के पक्के भी हो तुम्हारी सच्चाई के सामने में हार गया हूँ। में तुम्हें वरदान देता हूँ कि तुम अपने कुल के एक मात्र देवता बनोगे। आज के बाद काला सर्प का काटा हुआ कोई व्यक्ति यदि तुम्हारे नाम की तांती बांध लेगा तो उसका जहर उतर जायेगा। तेजाजी ने कहा–नागराज आपको मुझे डसंना ही होगा। आखिर तेजाजी की जिद्द से हारकर तेजाजी की जीभ पर डस लिया।

अपने जीवन का अंत नजदीक देखकर सत्यवादी तेजा जी ने पास में खडी ऊंट चराने वाले रबारी आसू देवासी को कहा भाई मेरा प्रभु के परम धाम जाने का समय आ गया है। मेरी पत्नीं पेमल को मेरा रुमाल देकर कहना कि मेरे देव भगवान शिव मुझे बुला रहे है। तेजाजी की हालत को देख कर उनकी घोड़ी लीलण की आँखों से आंसू की अविरल गंगा बहाने लगी, उसे तेजा जी ने आदेश दिया के गंगा जल से परिवार के लोग और पेमल को मेरा हाल बता देना। तेजाजी के बलिदान का समाचार सुनकर पेमल की आँखें पथरा गई उसने मां से नारियल माँगा, सौलह श्रृंगार किये, परिवार जनों से विदाई लेकर सुरसुरा (किशनगढ़ के समीप) जाकर अपने सत्यवादी पति के साथ सती होने का निश्चय कर लिया। कहते हैं कि चिता की अग्नि स्वतः ही प्रज्वलित हो गई थी लोगों ने पूछा कि सती माता तुम्हारी पूजा कब और कैसे करें तब सती पेमल ने बोला भादवा सुदी नवमी की रात्रि को तेजाजी धाम पर जागरण करना और दसमी को तेजाजी के धाम पर उनकी देवली को धौक लगाना, कच्चे दूध का भोग लगाना ऐसा करने से आप की सारी मनोकामनाये पुरी होगी।

मान्यताओं के अनुसार तेजा जी की बहिन राजल भी खरनाल के पास जोहड़ में सतीहो गई थी। भाई के पीछे सती होने का यह अनूठा एक मात्र उदाहरण है। राजल बाई का मंदिर खरनाल में गाँव के पूर्वी जोहड़ में है जिसे बांगुरी माता का मंदिर कहते हैं। तेजाजी की प्रिय घोड़ी लीलण ने भी अपना शारीर छोड़ दिया। लीलण घोड़ी का मंदिर आज भी खरनाल के तालाब के किनारे पर बना हुआ है।

डाक विभाग ने 7 सितंबर 2011 को तेजाजी के सम्मान में एक विशेष डाक टिकट जारी किया था। 25 सितम्बर 2023 सोमवार को तेजा जी के भक्त तेजा जयंती धूमधाम के साथ मनायेंगे।

**–डॉ. जे के गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक**
**कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# सभी जीवों के कल्याण में मानव मात्र का कल्याण निहित है : राज्यपाल मिश्र

**पाली,** (निसं)। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति और समाज में गुरू और गाय का स्थान अत्यंन्त महत्वपूर्ण है। गाय भारतीय संस्कुति में पूजनीय है। भारत में हमारे भगवान श्री कृष्ण और भगवान शंकर ने नन्दनि और नन्दी को महत्व

- **'भारतीय संस्कृति और समाज में गुरू और गाय का स्थान अत्यंन्त महत्वपूर्ण'**
- **पाली में रूप रजत विहार में रूप रजत विशिष्ट अथितिगृह व वाचनालय का उद्घाटन किया**

दिया है जिसमें इन गौवंश को अहम स्थान दिया गया है। राज्यपाल शनिवार को पाली में रूप रजत विहार में रूप रजत विशिष्ट अथितिगृह व वाचनालय के उद्घाटन अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी जीवों के कल्याण में मानव मात्र का कल्याण निहित है। उन्होंने उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि संत महात्माओं के चिंतन को आगे बढ़ाएं और उनके सेवा संकल्पों से समाज को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से गौ माता सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग रही है। गाय में गुणों की कोई सीमा नहीं होती है। प्राचीन काल में गुरुकुल में शिक्षार्थियों को गाय को गौ माता के रूप में ही बताया जाता था। भगवान श्री कृष्णा भी स्वयं को गोपालक कहते थे।

उन्होंने कहा कि गाय का रोम रोम दो देव तुल्य है इसलिए गौ पूजा सर्व देव पूजा है। जहां गोवर्धन संरक्षण के लिए दान दिया जाता है वह समाज उन्नित और प्रगति को प्राप्त करता है और जो व्यक्ति सेवा भाव में होता है वह कभी हिंसा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि मनुष्य बनने का अर्थ मानवीय मूल्यों से ओत प्रोत व्यक्तित्व है। मिश्र ने कहा कि सभी जीवों के कल्याण में मानव मात्र का कल्याण निहित है यही सनातन है। उन्होंने सभा में उपस्थित भामाशाहों की तारीफ करते हुए कहा कि आप सभी का योगदान समाज में अनुकरणीय है हम सभी मिलकर भारत को शिखर बनाने का संकल्प ले यही आव्हान करता हूं। उन्होंने कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन किया तथा उपस्थित भामाशाहों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर रूप रजत बिहार के अध्यक्ष नेमीचंद चोपड़ा, सज्जन राज गुलेचा, राजेंद्र जैन संपत राज लादूराम लोढ़ा सदस्यों ने राज्यपाल राज्यपाल का बहूमान किया।

इससे पहले पाली आगमन पर राज्यपाल कलराज मिश्र को हेलीपैड पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया व जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने स्वागत व आगवानी की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया, विधायक पाली ज्ञानचंद पारख, सांसद पीपी चौधरी, संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, पुलिस महानिरीक्षक राघवेंद्र सुहासा, जिला कलेक्टर नमित मेहता, जिला पुलिस अधीक्षक गगनदीप सिंह सिंगला, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन डॉ. राजेश गोयल सहित अन्य उपस्थित रहे।




राज्यपाल कलराज मिश्र ने रूप रजत विहार में वाचनालय व अथितिगृह का उद्घाटन किया।

# मोबाइल टावर लगाने का लोगों ने विरोध किया

**अजमेर,** (कासं)। वैशाली नगर, आरपीएससी अमरदीप कॉलोनी में ही रहने वाले रविन्द्र सिंह चौहान के आवासीय परिसर में लगे मोबाइल टावर का क्षेत्रवासियों ने विरोध कर प्रदर्शन किया। शनिवार को क्षेत्रवासियों ने वैशाली नगर, अमरदीप, आरपीएससी कॉलोनी में रविंद्र सिंह चौहान के मकान के बाहर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि आवासीय परिसर में निजी मोबाइल टावर लगाकर आसपास के लोगों के जीवन को खतरे में डालकर धमकाने का कार्य किया जा रहा है। यह टावर उनके निजी आवास पर कल रात अचानक रातों-रात लगा दिया गया और क्षेत्रवासियों को इसकी तक भनक नहीं लगने दी।

कॉलोनीवासियों का आरोप है कि रविंद्र सिंह चौहान से जब इसके बारे में बात की तो उसने लोगों को डराया धमकाया तथा साथ ही कहा कि यह टावर तो लगेगा, जिसमें हिम्मत है, वह इसको हटवाले ले। इस बात को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। इस बात को लेकर आरपीएससी अमरदीप कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि कलेक्टर व नगर निगम के सीईओ तथा क्षेत्रीय विधायक वासुदेव देवनानी से संपर्क किया जाएगा। टावर के विरोध प्रदर्शन के दौरान आरपीएससी अमरदीप कॉलोनी के अध्यक्ष आनंद माथुर, महामंत्री दिनेश पाराशर, राजेश्वर अरोड़ा, नरेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र भटनागर, गोपाल माथुर, मिश्रीलाल जैन, नंदलाल अनिता तथा क्षेत्र की महिलाओं ने नाराजगी जताई।

## राशिफल रविवार 24 सितम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा


भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र दिन 1:42 तक, शोभन योग सांय 6:39 तक, कौलव करण दिन 10:29 तक, चन्द्रमा आज सांय 7:18 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-धनु, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 1:42 से सूर्योदय तक तक है। आज मंगल पश्चिम में सांय 5:31 पर होगा। आज श्री हरि जयन्ती, श्री चन्द्र नवमी (उदासीन सम्प्रदाय), अःदुख नवमी, तल नवमी, सुगन्ध धूप नवमी, दशावतार जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:49 से 9:14 तक, लाभ-अमृत 9:19 से 12:19 तक, शुभ 1:49 से 3:19 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:10 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:18


### मेष

परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।


### वृष

मित्रों/रिश्तेदारों से संबंध खराब हो सकते हैं। परिवार में आपसी वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### मिथुन

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों एवं आय में प्रगति होगी।

### कर्क

व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मन का भय दूर होगा। नये-पुराने मित्रों से संपर्क बनेगा।


### सिंह

आवश्यक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। घर- परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।


### कन्या

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यक्तिगत कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### तुला

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

### वृश्चिक

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### धनु

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति ठीक रहेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### मकर

आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। मानसिक तनाव बना रहेगा।

### कुंभ

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में चल रहे आपसी वाद-विवाद समाप्त होंगे।

### मीन

महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, रविवार 24 सितम्बर, 2023



# आखिरी सप्ताह

## 30 सितम्बर को फिर से

# 5% रेट बढ़ेगी

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN

DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA

## सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

**2 साइड ओपन कोठी और फ्लैट्स | 60 एमेनिटीज**

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

पजेशन तक 50% रेट बढ़ेगी

1.5 गुना

बड़ी–बड़ी कोठी

बड़े–बड़े फ्लैट

POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप | साइज | अगस्त की रेट (NPO New Product Offer) | सितम्बर की रेट +5% | अक्टूबर की रेट +10% | नवम्बर की रेट +15% | दिसम्बर की रेट +20% | जनवरी की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800-120-2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## सार-समाचार

### विवाहिता ने टांके में कूदकर जान दी

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा में एक विवाहिता ने टांके में कूदकर सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि महिला दो दिन से मानसिक रूप से परेशान थी। घटना शनिवार सुबह 9.30 बजे की है। पुलिस निरीक्षक पुरखाराम ने बताया कि महादेव कॉलोनी निवासी संतोष (30) पत्नी मेवाराम मेघवाल पिछले दो दिन से पारिवारिक विवाद को लेकर मानसिक रूप से परेशान थी। वही सुबह 9.30 बजे संतोष घर में अकेली थी। तभी संतोष ने घर में बने पानी के टांके में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना के कुछ देर बाद परिजन घर लौटे तो संतोष को आवाज दी, लेकिन कोई आवाज नहीं आई तो परिजनों ने आसपास में उसकी तलाश की। लेकिन उसका कोई पता नही चला। जिसके बाद परिजनों ने घर के टांके में देखा तो संतोष का शव तैरता नजर आया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को टांके मे बाहर निकाल कर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को एंबुलेंस से बालोतरा के राजकीय नाहटा हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया है। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। फिलहाल घटना को लेकर किसी तरह का मामला बालोतरा पुलिस थाने में दर्ज नहीं हुआ है। परिजनों ने बताया कि संतोष दो दिन किसी बात को लेकर मानसिक रूप से परेशान थी। संतोष का पति मेवाराम मेघवाल कपडा फैक्ट्री में काम करता है। संतोष के दो लडके है।

### ग्यारह साल की मनीषा प्रथम रही

**बाप,** (निसं)।रेतीले धोरों में बसे जैसला में 11 साल की बालिका मनीषा विश्नोई योगा में पारंगत है। अपनी मेहनत व लगन के बलबुते स्मार्टफान के माध्यम से उसने योगा के सभी आसन सीखे। आज वह योगा के कई आसन बडी आसानी से कर लेती है। युवा महोत्सव में वह प्रथम रही है। जैसला गांव फलौदी जिले की घंटियाली तहसील में है। 11 वर्षीय बालिका मनीषा विश्नोई गांव के ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत हैं। परिवार खेती पर निर्भर है। मनीषा के पिता अशोक कुमार सोढा ने बताया कि योगा के साथ साथ पढने में भी बहुत रुचि रखती हैं। स्थानीय विद्यालय के अध्यापकों और इनकी स्वयं की मेहनत से यह योगा सीखी हैं। संसाधन नहीं थे तो स्मार्टफोन का उपयोग करते हुए योगा के कई आसान सीख लिये। अध्यापक सुखदेव कुमार ने बताया की ब्लॉक स्तरीय व जिला स्तरीय युवा महोत्सव में मनीषा योगा में प्रथम रही। अब राज्य स्तरीय युवा महोत्सव लिए तैयारियां की जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज पंचारिया चाखू ने बताया की ऐसी प्रतिभाओं को समाज को आगे लाना चाहिए। बीएसएफ से सेवानिवृत हवलदार जगदीश प्रसाद बिश्नोई, कैलाश चंद्र, हनुमानराम सोढा, श्रवण लिम्बा, पांचाराम सोढा, मदनलाल सोढा, कार्यवाहक प्रधानाचार्य महेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ अध्यापक महिपाल सोढा, अध्यापक हनुमान राम सिंवर व अशोक सहीराम सोढा आदि ने मनीषा को बधाई दी।

### हैंडबॉल में जालोर सुपर आठ में

**जालोर,** (निसं)। सोजित सिटी ( पाली ) में चल रही राज्य स्तरीय हैंडबॉल 14 वर्ष छात्र वर्ग की जालोर टीम ने सुपर आठ समूह में प्रवेश किया हैं। राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को जालोर का दब दबा कायम रहा। शनिवार को केकडी को जालोर ने 9 - 4 से हराया। वही ब्यावर को 10 - 4 गोल से हरा कर ग्रुप में प्रथम रहे । कपिल कुमार का शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 गोल दागे , जेठू सिंह, प्रवीण कुमार व हडमाना राम ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम प्रभारी किशन लाल सोनगरा, दल नायक नरेश बामनिया , प्रशिक्षक अंगूरी धांधल व बाबूलाल सुंदेशा, रघुनाथ विश्नोई टीम के साथ है 7 जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के संयोजक रूप सिंह राठौड नारणावास ने बताया कि सरत में आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। जालोर टीम द्वारा समूह में टॉप करने पर खिलाडियों व टीम के साथ जाने वाले को जालोर प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी श्रीराम गोदारा, जालोर प्रारंभिक प्रतियोगिता संयुक्त सचिव गणपत सिंह मण्डलावत , जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के संयोजक रूप सिंह राठौड नारणावास, माधु सिंघ सिंह वेडिया, हीरा राम सोलंकी आदि ने बधाई दी।

### मतदाता जागरुकता अभियान

**आहोर,** (निसं)। आहोर कस्बे की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर निशांत जैन के मुख्य आतिथ्य में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित चित्रकला, ड्राइंग रोल प्ले, मेंहदी, रंगोली,नारा, स्लोगन प्रतियोगिता के साथ विज्ञान मेला प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का जिला निर्वाचन अधिकारी जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित कुमार, उपखंड अधिकारी कुसुमलता चौहान, तहसीलदार हितेष त्रिवेदी व प्रधानाचार्य अंशुबाला ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में रोल प्ले के माध्यम से चुनाव संबंधी समस्त समस्याओं का समाधान व बूथ मतदान प्र या को समझाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी जैन ने प्रस्तुत कार्य म की प्रशंसा करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं का सम्मान किया। संचालन वपुअ भीखाराम डांगी ने किया। इस मौके उपप्रधानाचार्य पारसमल गर्ग आदि मौजूद रहे।

### बारिश से खेत में खड़ी फसलें बर्बाद

**बालोतरा,** (निसं)। जिले भर मे बैमोसम बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गत दिनों हुई वर्षा से फसलों को नुकसान पहुंचा है, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष महेश बी चौहान शनिवार को किसानों से मिलकर फसल खराबे को लेकर मायूस किसानों को ढाढंस बांधा और उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासान दिया, वही सरकार से अपील की है कि शीघ्र ही किसानों की फसल के नुकसान का उचित मुवावजा मिले। सक्रिय मानसून से किसानों को नुकसान हुआ है। शनिवार को भाजपा वरिष्ठ नेता महेश बी चौहान, कांतिलाल जसोल, शंकरलाल, रमेश पटेल, धुडाराम, दीपारम चौधरी ने बारिश से खराब हुई फसलों का खेतो में जाकर निरीक्षण किया। चौहान ने जागसा,बुडिवाडा, सहित आसपास ग्रामीण इलाकों से सटे गांवों का दौरा कर किसानों से खराब फसल को जानकारी ली।

### विद्यार्थियों ने गणपति जुलूस निकाला

**जालोर,** (कासं)। नर्सिंग छात्रों ने शनिवार को जालोर शहर में गणपति उत्सव को लेकर जुलुस निकाला। जिला नर्सिंग छात्र संगठन जालोर के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल ने बताया कि जिले के नर्सिंग छात्रों ने सभी लोगो के स्वस्थ स्वास्थ्य एवं उत्तम स्वास्थ्य को लेकर सभी निरोगी रहे। इसी मंगलकामनाओं के साथ शहर हॉस्पीटल चौराहे से हरिदेव जोशी सर्किल, पँचायत समिति, बस स्टैंड होते हुए सिरे मंदिर रोड़ तक गणपति उत्सव का जुलुश पुष्प वर्षा एव गुलाल उडाकर कर हर वर्ष गणपति सबके जीवन में उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करे इसी के साथ गणपति विसर्जन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नर्सिंगकर्मी गोविंद कुमार, रमेश कुमार सिंघल, महासचिव सतीश मालवीय , श्रवण मीणा, आर्यन , यशवर्धन सिंह , सोहन खण्डप , रवि कुमार यशवंत , शाहरुख, भावेश, असलम , आसिफ , समीर खोखर, सवाई सिंह ,राजू , खुशी , सैय्यद नाहिदा, अल्खा, सिमरन , योगिता, दीपिका, मनीषा, फैंसी , कुमकुम कमलेश , कैलाश सहित समस्त नर्सिंग छात्र छात्राए मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद् का गठन

**बाप,** (निसं)। बाप पंचायत समिति के सभागार में शनिवार को पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बाप तहसील अध्यक्ष की घोषणा की गई। पूर्व सैनिक सांगसिंह भाटी ने बताया की कर्नल विजयेंद्र सिंह महला व सूबेदार खेतसिंह की उपस्थिति में सिडा निवासी एलआर विश्नोई को बाप तहसील अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। विश्नोई जल्द ही बाप तहसील कार्यकारणी का गठन करेंगे। नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष विग कमांडर एलआर विश्नोई का माला व साफा पहना अभिनन्दन भी किया गया। इस असवर पर सूबेदार खेतसिंह, सांगसिंह भाटी, सूबेदार टीकुराम, लखसिंह भाटी, नारायण मेहरा, हवलदार भगवाना राम, गणपतराम सारण, सिपाही मोहमद खां, नायक हरिसिंह सिडा, सार्जेंट माणक राम विश्नोई, नायक हजारीराम विश्नोई, सूबेदार मेजर पीआर विश्नोई आदि मौजूद रहे।

### पार्श्वनाथ मंदिर में गुरूपूजन किया

**जोधपुर,** (कासं) । साध्वीअरूणप्रभा श्रीजी, सम्यकप्रभा श्रीजी व साध्वी शरदप्रभा श्री जी की निश्रा में खेरादियों का बास स्थित राजेन्द्र भवन स्थित अवंती पार्श्वनाथ मंदिर में गुरुपूजन का आयोजन किया गया। त्रिस्तुतिक संघ अध्यक्ष पारसराज पोरवाल ने बताया कि स्वामीवात्सल्य का आयोजन रविवार को ओसवाल कम्युनिटी सेंटर में रखा गया है। संघ उपाध्यक्ष महेन्द्र सुराणा ने बताया कि लाभार्थी परिवार का श्री संघ बहुमान करेगा।

# पाली में राज्यपाल ने मेजर शेखावत को श्रद्धांजलि दी

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिला मुख्यालय पर स्थित हाईफा हीरो सर्किल पर मेजर दलपत सिंह शेखावत का 105वां बलिदान दिवस रावणा राजपूत समाज द्वारा पाली शहर अध्यक्ष उगम सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र, पाली सांसद पीपी चौधरी,पाली विधायक ज्ञानचंद पारख,पाली नगर परिषद् सभापति रेखा राकेश भाटी,भाजपा नेता महेंद्र बोहरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

इस दौरान मेजर दलपत सिंह देवली की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद मेजर साहब के नारों ने पूरा चौराहा गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रविंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मेजर दलपत सिंह देवली पूरे भारत के गौरव के रूप में माने जाते हैं। उन्होंने 105 वर्ष पूर्व अल्पायु में ही अदम्य साहस का परिचय देते हुए आधुनिक हथियारों से लैस तुर्क सेना का सामना तलवारों से करते हुए इजराइल के हाइफा शहर को आजाद करवाया था।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष खीम सिंह भाटी ने बताया की मेजर दलपत सिंह के शौर्य को आज भी इजराइल की पाठ्यपुस्तको में पढ़ाया जाता हैं। इजराइल की सेना 23 सितम्बर को हाइफा डे के रूप में मनाते हुए मेजर दलपत सिंह को याद करती हैं। मरणोपरांत मेजर दलपत सिंह देवली को इजराइल का सर्वोच्च सम्मान मिलिट्री क्रॉस से नवाजा गया। वहीं भारत के संसद भवन के आगे स्थित त्रिमूर्ति में एक मूर्ति मेजर दलपत सिंह की है, जो उनके शौर्य की गाथा बयां करती है।

जगदीश सिंह चौहान बर ने कहा की रावणा राजपूत समाज का इतिहास गौरवमय गाथाओं से भरा हुआ हैं। मेजर दलपत सिंह शेखावत के नेतृत्व वाली सेना की टुकड़ी के सामने तुर्क और जर्मनी सेना महज एक घंटे में परास्त हो गई थी।

जितेन्द्र सिंह खिंवाड़ा ने बताया की आज रावणा राजपूत समाज की राजनीतिक पार्टियों द्वारा नजरंदाज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। समाज की पूरे प्रदेश में करीब 60 लाख की आबादी है। पाली विधानसभा में 30 से 35 हजार मतदाता हैं, जो लोकतंत्र में बहुत बड़ी ताकत रखता हैं। इस दौरान कार्यक्रम में गोविन्द सिंह चौहान, मदन सिंह चौहान,मनोहर सिंह चोटिला,महेंद्र सिंह खिंवाड़ा,मनोहर सिंह गौड़, कालू सिंह राठौड़,विजय सिंह जसोल, नवीन सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह मारवाड़, देवेन्द्र सिंह जोधपुर सहित सैकड़ों रावणा राजपूत समाज बंधुओं ने भाग लिया।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण

**जालोर,** (कासं)। पर्यावरण संरक्षण को लेकर राजसुगम सेवा संस्थान की ओर से शनिवार को जालोर में रणछोड नगर रोड स्थित एक मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने अपने हाथों से पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान इमली करंज गुलमोहर बादाम शीशम के अलावा फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। राजसुगम सेवा संस्थान की सचिव रविना कुमारी ने बताया कि संस्थान की ओर से समय.समय पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया जाता है। साथ ही पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया जाता है। संस्थान के प्रेरक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक भरत कुमार मेघवाल ने कहा कि बढते औद्योगिकरण के करण एवं पेडों की अंधाधुन कटाई के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड रहा है। ऐसे में हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए एवं पेड बनने तक उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस दौरान दिनेश डाबी शांतिलाल हरिराम आदि लोग मौजूद रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**गुड़ामालानी के महात्मा गांधी इंग्लिश विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह कुंवर सुरेन्द्र सिंह राठौड,उपखंड अधिकारी रामजी भाई कलबी, सरपंच अनुराधा शर्मा के आतिथ्य में आयोजित हुआ।**

**गुड़ामालानी,** (निसं)। मुख्यालय पर स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश विद्यालय परिसर में 67 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि कुंवर सुरेन्द्र सिंह राठौड,उपखंड अधिकारी रामजी भाई कलबी,तहसीलदार विकास कुमार सारण, सरपंच अनुराधा शर्मा,सीबीईओ ओमप्रकाश कडवासरा,प्रधानाचार्य शम्भूदान चारण,पंचायत समिति सदस्य कांतिलाल सोनी,नाथाराम सारण, सरपंच जवानाराम चौधरी, पुर्व सरपंच दिनेश पी शर्मा, खुमाराम बैरड,पारसमल मालू, रमेशलाल जोशी, मिश्रीमल पुरोहित,भरत जैन के निर्देशन में आयोजित हुआ । खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाली टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजक सचिव खेमराज नागल ने बताया कि खेल प्रतियोगिता चार दिन चली। भामाशाहों के द्वारा पुरस्कार सहित कई व्यवस्थाओं को लेकर योगदान दिया गया। सभी भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यापक भंवराराम गौड के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि गणेशाराम चौधरी, वीरमाराम चौधरी, शारीरिक शिक्षक मोहनलाल गोयल, उदयराज गोदारा,रमेश कुमार पुरोहित, हिमाशु जोशी,ओम प्रकाश सोनी, मोक्षसुधा जोशी,सुनिता शर्मा, तुलसी विश्नोई,सोनू कंवर, ममता, प्रवीणा, रेखा जोशी,सुनैना सहित शारीरिक शिक्षक एवं टीमों के निर्णायक तथा गांव के लोग उपस्थित रहे।

# आदर्श के मुक्केबाज रवाना



**बाल वर्ग में योगेश सोनी, उत्कर्ष मिश्रा किशोर वर्ग में राजवीर सिंह,जयदीप व किशोर वर्ग में कार्तिक लखारा 23 से 25 सितम्बर तक होने वाली मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए जयपुर रवाना हुए।**

**जालोर,** (कासं)। आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के मुक्केबाज जयपुर में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए शुक्रवार देर शाम को रवाना हुए।

प्राप्त जजानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाचार्य नितीन ठाकुर ने बताया कि बाल वर्ग में योगेश सोनी, उत्कर्ष मिश्रा किशोर वर्ग में राजवीर सिंह,जयदीप व किशोर वर्ग में कार्तिक लखारा टीम प्रभारी ओमसिंह व टीम कोच कन्हैयालाल मिश्रा के साथ 23 से 25 सितम्बर तक आयोजित होने वाली क्षेत्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए।

इस दौरान विद्यालय कि अध्यापिका प्रियंका मिश्रा व शोभा लखारा सहित अभिभावक मौजूद थे।

## पद यात्रा के बैनर का विमोचन

**जोधपुर,** (कासं) । भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समर्थक उन्हें वापस मुख्यमंत्री बनाने की कामना को लेकर पाल बालाजी पदयात्रा निकालेंगे।

251 किलो का प्रसाद का भोग पाल बालाजी को लगाएंगे। ये समर्थक सोजती गेट स्थित गणेश मंदिर से पाल बालाजी तक की पदयात्रा करेंगे। इस पदयात्रा के बैनर का विमोचन आज किया गया।

आयोजनकर्ता जुगल पंवार व मीडिया प्रभारी मनोज डगला ने बताया 26 सितंबर को शामचार बजे राजे समर्थक सोजती गेट गणेश मंदिर से ध्वजा की पूजा अर्चना कर रवाना होंगे। यहां से जालोरी गेट, शनिचरजी का थान, बारहवीं रोड़ होते हुए पाल बालाजी मंदिर तक पद यात्रा कर बालाजी से राजे को वापस मुख्यमंत्री बनाने की कामना करेंगे।

गौरव सैनिक भीयाराम माचरा ने बताया कि यात्रा अनुशासित तरीके से निकलें इस बात का सभी कार्यकर्ता विशेष ध्यान रखेंगे।

# कंप्यूटर एवं इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स शुरू

**जालोर,** (कासं)। रोटरी क्लब जालोर के तत्वावधान में शनिवार को नेशनल डॉटर्स डे के उपलक्ष्य में इंटरनेट कनेक्शन और सॉफ्टवेर इंस्टालेशन के साथ नि:शुल्क फीमेल ई-लिटरेसी सेंटर के पहले बैच की शुरुआत की गयी। शुरुआत में दो बैच की 50 बालिकाओं को 90 दिवस का नि:शुल्क कंप्यूटर एवं इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स करवाया जाएगा।

अध्यक्ष डॉ.पवन ओझा ने कहा कि प्रत्येक समाज को तभी विकसित माना जाता है, यदि समुदाय में बेटियों और महिलाओं की स्थिति स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक रूप से बेहतर है विशेष रूप से दुनिया में कोविड युग के बाद डिजिटल शिक्षा प्रणाली और ई-साक्षरता की जानकारी होना हर बेटी के लिए जरूरी है। जालोर भारतमें महिलाओं की सबसे कम साक्षरता दर वाला सबसे पिछडा जिला है।कम सामाजिक आर्थिक स्तर की बेटियों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कंप्यूटर शिक्षा सीखने के लिए,कैरियर उन्मुख ई-लर्निंग एवं दैनिक जीवन में मोबाइल एवं अन्य गैजेट्स का उपयोग जैसी सुविधाओं की जानकारी प्राप्तकरने के लिए ई-साक्षरता केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता थी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आर आई एल एम एडल्ट लिटरेसी प्रोग्राम के तहत रोटरी क्लब जालोर ने इस मिशन की शुरुआत की हैं। जालोर विकास समिति के सचिव और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3055 के आगामी प्रांतपाल मोहन पाराशर ने सभीबेटियों को राष्ट्रीय बेटी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एच पी सी एल मित्तल पाइपलाइन्स के सीएस आर प्रोजेक्ट के तहत जालोर विकास समिति के सयुँक्त तत्वावधान में फीमेल ई-लिटरेसी सेंटर की स्थापना की गयी थी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हमारा लक्ष्य लगभग 1500 बेटियों और महिलाओं को कैरियर उन्मुख पाठयक्रम के साथ डिजिटल साक्षर बनाने का हैं। संयोजक इन्दु गोयल ने कहा कि बेटियों की चाह कम होने के वजह से ही भ्रूण हत्या के मामले होते हैं। बेटियों को बचाने, उज्जवल भविष्य के लिए सितंबर के चौथे रविवार को नेशनल डॉटर्स डे मनाया जाता है। पूर्व अध्यक्ष सपना बजाज ने बताया कि यह दिन इस बात की याद दिलाता है कि बेटियां कितनी जरुरी हैं, जहां बेटियों को लंबे समय से बोझ समझा जाता है। ऐसे में नेशनल डॉटर्स डे बेटी-बेटे में हो रहे भेदभाव को खत्म करने और बेटियों को सम्मान दिलाने के लिए यह दिन बेटियों के सम्मान में मनाया जाता है।

## राष्ट्रकवि दिनकर को याद किया

**जोधपुर,** (कासं) । उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर रेल पखवाड़े के अंर्तगत शनिवार को हिंदी के राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर उन्हें याद किया गया। रेलवे स्टेशन पर आयोजित राजभाषा समारोह में स्टेशन निदेशक ललित शर्मा ने स्टेशन पर स्थित सभी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आग्रह किया।

राजभाषा अधिकारी शिवचरण बैरवा ने हिंदी के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर उनकी जीवनी व काव्यों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में स्टेशन मास्टर ब्रह्मानंद शर्मा ने दिनकर रचित कृष्ण की चेतावनी कविता का वाचन किया। अंत में राजभाषा अधिकारी शिवचरण बैरवा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। हर पटरी साफ सुथरी अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे द्वारा 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वचछता पखवाडा है। जिसमें विभिन्न स्टेशनों पर और भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठानों में स्वच्छता विषय पर सेमिनार आदि कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागृत किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आज स्वच्छ कार्यालय, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ रेलवे आवासीय कॉलोनी अभियान के तहत मंड़ल कार्यालय, कॉलोनियों, रिटायरिंग रूम/वेटिंग हॉल, विश्राम गृहों, शयनगृहों आदि में सफाई की गई।

## सार-समाचार

### बलिदान दिवस मनाया

**जोधपुर,** (कासं) । हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत के 105वें शहादत दिवस को रावणा राजपूत समाज की ओर से बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इसको लेकर शनिवार को जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान में शौर्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से समाज के लोग एकजुट हुए। समाज के वक्ताओं ने सरकार से वर्मा और रोहिणी आयोग की रिपोर्ट लागू कर अलग से 5 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की है।वक्ताओं ने हाइफ़ा हीरो दलपत सिंह की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की भी मांग की। महेंद्र सिंह ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की। सरकार से कहा ज़िला स्तर पर आवासीय विद्यालय खोला जाना चाहिए। गांवों में शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाने के लिए सरकार इस मांग पर ध्यान दें। राजस्थान के अंदर समाज को एक नाम रावणा राजपूत समाज नाम से जाना जाए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर आनंदपाल के भाई मंजीत पाल सिंह और बेटी भी पहुंचे। मंजीत पाल सिंह मंच पर नहीं गए, मंच के बजाय नीचे ज़मीन पर बैठे। सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए सुबह से ही समाज के लोगों के आने का सिलिसला शुरू हो गया। वक्ताओं ने मेजर दलपत सिंह देवली के नाम से गठित बोर्ड में जल्द नियुक्तियां देने की मांग की हैं। सम्मेलन में राजस्थान के अलावा बाहर से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं। कार्यक्रम सह संयोजक मनोज कुमार परिहार ने बताया सम्मेलन में करीब 35 हजार लोग हिस्सा ले रहे हैं।सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए महिलाएं भी पहुंची है। अलग अलग डोम में बैठने की व्यवस्था की गई है। सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए महिलाएं भी पहुंची है। अलग अलग डोम में बैठने की व्यवस्था की गई है।

### सेम्फोर्ड स्कूल विजेता बना

**जालोर,** (निसं)। 67वी जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग, राइफल शूटिंग व प्रतियोगिता का समापन शनिवार शेम्फोर्ड स्कूल में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विनोद सिन्हा थे व विशिष्ट अतिथि दलपत सिंह आर्य प्रेसिडेंट बॉक्सिंग एसोसिएशन जालोर, रूप सिंह राठौड नारणवास व भगवत सिंह राठौड थे जबकि अध्यक्षता शेमफॉर्ड स्कूल के प्रिंसिपल यासर अराफात ने की । रोलर स्केटिंग छात्र व छात्रा दोनों ही वर्गों में सेम्फोर्ड स्कूल ने चैम्पियनशिप जीती । विजेता खिलाडियों को अतिथियों द्वारा खिलाडियों को मेडल पहना कर व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल अतिआवश्यक है। खेलो से खिलाडियों सर्वांगीण विकास होता हैं। खिलाडी को हमेशा नियमित रूप से खेल खेलना चाहिए। प्रधानाध्यापक यासर अराफात ने प्रतियोगिता का परिचय दिया। निर्णायक मंडल में महावीर सिंह मेडतिया,प्रदीप सिंह सामूजा, रूप सिंह राठौड नारणावास ,संजय सिंह सरेचा, ममता चौधरी,नरेश आंवला,प्रीतम सिंह,वृजेश कुमार कॉर्डिनेटर हितेश संचेती थे। स्कूल शारीरिक अध्यापक विजेश कुमार ,मंच का संचालक खम्मा प्रजापत व विनीता खिमानी ने किया। प्रतियोगिता में रोलर स्केटिंग, राइफल शूटिंग व साइकलिंग की 15 टीमों के 107 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राइफल शूटिंग छात्र व छात्रा दोनों ही वर्गों में सेंटपोल स्कूल ने चैम्पियंनशिप जीती वही साइकलिंग छात्र वर्ग में सेंटपाल व छात्रा वर्ग में लालपोल जालोर ने चैम्पियनशिप जीती।

### शनि धाम पैदल यात्रा निकाली

**पाली,** (नि.सं.)। शनि देव के दर्शनाथ हर वर्ष के प्रति इस बार भी धोला चौतरा कुमारो का बस स्थित इच्छापूर्ति बालाजी मंदिर से शनिवार सुबह 9:00 बजे शनि धाम के लिए पैदल संघ चला। नासिक ढोल के साथ शनि भगवान के जयकरें लगाते हुए हाथों में काले झंडे लिए हुए पैदल संग रवाना होकर करणी माता मंदिर, बजरंग बाग के दर्शन कर काला गोरा भेरू के दर्शन कर 72 फीट बालाजी होते हुए शनि धाम पहुंचा। पैदल संघ के साथ सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे। भक्तों ने शनि शिला पर तेल अभिषेक कर आरती कर प्रसाद का वितरण किया। पैदल संघ के आयोजक लक्ष्मण डूंगरी, रतन प्रजापत, चंपालाल प्रजापत, चेतन सेन भंवर राव, लक्ष्मण कुमावत रवि किशन राव और प्रसाद के लाभार्थी रमेश सोनी थे।

### शिवसेना रानीवाड़ा की कार्यकारिणी

**जालोर,** (कासं)। शिव सेना के संभाग प्रभारी वरदसिंह वालेरा व जिला प्रमुख जालोर रूपराज पुरोहित ने शनिवार को शिव सेना रानीवाडा तहसील की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। शिव सेना रानीवाडा कार्यकारिणी में राजुराम राजपुरोहित (सेवाडा) शिवसेना रानीवाडा तहसील प्रमुख, रूपाजी पुरोहित (गोलवाडा) शिवसेना तहसील उपप्रमुख, जितेन्द्र कुमार जीनगर (रानीवाडा)शिवसेना तहसील उपप्रमुख, पदमाराम राजगुरू उपसरपंच (सेवाडा) शिवसेना तहसील कोषाध्यक्ष, रंगीलाभाई मेघवाल (करडा) शिवसेना तहसील सचिव, महेश कुमार पुरोहित (वडेढा ) शिवसेना तहसील सहसचिव, वागनाथ मंहत (रानीवाडा) शिवसेना तहसील प्रवक्ता, शेरसिंह (सेवाडा) शिवसेना तहसील संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। सदस्य दरगाराम पुरोहित, पुनमाराम, करताराम व नरपतसिंह बनाया गया।


### चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**जालोर,** (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता में नरेश कुमार (बी.ए. प्रथम वर्ष) प्रथम, रवीना सोनी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) द्वितीय तथा प्रिती सांखला (बी.ए.सी. द्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहे। स्वीप प्रभारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने मतदान के महत्त्व पर प्रकाश डाला। संकाय सदस्य प्रताप सिंह राठौड, डॉ. मनीष शेखावत आदि उपस्थित रहे।

### फरजाना प्रथम स्थान पर रही

**बाप,** (निसं)। 67वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के 11 वर्ष आयु वर्ग में 5० मीटर दौड प्रतियोगिता में स्थानीय विद्या सागर विद्यालय की छात्रा फरजाना ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय संचालक राजेश कुमार पालीवाल ने बताया कि इस छात्रा की उपलब्धी पर ग्रामीणों सहित विद्यालय परिवार ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी।

# विज्ञान प्रदर्शनी लगाई



**जालोर के सुबोध विद्या मंदिर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। सुबोध विद्या मन्दिर उ.मा. विद्यालय जालोर में शनिवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि श्री खिमसिंह प्रधानाचार्य रा उ मा विद्यालय शहरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना प्रधानाचार्य रा उ मा वि गौडीजी एवं विशिष्ठ अतिथि भैराराम चौधरी द्वारा की गई। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय में अध्यन्नरत कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों द्वारा भारत कि वैज्ञानिक उपलब्धि चन्द्रयान तीन पर्यावरण प्रदूषण, जैविक कृषि, सौर ऊर्जा, सिंचाई, इलेक्ट्रोनिक पेट्रोल पम्प जैसे अनेकों प्रारूप (मॉडल) प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिमसिंह राठौड ने विज्ञान के सहारे वर्तमान नवीन उपलब्धीयों को प्रमुखता से अपनाने को कहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष अर्चना ने विद्यार्थीयों को आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने को कहा। विद्यालय के निदेशक तेनसिंह परमार ने अतिथियों का माल्यापर्ण कर स्वागत किया एवं धन्यवाद दिया।

विज्ञान प्रदर्शनी के अवलोकनार्थ जिला महामंत्री भाजपा भूरसिंह, डॉ बाबूलाल चौधरी, ओमप्रकाश दहिया मारवाडी न्यूज एवं विद्यालय में अध्यन्नरत विद्यार्थीयों के माता पिता उपस्थित रहें। विज्ञान प्रश्नोतरी विषय सीनियर वर्ग में सोहिल अशोक एवं जुनियर वर्ग में सतीश तम्मना प्रथम स्थान पर रहे। विज्ञान प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग में कृष्णपाल अभिनव खेतेन्द्र प्रथम अभिषेक कुमार द्वितीय साक्षी तृतीय स्थान में रहें। जुनियर वर्ग में पूजा प्रथम सोनुराजसिंह द्वितीय रेहान तृतीय स्थान पर रहा। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के 358 विद्यार्थीयों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थीयों के लिए भामाशाह भैराराम चौधरी द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की गई। विज्ञान वर्ग प्रभारी गेवाराम चौधरी विज्ञान प्रदर्शनी प्रभारी निर्मल चौधरी व्याख्याता नेकराम ओझा सीमा खत्री कैलाश कुमार वर्मा, प्रवीण लखारा रेखा सांखला, ललित खत्री शैलेष खत्री, किरण कुमार निकेश कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 18 संख्याः 168 प्रभात जालोर, रविवार 24 सितम्बर, 2023 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रु.

# 'अगर अमेरिका को दो दोस्तों में से एक को चुनना पड़ा तो हम भारत को चुनेंगे'

## इन्टैलिजैंस प्रोफेशनल एवं पूर्व पैन्टागन अधिकारी माइक रूबिन ने यह दावा करते हुए कहा कि, जस्टिन टूडो ने भारी गलती कर दी है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। कैनडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने लगातार यह दावा किया है कि उनके पास आतंकवादी हरदीप सिंह निज्झर कथित की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता का "विश्वसनीय साक्ष्य" है, लेकिन निज्झर की मौत और भारत सरकार के बीच के किसी संबंध को लेकर टूडो ने कोई पुख्ता सबूत अब तक उपलब्ध नहीं करवाए हैं।

तथापि, इस विवाद के दौरान सामने आए कुछ रहस्योद्घाटन यह संदेह अवश्य पैदा कर रहे है कि इन्टैलीजैंस शेयरिंग के "फाइव आईज़" समझौते के तहत भारतीय राजनयिकों पर नज़र रखी जा रही थी। कई देशों की गुप्तचर एसेंसियां भारतीय राजनयिकों पर इलैक्ट्रॉनिक निगरानी रख रही थीं। अमेरिका ने इस बात की पुष्टि की है कि पांच देशों के "स्पाई नैटवर्क" के बीच इन्टैलीजैंस शेयरिंग थीं। कैनडा में अमेरिका के राजदूत ने भी इन्टैलीजैंस शेयरिंग की पुष्टि की है।

- रूबिन ने कहा कि, कैनडा के प्रधानमंत्री ने ऐसे आरोप लगाए हैं, जिन्हें वे साबित नहीं कर सकते हैं।
- रूबिन ने कहा कि, अमेरिका की सुरक्षा कम्युनिटी और कैनडा का भी एक वर्ग मानता है कि, टूडो हद से आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि, पांच देशों के इन्टैलिजैंस शेयरिंग एग्रीमैंट "फाइव आइज़" के तहत भारतीय डिप्लोमैट्स की स्नूपिंग करना और फोन वार्ता के आधार पर ऐसा आरोप लगाना सही नहीं है।
- रूबिन ने कहा कि, उल्टे टूडो सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि, वह निज्झर जैसे आतंकवादी को क्यों पनाह दिए हुए थी।
- टूडो ने फाइव आइज़ के सदस्य देशों से भारत की आलोचना करने की अपील की है, पर अभी तक किसी ने भी ऐसा नहीं किया है।

गुप्तचर पेशेवर एवं पैंटागन के पूर्व अधिकारी माइक रूबिन, जो कि अब अमेरिका की दक्षिणपंथी संस्था अमेरिकन एंटरप्राइज़ेज इंस्टीट्यूट के साथ हैं, ने आज यह कहकर टूडो की आलोचना की कि वह अपनी हद से ज्यादा आगे निकल गए हैं।

रूबिन का यह कहना है कि आपसी बातचीत की जासूसी जैसी गुप्तचर जानकारियां प्रायः पुख्ता नहीं होती हैं और इनकी सटीक व्याख्या नहीं की जा सकती। ये बातचीत इस संदेह को जन्म देती है कि अधिकारियों के बीच कुछ साधारण बातें हुईं जिन्हें शायद सरकार की कार्रवाई के बतौर देखा गया।

रूबिन के एक वीडियो साक्षात्कार में कहा है कि "मैं समझता हूं, प्रधानमंत्री टूडो ने एक भारी ग़लती की है। उन्होंने कुछ इस तरह से आरोप लगाए हैं कि वह उन्हें साबित नहीं कर पाए हैं। वह शायद बिना विचारे ही अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे और सरकार के खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए उनके पास कोई साक्ष्य भी नहीं है।

माइक रूबिन ने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए कहा कि कैनडा की गुप्तचर एजेंसी के कुछ लोगों के साथ ही अमेरिका की "सिक्योरिटी कम्युनिटी" का मानना है कि जस्टिन टूडो अपनी हद से काफी आगे निकल गए हैं और यदि अमेरिका को दो मित्रों के बीच में से एक का चयन करना हा तो "हम भारत को चुनेंगे क्योंकि उसके साथ हमारा संबंध काफी महत्वपूर्ण है।"

माइक रूबिन ने हालांकि स्पष्ट रूप से यह माना कि कैनडा और भारत के बीच की लड़ाई एक चींटी और हाथी के बची जैसी है। भारत सामरिक रूप से इतना महत्वपूर्ण है कि उसे अलग नहीं किया जा सकता। निज्झर किसी भी सूरत

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## प्र.मंत्री 9 वंदे भारत रेलें शुरू करेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। प्रधानमंत्री मोदी वंदे भारत एक्सप्रैस की नौ ट्रेन्स को रविवार को हरी झण्डी दिखाएंगे। इस ट्रेन्स को शुरु करने का उद्देश्य 11 राज्यों में कनैक्टिविटी

- इनमें से एक उदयपुर से जयपुर के बीच चलाई जाएगी।

बढ़ाना और यहां के रूट्स पर सबसे तेज गति की ट्रेन्स चलाना है, ताकि यात्रियों के समय की बचत हो सके।

ये ट्रेन्स पुरी, मदुरै और तिरुपति जैसे धार्मिक स्थलों के लिए कनैक्टिविटी उपलब्ध करवाएंगी।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## दिल्ली में भारी बारिश

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। देश की राजधानी में शनिवार दोपहर आंधी और तूफान के साथ भारी बारिश हुई और कई

- तेज हवाओं के साथ हुई भारी बारिश ने दिल्ली वालों को उमस और गर्मी से राहत दी।

जगहों पर पानी भर गया। यद्यपि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत तापमान से 3 डिग्री अधिक था। दिल्ली

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# प्रोटोकॉल भूले डोटासरा, राहुल गांधी से पहले भाषण के लिए खड़गे को बुलाया

## राहुल गांधी ने बात संभाली, उन्होंने वेणुगोपाल को बुलाकर समझाया और फिर खड़गे से पहले भाषण देने आए

जयपुर 23 सितंबर (का.प्र.)। मानसरोवर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की सभा में नेताओं के बीच सामंजस्य की कमी नज़र आई। वहीं, मंच से संबोधन के मामले में भी गफलत हुई और इसका असर यह हुआ कि राहुल गांधी को संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल को अपने पास बुलाकर समझाना पड़ा।

सबसे बड़ी सामंजस्य की कमी तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा में नजर आई, उन्होंने बिना प्रोटोकॉल का पालन किए राहुल गांधी से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम संबोधन के लिए ले लिया और यह भी नहीं देखा कि, पोडियम पर राहुल गांधी खुद आ चुके हैं। इस पर राहुल गांधी वापस जाकर बैठ गए और खड़गे खड़े हो गए। लेकिन, फिर प्रोटोकॉल को देखते हुए खुद राहुल गांधी ने बात संभाली और अध्यक्ष से पहले भाषण देने आए।

मंच की समस्या यहीं तक सीमित नहीं थी। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के आने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जब अपनी बात कह रहे थे इस दौरान राहुल गांधी ने संगठन महासचिव के.सी.

- राहुल गांधी ने वेणुगोपाल से कह कर सचिन पायलट को भाषण देने के लिए बुलवाया।
- सभा के दौरान भारी अव्यवस्था और तालमेल का अभाव नज़र आया, किसी को नहीं पता था कि, कब किसका भाषण होना है।
- हरीश चौधरी, मोहन प्रकाश व डॉ. सी.पी. जोशी जैसे वरिष्ठ नेताओं के भाषण नहीं हो सके।
- सभा स्थल पर पानी तक की व्यवस्था नहीं थी, कई नेता और वी.आई.पी. पानी के लिए इशारा करते देखे गए।

वेणुगोपाल को अपने पास बुलाया और जानना चाहा कि, अब किसका संबोधन होना है। इस पर वेणुगोपाल अपने पास बैठे प्रभारी सुखजिंदर रंधावा से कुछ कहते नज़र आए और उसके बाद सुखजिंदर रंधावा ने सह प्रभारी अमृता धवन को बुलाकर कुछ कहा। इस दौरान नेता कई बार इस कुर्सी से उसे कुर्सी तक आते-जाते रहे। इससे ऐसा लग रहा था कि, संबोधन के क्रम में कहीं ना कहीं कोई गड़बड़ जरूर है। इसके बाद इशारा करके राहुल गांधी ने के.सी. वेणुगोपाल से कुछ कहा और उन्होंने इशारा करके सचिन पायलट को संबोधन के लिए बुलवाया। सचिन पायलट के बाद भंवर जितेंद्र सिंह और आदिवासी नेता महेंद्रजीत मालवीया का संबोधन करवाया गया। जबकि हरीश चौधरी, मोहन प्रकाश और डॉ सीपी जोशी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों का संबोधन नहीं हुआ।

इतना ही नहीं, सभा के दौरान अव्यवस्थाएं भी बहुत ज्यादा थीं। भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए कहीं भी पानी की व्यवस्था नहीं की गई थी। सुबह 10 बजे से आए मीडिया कर्मियों को दोपहर 2:30 बजे तक जबरदस्त परेशानी का सामना करना पड़ा, और कई बार कहने के बावजूद पानी उपलब्ध नहीं हुआ। सिर्फ मीडिया कर्मी ही परेशान नज़र नहीं थे, फ्रंट सीटों पर बैठे

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# वसंधुरा राजे ने अपने निवास पर रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित किया

## भाजपा महिला मोर्चा के नारी शक्ति वंदन बिल के आभार जताने के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई राजे

जयपुर, 23 सितम्बर (कासं)। "नारी शक्ति वंदन" अधिनियम पारित होने पर भाजपा महिला मोर्चा ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी के साथ दिल्ली में संसद भवन जाकर

- राजे ने भाजपा के अधिकृत कार्यक्रमों से दूरी बना रखी है, जो राजनैतिक हलकों में चर्चा का बिषय बनी हुई है।
- राजे शुरू में तो परिवर्तन यात्रा में शामिल हुई थीं, पर अब वे कहीं भी सभा को संबोधित करने नहीं जा रही हैं।

केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर इस बिल पर धन्यवाद दिया।

शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में महिला मोर्चा की ओर से आतिशबाजी के साथ उत्सव मनाया गया। इन दोनों कार्यक्रमों से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपनी दूरी बनाई लेकिन शनिवार को उनके निवास स्थान पर रक्षासूत्र (राखी) कार्यक्रम हुआ, जिसमें काफी महिलाओं को बुलाया गया। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में आज काफी चर्चा रही। पूर्व मुख्यमंत्री राजे परिवर्तन यात्रा में तो शामिल हुईं लेकिन बाद में अन्य किसी भी जगह पर सभा को संबोधित करने नहीं पहुंचीं। इसके पीछे कई कारण माने जा रहे हैं।

रक्षासूत्र कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने कहा कि, महाभारत में कृष्ण की उँगली कट गई तो द्रौपदी ने साड़ी फाड़कर कृष्ण की उँगली पर बांधी। कृष्ण ने कौरवों से द्रौपदी की रक्षा की। मैं भी कृष्ण की प्रेरणा से आपकी सेवा करूँगी और हर राजस्थानी के हक़ के लिए लड़ती रहूँगी।

कार्यक्रम में वसुन्धरा राजे ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए पी.एम. नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए

( शेष पृष्ठ 7 पर )




## आरक्षण के लिए 2039 तक इंतजार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनाटे ने शनिवार को कहा कि महिलाएं, जो भारत की आज़ादी का आधा हिस्सा हैं, आरक्षण के मुद्दे पर स्वयं को ठगा-सा महसूस कर रही हैं।

उन्होंने यहाँ एक प्रेस कॉन्फ्रैंस में

- कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि, केन्द्र सरकार ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर जल्दबाजी में बिल लाकर महिलाओं के साथ धोखा किया है, क्योंकि यह बिल 2039 से पहले लागू होने वाला नहीं है।

कहा कि "महिला आरक्षण देश की आधी आबादी की राजनैतिक भागीदारी एवं सशक्तीकरण के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण माध्यम है।"

उन्होंने कहा, "महिला आरक्षण

( शेष पृष्ठ 7 पर )




# अब इंदिरा गांधी मैमोरियल पर है भाजपा की नज़र

## इससे पहले भाजपा सरकार नेहरू मैमोरियल म्यूज़ियम का नाम बदलकर "मैमोरियल फॉर ऑल प्राइम मिनिस्टर्स" कर चुकी है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। नेहरू मैमोरियल म्यूज़ियम एण्ड लाइब्रेरी सोसायटी का नाम बदलकर, उसे "मैमोरियल फॉर ऑल प्राइम मिनिस्टर्स" नाम दिये जाने के बाद, भाजपा की नज़र अब 1, सफदरजंग रोड को वापस लेने पर टिकी है, जो इस समय स्व. प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के स्मारक के रूप में उनकी स्मृतियों को संजोये हुए है।

सरकारी बंगलों को राजनेता के स्मारकों का रूप देना समस्या मूलक मुद्दा है। तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों-जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री-के स्मारक अस्तित्व में थे

- केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने मांग की है कि, 1, सफदर जंग रोड, बंगला सरकार को लौटाया जाए।
- 1, सफदर जंग रोड, बंगला स्व. प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का आवास था, जिसे उनकी मृत्यु के बाद इंदिरा गांधी मैमोरियल बना दिया गया था।
- अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार ने प्रस्ताव पारित किया था कि, भविष्य में किसी भी सरकारी बंगले को राजनेताओं का म्यूज़ियम या स्मारक नहीं बनाया जा सकेगा।

जिनमें से नेहरू के स्मारक को वापस लिया जा चुका है। मनमोहन सिंह के यू.पी.ए. के प्रधानमंत्री के रूप में दूसरे कार्यकाल में, तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने अपने निवास को अपने पिता बाबू जगजीवन राम के स्मारक का रूप दे दिया था। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के कुछ समय बाद ही, स्व. अजीत सिंह ने अपने 12, तुगलक रोड निवास को अपने पिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के स्मारक का रूप देने की जबरदस्त किन्तु असफल कोशिश की थी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# बोलेरो-कार की भिड़ंत में कार सवार दंपति सहित तीन की मौत

## हादसे मे बोलेरो सवार पिता-पुत्र सहित चार लोग घायल हो गए

- **बोलेरो का टायर फटने से वह बेकाबू होकर कार से टकरा गई थी**
- **कार में सवार मुकेश मीणा अपने बेटे लखन को गंगाजी नहलाकर लाया था**

**भरतपुर,** (निसं)। उच्चैन में कैमासी गांव के पास शनिवार दोपहर बोलेरो और कार की भिड़ंत में कार सवार दंपति समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बोलेरो सवार पिता-पुत्र समेत चार लोग घायल हो गए।

उच्चैन थाना पुलिस के मुताबिक बोलेरो का टायर फटने से वह बेकाबू होकर सामने से आ रही कार से टकरा गई। दोनों वाहन सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो सवार 4 घायलों को तुरंत उच्चैन हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां से भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया। दो घायलों को आईसीयू में शिफ्ट किया है। जानकारी के अनुसार भरतपुर के सेवर थाना इलाके के गांधीनगर निवासी संताप पत्नी डॉली और परिचित दिनेश के साथ करौली के जटवाड़ा से उच्चैन जा रहे थे। संताप जयपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा में पीओ के पद पर था। डॉली करौली में सरकारी टीचर थी। संताप, डॉली को लेकर उच्चैन होता हुआ अपने घर सेवर जा रहा था। दिनेश भी सरकारी टीचर था। वह डॉली के साथ करौली के जटवाड़ा स्कूल में पढ़ाता था। दिनेश डीग के गोवर्धन गेट का रहने वाला था। वह डीग जाने के लिए भरतपुर तक संताप और डॉली के साथ आ रहा था।

भरतपुर से दिनेश अपने घर डीग निकलने वाला था। जानकारी के अनुसार कैमासी गांव के पास बोलेरो का टायर फटते ही वह लहराकर संताप की कार से जा टकराई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि तेज धमाका हुआ और कार चकनाचूर हो गई। पेड़ से टकराने के बाद कार पूरी तरह पिचक गई। बोलेरो को कालूराम चला रहा था। कार में सवार मुकेश मीणा अपने बेटे लखन को गंगा नहलाकर लाया था। इसके अलावा बोलेरो में उनका भरत नाम का रिश्तेदार भी था। ड्राइवर कालूराम और भरत गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल में आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। मुकेश और लखन का भी इलाज चल रहा है। बोलेरो सवार चारों व्यक्ति बामनवास के रहने वाले हैं। वे शुक्रवार को सौरोजी (यूपी) के लिए निकले थे। शनिवार को घर बामनवास लौट रहे थे।

# उदयपुर से जयपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत आज



उदयपुर से जयपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत रविवार को होगी।

- **राणाप्रतापनगर, मावली, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, विजयनगर, अजमेर व किशनगढ़ में रहेगा ठहराव**
- **सप्ताह में छह दिन (मंगलवार को छोड़) चलेगी वंदे भारत ट्रेन, सवा छह घंटे का समय लेगी**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर से जयपुर के बीच चलने वाली प्रदेश की तीसरी वंदे भारत ट्रेन की सौगात शहरवासियों को रविवार से मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 12.30 बजे वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए इसकी शुरूआत करेंगे। इसके पश्चात 25 सितम्बर से यह सप्ताह में छह दिन (मंगलवार को छोड़कर) चलेगी। ट्रेन में सात डिब्बे होंगे इसमें एक एक्जीक्युटिव कोच व सात चेयर डिब्बे होंगे।

रविवार को इसके उद्घाटन से शुक्रवार को इसका अंतिम ट्रायल लिया गया। इससे पूर्व 11 अगस्त को उदयपुर पहुंचने के बाद 13 अगस्त को इसका पहला ट्रायल हुआ था। उदयपुर को 24 सितम्बर को शुभारंभ के साथ ही 25 सितम्बर से मिलने वाली वंदे भारत ट्रेन की सौगात को लेकर अब इसके मार्ग में कुछ बदलाव किया गया है। पहले यह ट्रेन चंदेरिया होकर चल रही थी इससे जयपुर पहुंचने में इसे छह घंटे का समय लग रहा था लेकिन अब इस चित्तौड़गढ़ होकर आने व जाने से 15 से 20 मिनट का फर्क आएगा। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह ट्रैन पूरी तरह से एयर कंडीशनर है। एक्जीक्युटिव कोच में 360 डिग्री पर घूमने वाली सीटें है जबकि चेयर डिब्बों में 3 बाय 2 सीटिंग अरेंजमेंट की सामान्य सीटें होगी। प्रत्येक कोच में लगे एलईडी व अब ट्रेन की गति व आने वाली स्टेशन की जानकारी प्राप्त होती रहेगी। वंदे भारत में सफर करने वाले प्रत्येक यात्री को चाय व पानी की बोटल टिकट के साथ ही मिलेगी। इसके अलावा नाश्ता, भोजन आदि के मैनू के अनुसार राशि टिकट में जोड़ी जाएगी। कैटरिंग की सुविधा नहीं लेने पर इसके चेयरकार का किराया 965 व एग्जीक्यूटिव कोच का किराया 1920 रहेगा। वहीं कैटरिंग की सुविधा लेने पर उदयपुर से चेयरकार का किराया 1305 व एग्जीक्यूटिव का किराया 2320 रहेगा वहीं जयपुर से चेयरकार का 1250 व एग्जीक्यूटिव का 2270 रहेगा।

उदयपुर से सप्ताह में 6 दिन (मंगलवार को छोड़कर) प्रतिदिन सुबह 7.50 बजे रवाना होगी जो दोपहर 14.05 (2 बजकर 5 मिनट) पर जयपुर पहुंचेगी। वंदे भारत मार्ग में राणाप्रतापनगर, मावली, चित्तौड़गढ़ , भीलवाड़ा, विजयनगर, अजमेर व किशनगढ़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। जयपुर से यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन (मंगलवार को छोड़कर) दोपहर 15.45 (3 बजकर 45 मिनट) पर रवाना होगी और 22.00 बजे (रात 10 बजे) उदयपुर पहुंचेगी।

शुक्रवार उदयपुर से जयपुर इसके ट्रायल में यह नियमित समय पर जयपुर पहुंच गई लेकिन उदयपुर वापस लौटते समय इसे परिवर्तित मार्ग पर चलाया गया। चंदेरिया की बजाय इस ट्रेन को चित्तौड़गढ़ रूट पर ले जाया गया जहां चित्तौड़गढ स्टेशन से 200 मीटर पहले ट्रेन के आगे मवेशी आने से ट्रेन के आगे लगा पैनल मास्क क्षतिग्रस्त हो गया जिसे तारों से बांधा गया और इसकी ठीक से मरम्मत उदयपुर में की गई।

## ईडी की टीम उदयपुर होटल राफैल्स पहुंची

**उदयपुर,** (कासं)। प्रवर्तन निदेशालय ईडी की चार सदस्ययीय टीम शनिवार सवेरे फिर से उदयसागर स्थित होटल राफैल्स पहुंची है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईडी की टीम के सदस्य होटल में फिर से महत्वपूर्ण तथ्यों की जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि होटल समूह में कई राजनेताओं की हिस्सेदारी होने की संभावना है। इडी के सदस्य सभी पक्षों के आधार पर अपनी जांच को आगे बढ़ा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम पूर्व में 29 अगस्त 2023 को भी उदयसागर स्थित होटल राफैल्स पहुंची थी। जहां दिन भर दस्तावेजों की जांच के बाद सभी दस्तावेज लेकर लौटी थी। शनिवार को पुन: सवेरे जांच करने पहुंची टीम गहनता से जांच कर रही है।

# महाराष्ट्र के चोर गिरोह के चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। दरगाह थाना पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के चोर गिरोह के चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 ब्रांडेड विभिन्न कंपनियों के मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

दरगाह थाना प्रभारी जगदीश मीणा ने बताया कि दरगाह क्षेत्र में ख्वाजा साहब की महाना छठी पर्व की दुआ और नमाज के दौरान मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह पर कार्रवाई करने के लिए थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के रहने वाले शेख अनीस पुत्र शेख रसीद, शेख बसीउद्दीन पुत्र शेख शकीलूद्दीन, शेख उमर और फारूक पुत्र शेख लतीफ सहित शेख रईस पुत्र शेख रहीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कब्जे से 25 अलग-अलग कंपनियों के ब्रांडेड मोबाइल बरामद किए हैं। सभी आरोपी दरगाह क्षेत्र में भीड़भाड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड खंगालने के साथ ही मामले में पूछताछ कर रही है।

# कार के जरिए डोडा-पोस्त की तस्करी, दो गिरफ्तार

- **पुलिस ने नाकाबंदी तोड़कर भाग रही कार को पकड़ा**
- **पुलिस ने कार से 12 किलो डोडा पोस्त बरामद किया**

**जोधपुर,** (कासं)। बासनी थाना पुलिस ने नाकाबंदी तोड़कर भाग रही कार को पकड़ा है जिससे डोडा-पोस्त बरामद किया गया है। एस्कॉर्ट कर रही एक अन्य कार को भी जब्त कर तस्कर और साथी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार से 12 किलो डोडा-पोस्त बरामद किया है। वहीं हरियाणा और गुजरात के नंबरों की कई नंबर प्लेट में जब्त की गई है। पुलिस अब दोनों से डोडा-पोस्त की तस्करी के संबंध में पूछताछ कर रही है।

बासनी थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि देर रात दाऊजी की होटल से डीजल से रोड पर नाकाबंदी करवाकर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार तेज स्पीड में निकलने लगी। पुलिस ने रुकवाने का प्रयास किया तो चालक तेजी से कार को भगाकर ले गया। भागने के दौरान चालक ने एक बोलेरो पिकअप को भी टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। कुछ ही देर में हादसे का पता लगने पर कार को एस्कॉर्ट कर रही एक अन्य कार में सवार युवक वहां पर पहुंचा। इधर पीछा कर रहे एएसआई जेठाराम और अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर दोनों कार के चालक भागने लगे लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर मुकेश और आरोपी दीपक को पकड़ लिया।

मौके पर तलाशी के दौरान कार से 12.124 किलो डोडा-पोस्त बरामद किया गया। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर डीडवाना कुचामन जिले के लाडनूं थाना क्षेत्र के सिवा हाल लाडनूं निवासी मुकेश (24) पुत्र नेमाराम चौधरी, डूंगरगढ़ बीकानेर निवासी दीपकसिंह (20) पुत्र गंगा सिंह खींची को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी मुकेश चौधरी एनडीपीएस एक्ट के मामले में मध्य प्रदेश की नीमच जेल में बंद था। पैरोल पर छूटने के बाद पिछले एक साल से फरार चल रहा था। आरोपी मुकेश के खिलाफ डकैती और एमपी के नीमच जिले में जावद सहित जोधपुर ग्रामीण के खेड़ापा थाने में नशीले पदार्थ तस्करी के दो मामले दर्ज हैं। पुलिस से बचने के लिए आरोपी नशे की तस्करी के दौरान अपने साथी दीपक सिंह से अन्य कार से एस्कॉर्ट भी करवाता है। पुलिस अब अवैध नशीले पदार्थ खरीद के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**बीदासर,** (निसं)। वार्ड 18 स्थित पटवार घर के पास 22 वर्षीय इस्लाम मणिहार ने शनिवार को अपने घर के कमरे में पंखे के हुक में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय इस्माल के पिता अलादीन अपनी पत्नी को जयपुर इलाज हेतु दिखाने गये हुये थे। घर में उसकी भाभी थी। भाभी को घटना का पता चलने पर मृतक के चाचा मुस्ताक को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहल्ले वासियों के सहयोग से युवक के शव को नीचे उतार कर राजकीय सीएचसी में पोस्टमार्टम हेतु ले गये। जहाँ मृतक के चाचा मुस्ताक मणिहार की रिपोर्ट पर मरग का मामला दर्ज कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# परिणीति-राघव की शादी आज, कई हस्तियां पहुंची उदयपुर

## दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भागवंत मान भी पहुंचे



उदयपुर में हो रही अभिनेत्री परिणीति चौपड़ा व सांसद राघव चड्ढा की शादी में भाग लेने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल व पंजाब सीएम भागवंत मान उदयपुर पहुंचे।

- **अभिनेत्री व चचेरी बहन प्रियंका चौपड़ा के आने की संभावना कम**
- **अभिनेत्री परिणीति चौपड़ा व सांसद राघव चड्ढा की शादी का रंग जमने लगा**

**उदयपुर,** (कासं)। झीलों के शहर में हो रही अभिनेत्री परिणीति चौपड़ा व आप पार्टी से सांसद राघव चड्ढा की शादी का रंग उदयपुर में जमने लगा है। शनिवार दोपहर में आप नेता संजय सिंह, पंजाब सांसद संजीव अरोड़ा के उदयपुर पहुंचने के बाद शाम को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भागवंत मान सहित कई हस्तियां उदयपुर पहुंची है। वहीं अभिनेत्री व चचेरी बहन प्रियंका चौपड़ा व जीजा निक जोन्स के इस शादी में आने की संभावना कम है।

उदयपुर आने के साथ ही मेहमानों का ढोल-नगाड़ों व लोक वाद्य यंत्रों की धुनों के साथ रजवाड़ी स्वागत हो रहा है। ''रागनीति'' की शादी में शिरकत करने शनिवार दोपहर तक राजनीति से जुड़े आप पार्टी के नेता संजय सिंह, पंजाब से सांसद संजीव अरोड़ा, बीके शिवानी ब्रह्मकुमारी, सेलिब्रिटी एस्ट्रोलोजर आचार्य विनोद कुमार, राघव की मामी, कैलीफोर्निया से प्रीति के फूफा-फूफी, डीजे सुमित, डिजाइनर व मामा पवन सचदेवा उदयपुर पहुंचे। वेडिंग फंक्शन के तहत आज सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक 'ए फ्रेस्को आफ्टर नून' होटल लीला में हुआ।

दोपहर में परिणीति के महाराज सूइट में चूड़ा रस्म व मेहमानों के लिए वेलकम लंच व शाम सात बजे से संगीत-लेट्स पार्टी लाइट इट इज नाईंटीज हुई जिसमें डीजे सुमित शेट्टी ने प्रस्तुति दी। रविवार 24 सितम्बर को राघव सेहरा बांधकर दोपहर एक बजे नाव से ताज लेक पैलेस से बारात लेकर रवाना होंगे। दोपहर बाद 4 बजे जयमाला के बाद राघव-परिणीति सात फेरे लेंगे। 6 बजे विदाई व रात 8.30 से मेहमानों के लिए रिसेप्शन होगा। शादी को लेकर परिणीति व राघव पहले ही कैमरों से बचते नजर आ रहे है। वेडिंग इवेंट की गोपनीयता रखने के लिए मेहमानों को छोड़कर वेडिंग वेन्यू के बाहर लगे अन्य लोगों के मोबाइल सिक्युरिटी के तहत कैमरों पर स्टीकर लगाए गए हैं ताकि किसी तरह के फोटो लीक न हो।

# 45 लाख का अफीम डोडा-चूरा व कार जप्त, तीन गिरफ्तार

## लोडिंग टेंपो में डीजे स्पीकरों की आड़ में मध्य प्रदेश से तस्करी कर लाया जा रहा 451 किलो अवैध अफीम डोडा-चूरा जप्त किया

**जयपुर/चित्तौड़गढ़,** (निसं)। पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को चित्तौड़गढ़ जिले की बेंगू थाना पुलिस को सूचना देकर लोडिंग टेंपो में डीजे स्पीकरों की आड़ में मध्य प्रदेश से तस्करी कर लाया जा रहा 451 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा जप्त कराया है। थाना पुलिस की टीम ने लोडिंग टेंपो व एस्कॉर्ट कर रही कार जप्त कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जप्त किए गए अवैध डोडा चूरा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 45 लाख रुपए है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि जिला चित्तौड़गढ़ से अटैच हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल रमेश चंद्र को जानकारी प्राप्त हुई कि मध्य प्रदेश से लोडिंग वाहनों में अन्य सामानों की आड़ लेकर तस्कर अवैध अफीम डोडा चूरा की चित्तौड़गढ़ और अन्य जिलों में सप्लाई कर रहे हैं। एडीजी एमएन ने बताया कि प्रदेश में नशे के सौदागरों के विरुद्ध सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर की टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत इस सूचना को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत की टीम द्वारा विकसित किया तो जानकारी मिली कि शनिवार को एक लोडिंग टेंपो में डीजे स्पीकरों के नीचे छुपा कर मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है।

एडीजी ने बताया कि इसकी जानकारी एसएचओ बेंगू को दी गई। जिन्होंने नाकाबंदी कर एस्कॉर्ट कर रही एक स्विफ्ट कार को रोका, जिसके पीछे एक लोडिंग टेंपो आ रहा था। टेंपो को भी रुकवाया गया। तलाशी में बड़ी साइज के आठ स्पीकरों के नीचे 22 कट्टों में 451 किलोग्राम डोडा चुरा छुपाया हुआ था। एनडीपीएस एक्ट में थाना पुलिस ने टेंपो चालक देवेंद्र दमामी पुत्र सत्यनारायण निवासी बडलियास जिला भीलवाड़ा और एस्कॉर्ट कर रही स्विफ्ट कार के चालक मनोहर दास उर्फ मांगीलाल बैरागी पुत्र भगवान दास और साथी श्रवण पुत्र भवानी सिंह राजपूत निवासी बधावा थाना रतनगढ़ जिला नीमच एमपी को गिरफ्तार कर लिया।

## नर्सिंग स्टाफ के साथ मारपीट की

**भरतपुर,** (निसं)। जिला आरबीएम अस्पताल में एक नर्सिंग स्टाफ के साथ अस्पताल में भर्ती एक महिला के परिजन ने मारपीट कर दी। पीड़ित नर्सिंगकर्मी ने अधीक्षिका डॉ. जिज्ञासा साहनी से शिकायत की है। पीडित नर्सिंग स्टाफ उमाकान्त ने बताया कि सुबह वह अस्पताल में वार्ड पांच में भर्ती मरीजों को दवाई लगाने का कार्य कर रहा था। वार्ड में भर्ती एक महिला को इलाज कर रहा था। उसे एक इंजेक्शन लगा रहा था। लेकिन केन्युला आउट होने के चलते इंजेक्शन नहीं लग सका और हाथ की नस फूल गई। इससे नाराज होकर भर्ती महिला के परिजन ने उसके साथ मारपीट कर दी और कपड़े फाड़ दिए। अधीक्षिका डॉ. जिज्ञासा साहनी ने कहा कि अस्पताल के स्टाफ से मारपीट गंभीर मामला है। जिसकी जानकारी ली गई है। वहीं अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड को निर्देष दिए गए हैं कि अस्पताल में मरीज के साथ सिर्फ एक ही अटेंडेंट को रूकने दिया जाए। वहीं वार्ड में भी सिर्फ उन्हीं लोगों को प्रवेष दिया जाए। जिनके पास भर्ती पर्चे के साथ मिलने वाला पास हो।

# कॉपर वायर की दुकान से लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

## शटर उखाड़कर पांच लाख के कॉपर वायर और 50 हजार नगदी चोरी



दुकानदारों व ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने की मांग की।

**पावटा,** (निसं)। कस्बे के पुष्पा कॉप्लेक्स में स्थित निशा सबमर्सिबल स्पेयर पार्ट्स की दुकान से शुक्रवार की रात दुकान का शटर उखाड़कर कॉपर वायर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं सामने की दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चोरों की संख्या तीन थी और वे पिकअप से आए थे।

दुकान के मालिक भीम सिंह चौधरी निवासी पावटा ने बताया कि शुक्रवार को वह रात 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह एक ट्रांसपोर्ट पर काम करने वाले पल्लेदार ने उन्हें फोन कर बताया कि उनकी दुकान का शटर टूटा है और दुकान में चोरी होने की आशंका है। जिस पर दुकान के मालिक भीम सिंह चौधरी तुरंत दुकान पर पहुंचे। जहां दुकान का शटर टूटा था, दुकान के भीतर जाने पर वहां रैक में रखे कॉपर वायर के बंडल गायब थे। जिनकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये बताई जा रही है।

वहीं गल्ले में रखे 50 हजार नकदी भी गायब मिली। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच तहकीकात शुरू करते हुए दुकान से चोरों का सुराग लगाने का प्रयास शुरू कर दिया। थोड़ी देर में ही आसपास के दुकानदार एकत्र होने लगे व दुकानदारों व ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई और उन्होंने रोष जताया व क्षेत्र में हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने की गुहार लगाई, वहीं दुकान में हुई चोरी का जल्द से जल्द पर्दाफाश करने की मांग की। दुकान के मालिक भीम सिंह चौधरी की दुकान के सामने वाली दुकान मे कैमरे लगे हैं।

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो उसमें नजर आया कि दुकान के बाहर एक पिकअप आकर रुकी और उसमें से तीन युवक बाहर निकले। एक युवक ने गाड़ी बैक कर दुकान के पास लगाई। इसके फुटेज में युवक शटर को तोड़ते नजर आए। तीनों युवक दुकान के भीतर काफी देर तक रहे। इसके बाद वायर के बंडल लाकर कार में रखते नजर आए। भाजपा नेता जगन चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में एक बार फिर चोरों का आंतक बढ़ गया है। इस तरह की वारदातें लचर कानून व्यवस्था की ओर इशारा करती है।

# आत्महत्या के लिये उकसाने वाले को सजा

**चूरू,** (कासं)। जिला मुख्यालय के अपर जिला न्यायाधीश ने चाड़वास ग्राम के अमन शर्मा उर्फ रामाशंकर को एक युवती को आत्महत्या करने के लिए उकसाने पर दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पिंकी सोनी द्वारा छह मार्च 2018 को फंदे से लटक कर आत्महत्या की गई थी, जिस पर दोषी को भारतीय दंड़ संहिता की धारा 306 में आत्महत्या के लिए बाध्य करने पर दस साल के कठोर कारावास और पच्चीस हजार रूपये का जुर्माना लगाकर दंडित किया है। मामले को लेकर राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक अनीस अहमद खाने ने पैरवी की। अतिरिक्त लोक अभियोजक अनीस खान ने बताया कि चाड़वास निवासी सुरेश सोनी ने छह मार्च 2018 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके मोहल्ले में अमन शर्मा ने फोटो स्टूडियो की दुकान कर रखी थी जो पिछले दो वर्ष से उसकी बहन को परेशान कर रहा था। आरोपी ने उसकी बहन का रिश्ता भी तुड़वा दिया था। जिस पर उसकी बहन ने आत्महत्या कर ली थी।

# मारपीट कर वीडियो वायरल करने के आरोप में एक गिरफ्तार

## मामले में चार लोगों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

**सादुलपुर, (निसं)।** तारानगर थाने के गांव कैलाश में एक युवक से मारपीट कर वीडियो वायरल करने के आरोप में राजगढ़ थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रकरण का अनुसंधान कर रहे राजगढ़ थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील पुलिस निरीक्षक ने बताया कि आरोपी दानाराम उर्फ देवेन्द्र मेघवाल द्वारा अपने 6-7 साथियों के साथ मिलकर कैलाश गांव निवासी एक युवक के साथ मारपीट कर वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में कृष्ण कुमार जाट निवासी पहाडसर को गिरफ्तार कर शनिवार को तारानगर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि प्रकरण अनुसार एक युवक के साथ गांव के ही दानाराम उर्फ देवेन्द्र मेघवाल द्वारा अपने 6-7 साथियों के साथ मिलकर कस्बा तारानगर से अपहरण कर सुनसान जगह पर ले जाकर एक साल पहले मारपीट की व मारपीट का वीडियो बना लिया, जिसे अब वाट्सएप ग्रुप पर वायरल कर दिया। आरोपी द्वारा पीड़ित के साथ फरवरी 2022 में पुनः अपहरण कर मारपीट की गई व दो लाख रूपये लूट लिये। जिस पर पीड़ित के भाई द्वारा पुलिस थाना तारानगर में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।



मारपीट का वीडियो वायरल करने के आरोप में राजगढ़ थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

- कैलाश गांव में युवक का अपहरण व मारपीट कर बनाया था वीडियो

वहीं घटना का वीडियो 24 अगस्त 2023 को वायरल होने के आरोप में 26 अगस्त को प्रकरण दर्ज करवाया गया था। इस पर थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील ने मय टीम के कार्यवाही करते हुए घटना में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अनुसंधान अधिकारी सुभाष चन्द्र पुलिस निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण में पूर्व में आरोपीगण नरेन्द्र निवासी थाना तारानगर, सुनिल कुमार थाना तारानगर, नसीम तंवर थाना तारागनर व राहुल पूनियां थाना तारानगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# उपराष्ट्रपति ने धन्ना भगत की जन्मस्थली के दर्शन किए



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने पौधा लगाया।

**दूदू/फागी, (निसं)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ अपने एकदिवसीय राजस्थान दौरे पर फागी पहुंचे, जहां हेलीपैड पर उनका स्वागत अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी एवं अन्य गणमान्यजनों द्वारा किया गया। इसके पश्चात उपराष्ट्रपति ने संत शिरोमणि धन्नाभगत की जन्मस्थली नोखा नाड़ी चौरू पहुंचकर मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित जनसमूह से संवाद किया।

- 'समाज में भगत जी का काम बेमिसाल है, हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए'

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संत शिरोमणि धन्ना भगत की जन्मस्थली चौरु धाम के दर्शन कर धन्य हो गया, मैं यहां आकर अभिभूत हूं। समाज में भगत जी का काम बेमिसाल है, हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। मैं यहां से ऊर्जावान होकर जा रहा हूं। इस दौरान उन्होंने वहां पर पौधारोपण भी किया। चौरू में अपने कार्यक्रम के बाद वे हेलीकॉप्टर द्वारा दिल्ली के लिए रवाना हो गये। इस दौरान संभागीय आयुक्त अंतर सिंह नेहरा, पुलिस महानिरीक्षक उमेश चंद्र दत्ता, जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक पूजा आवाना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवक के हाथ-पैर तोड़ने वाले दो जने गिरफ्तार

## परिवारजनों के कमरों के बाहर की कुंडी लगाकर तोड़े थे हाथ-पैर

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामलें में कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घर में घुसकर युवक से मारपीट कर हाथ पैर तोड़ने के मामले में श्रीमाधोपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि परिवादी सुभाष चंद जाट ने दी थी कि 14 अगस्त को उसका भाई अशोक कुमार घर में सो रहा था। रात करीब 1:30 बजे चार-पांच लोग उनके घर में घुसे और सो रहे परिवार के लोगों के गेट के बाहर कुंडी लगा दी। इसके बाद उसके भाई अशोक के साथ लोहे की राड और डंडों से मारपीट कर उनके हाथ पैर तोड़ दिए और फरार हो गए। इसके बाद परिवादी ने पास ही रहने वाले बड़े भाई रामस्वरूप को आवाज दी तब उन्होंने आकर हमारे कमरों का गेट खोला तो अशोक घायल पड़ा था।



श्रीमाधोपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

घायल भाई को श्रीमाधोपुर सीएचसी लेकर आए जहां से घायल अशोक को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर कर दिया था। परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामलें का अनुसंधान कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी थाना इलाके के दौलतपुरा तन प्रितमपुरी निवासी 23 वर्षीय सुरेश जाट तथा 26 वर्षीय नरेंद्र उर्फ लालचंद जाट को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही हैं। फिलहाल पुलिस मामलें की जांच कर रही हैं।

## युवती का शव मिला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना क्षेत्र में स्थित फ्लेट में युवती का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। भूपालपुरा नोर्थ एवन्स भुवाणा हाल थाना क्षेत्र जोधपुर डेयरी के पास स्थित मेवाड़ कॉम्प्लेक्स फ्लेट नं. 102 में मृत हालत में मिली तेजस्विता शर्मा के शव का शनिवार को पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। तेजस्विता परिजनों से मनमुटाव होने से वर्ष 2020 से अलग रह रही थी जो फ्लैट में जाने के बाद से आठ दस दिन बाद कभी कभार ही बाहर निकला करती थी। फ्लैट के पड़ोसी उसकी इस आदत से परिचित थे। शुक्रवार को फ्लेट से बदबू आने पर पड़ोसियों की सूचना पर भूपोलपुरा थानाधिकारी भरत योगी परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे।

# पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को ट्रक ने कुचला, दो की मौत, दो घायल

## मृतक हरियाणा के ऐलनाबाद क्षेत्र के निवासी, सालासर जा रहे थे

**हनुमानगढ़, (निसं)।** रावतसर मेगा हाइवे सरदारशहर रोड पर गांव बरमसर के पास शनिवार को दो श्रद्धालु सड़क हादसे के शिकार हो गए। सालासर पैदल जा रहे चार यात्रियों को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक व घायल श्रद्धालु हरियाणा के ऐलनाबाद क्षेत्र के निवासी हैं। श्रद्धालुओं को कुचलता हुआ ट्रक आगे चल रहे डम्पर से टकरा कर पलट गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद स्थानीय राजकीय अस्पताल से जिला अस्पताल हनुमानगढ़ रेफर कर दिया गया।

- श्रद्धालुओं को कुचलता हुआ ट्रक आगे चल रहे डम्पर से टकराकर पलटा

जानकारी के अनुसार प्रहलाद (45) पुत्र हरफूल जाट, मनोज (38) पुत्र हरफूल जाट, मनजीत पुत्र रामदयाल तथा विक्रम सिंह पुत्र रामकुमार सभी निवासी गांव नीमला, ऐलनाबाद हरियाणा अपने गांव से सालासर पैदल धोक लगाने जा रहे थे। वे शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे जब गांव बरमसर के पास पहुंचे तो पीछे से आया ट्रक उनको कुचलता हुआ आगे चल रहे डम्पर से टकराकर पलट गया। हादसे में पैदल यात्री प्रहलाद की मौके पर मौत हो गई। जबकि मनोज, मनजीत व विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको आसपास के लोगों ने संभाला तथा पुलिस की मदद से स्थानीय राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान मनोज ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सडक् से हटाकर यातायात सुचारू कराया।

# फर्जी ऐप से साइबर ठगी व ब्लैकमेलिंग, मामला दर्ज

## युवती ने नोखा थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर एक टैक्स्ट मैसेज आया था

**नोखा, (कासं)।** अगर आप अपनी छोटी-मोटी ज़रूरत को पूरा करने के लिए ऐप से जल्दी लोन लेने की सोच रहे हैं तो सतर्क हो जाएं। लोन देने वाली फर्जी ऐप के द्वारा ही लोगों से ब्लैकमेलिंग व साइबर ठगी हो रही है।

लोन की छोटी राशि को चुकता करने के बावजूद भी लोगों को ब्लैकमेल कर दोगुना से भी अधिक पैसे की उगाही करते हैं। कई मामले में तो सिर्फ लोन के लिए आवेदन करते ही लोगों से ब्लैकमेलिंग शुरू हो जाती है। कभी लोन का किश्त चुकता करने के नाम पर लिंक भेज कर खाते में जमा राशि निकाल ली जाती है। कई मामलों में तो लोन देने वाली फर्जी कंपनी लोगों को लोन चुकाने के नाम पर बुरी तरह से प्रताडित करते है। नोखा की एक युवती ने नोखा थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर एक टैक्स्ट मैसेज आया। मैसेज में एक लिंक था, लिंक को ओपन करने पर जीमेल आईडी मांगी।

- मैसेज में एक लिंक था, लिंक को ओपन करने पर जीमेल आईडी मांगी

आईडी डालने पर उसके अकाउंट में 3 हजार रूपए प्राप्त हुए। अगले दिन उसके नंबर मैसेज व कॉल आया कि 5 हजार रूपए जमा करवाओ, तो उसने 5 हजार रूपए जमा करवा दिए। फिर और रूपए जमा करवाने की मांग करने लगा। उसने मना किया तो उसके जीमेल अकाउंट पर सेव नंबर पर मैसेज कर धमकी देने लगा व उसके कॉन्टेक्ट नंबरों पर अलग- अलग से एडिट फोटो भेजने शुरू कर दिए। इस तरह नंबर से कोई ब्लैकमेल कर रहा है।

इस तरह के लोन देने वाली कंपनी लोगों को झांसा देकर उनका निजी डाटा चोरी कर लेती है। इसके बाद लोन देने वाली कंपनी का ऐप डाउनलोड करना अनिवार्य होता है। जैसे मोबाइल में ऐप डाउनलोड किया जाता है। वैसे ही मोबाइल के डेटा में सेंधमारी शुरू हो जाती है। इस ऐप को चलाने के लिए आपको अपने मोबाइल का गैलरी, लोकेशन समेत आपके कॉन्टैक्ट आदि का परमिशन देना जरूरी होता है। बिना परमिशन के न तो यह ऐप काम करेगा न आपको लोन मिल सकता है। परमिशन देते ही आपके मोबाइल का सारा निजी डेटा लोन देने वाली कंपनी के पास चला जाता है। बाद में इसी तरह चुराया गया डेटा से फर्जी अश्लील तस्वीर बना कर लोगों के जान पहचान वाले को भेज कर ब्लैकमेल किया जाता है।

# 32 किलो गांजे के साथ आठ बदमाश गिरफ्तार

**भीलवाड़ा/जयपुर, (निस)।** एटीएस राजस्थान जयपुर ने आन्द्रप्रदेश से भीलवाड़ा में तस्करी कर लाई जा रही 32 किलो गांजे की खेप बरामद कर आठ अन्तर्राज्यीय गिरोह के बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने आरोपियों के पास से ढाई लाख रुपए नकद व तस्करी के काम में लिए जा रहे तीन वाहन भी जब्त किए है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया हैं।

एटीएस जयपुर उप महा निरीक्षक अंशुमन भौमिया को मुखबिर की सूचना मिली की आन्द्रप्रदेश से भीलवाडा क्षेत्र से मादक पदार्थ की गिरोह तस्करी के लिए गांजे की बड़ी खेप लाई जा रही है।

सूचना पर टीम का गठन कर कर कार्रवाई करते हुए फारूख मोहम्मद (35) बापू नगर ,चितौडगढ निवासी, पप्पू आचार्य (33) सदर बाजार भीलवाडा निवासी रोशन माली (21) भीलवाडा निवासी,दिलदार (20) बापू नगर चितौडगढ निवासी ,सीताराम (32) करणगढ आसीन्द भीलवाडा निवासी ,गजानन्द (36) प्रताप नगर भीलवाडा निवासी, श्रवण सिंह (24) करेडा भीलवाडा निवासी, धन सिंह (27) करेडा भीलवाडा निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

## चौकीदार से मारपीट, तीन गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शराब के लिए रूपये नहीं देने पर चौकीदार के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 22 सितंबर रात पुरोहितों की मादड़ी स्थित जोगणिया माता ट्रेडर्स रोड़ नं. 5 मादड़ी के चौकीदार रामसिंह पुत्र मोहन सिंह ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं जय जोगणिया माता स्क्रेप गोदाम पर चौकीदारी करता हूं। 22 सितंबर रात में आए सूरजसिंह, काना तथा पंकज आए तथा शराब के लिए रूपये मांगे। इंकार करने पर आरोपी हमला कर फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर पुलिस ने मामले में अनुसंधान कर सूरज सिंह, काना व पंकज को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया।

## चेन लूट का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने सोने की चेन लूट मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर चेन बरामद की। प्रकरण के अनुसार 23 सितंबर को पीडित भगवानलाल पुत्र घीसा निवासी ठोकर चौराहा प्रतापनगर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि दोपहर में में अपने मकान के बाहर खड़ा था। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों मेसे पिछे बैठे बदमाश ने झपठ्ठा मार गले से सोने की चेन छिन ली तथा मौके से फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर गठित दल ने तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर गुलाब पुत्र भावसिंह निवासी बंजारा बस्ती सेक्टर 5 हिरणमगरी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से लूटी गई चेन बरामद की। पुलिस इस मामले में फरार आरोपी से साथी कालु की तलाश कर रही है।

## धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** कंपनी में साझेदारी का झांसा देकर पीडित से लाखों की नकदी हडपने वाले दंपत्ति के खिलाफ हिरणमगरी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जसवंत कंवर लौढा पत्नी हेमेन्द्र सिंह सोलंकी निवासी नाकोड़ा नगर ने केशवराम डांगी व उसकी पत्नी इन्द्रा डांगी निवासी होली मावली के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

# चाकूबाजी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)** शाहपुरा जिले के रायला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई मारपीट और चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

शाहपुरा पुलिस उपाधीक्षक सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि थाना सर्किल में रहने वाले दो बदमाशो ने शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे करीब श्रीराम होटल रामपुरा चौराहा के बाहर क्षेत्र के ही रहने वाले मयंक के साथ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया था जिसमें मयंक के काफी गहरे घाव लगे। मयंक के भाई ने रायला पुलिस को लिखित में रिपोर्ट पेश की तो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए थाना सर्किल में रहने व शुभम लोट व इसके साथी पुखराज कुमावत को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया।



चाकूबाजी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## युवक की पीट-पीटकर हत्या

### वारदात की वजह अवैध संबंध बताई

**हनुमानगढ़, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के गांव हिरणांवाली की रोही स्थित चक 20 एलएलडब्ल्यू में एक जने की पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात की वजह अवैध संबंध बताए गए हैं। इस संबंध में कई जनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। सदर थाना पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

डीएसपी अरविन्द बैरड़ ने बताया कि सूचना मिली थी कि हिरणांवाली की रोही में एक जने की लाठियों आदि से पीटकर हत्या कर दी गई है। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक धर्मवीर सिंह उर्फ निटू (28) पुत्र जीता सिंह का शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस दल ने मौका मुआयना किया। एफएसएल टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। डीएसपी ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में इकबाल सिंह सहित कई जनों के हत्या की वारदात में शामिल होने की बात सामने आई है। आरोपी इकबाल सिंह को राउंडअप कर लिया गया है। उससे वारदात में अन्य लोगों की संलिप्तता आदि के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

- कई जनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज
- पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा

इस संबंध में मृतक धर्मवीर सिंह उर्फ निटू के भाई जसकरण सिंह ने इकबाल सिंह वगैरह पर हत्या के आरोप में सदर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि धर्मवीर सिंह उर्फ निटू करीब चार माह पहले इकबाल सिंह की पत्नी को भगाकर ले गया था। इस संबंध में सदर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। कुछ दिन बाद दोनों ही वापस गांव लौट आए। इसके बाद से इकबाल सिंह व निटू में रंजिश चल रही थी। वहीं इकबाल सिंह व उसकी पत्नी अब भी साथ रहते हैं।

# राजगढ़ क्षेत्र में हुई तेज बारिश



**राजगढ़, (निसं)।** कस्बे में लौटते मानसून की शनिवार को हुई दो चरणों में तेज बरसात के बाद सड़कें पानी से दरिया बन गई। इधर पर्याप्त सफाई व्यवस्था के अभाव में नाले एवं नाली अवरुद्ध होने के कारण पानी सड़कों पर आने से आमजन को परेशानी हुई। कस्बे के बस स्टैंड परिसर एवं चिकित्सालय परिसर के आसपास के क्षेत्र में अन्य मोहल्ले में पानी भराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विगत दिनों में हुई तेज बारिश से राजगढ़ क्षेत्र में के खेतों में पानी भरने से आगामी फसल को लेकर लोगों में उम्मीद बनी है।

# परिवर्तन संकल्प यात्रा के समापन कार्यक्रम में शिरकत करने पर चर्चा की



भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री डॉ. मंजू मेघवाल ने जन संपर्क किया।



जालोर में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला**, (निसं)। भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के समापन पर 25 सितम्बर को जयपुर में होने वाली जनसभा में जाने की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल सायला की बैठक जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग एवं जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली की उपस्थिति में निम्बोरानाथ महादेव मन्दिर सायला में आयोजित हुई। जिसमें जयपुर जाने को लेकर चर्चा की गई एवं पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर विधायक गर्ग ने कहा कि भाजपा द्वारा प्रदेश में चारों दिशाओं से परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाल गई। जिसके समापन पर जयपुर में 25 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतिथ्य में जनसभा होगी। जिसमें अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को भाग लेने का आहवान किया। जिलाध्यक्ष बोरली ने कहा कि आगामी चुनावो में भाजपा को जीत दिलाने के लिए बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत करना होगा।

इसके लिए सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ में गत चुनावों में प्राप्त मतों से 10० मत अधिक जोडने का प्रयास करें। साथ ही सबसे ज्यादा मत जोडने वाले बूथ अध्यक्ष को सम्मानित करने की घोषणा की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपने संशय को दूर करने एवं मनोबल को बढाने के लिए जयपुर में होने वाली जनसभा में भाग लेने का न्यौता दिया। इस दौरान जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, जिलामंत्री पवनी मेघवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वि मसिंह दहिया, मुकुन्द दवे, राजेन्द्र माहेश्वरी, मंडल महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित, बलवन्तसिंह दहिया, उदयसिंह चौहान, मुल्तानमल आचार्य, जबरसिंह चौराऊ, प्रकाश रावल, मांगीलाल सांथुआ, बाबुसिंह पंवार, मोटाराम, भूराराम चौधरी, द्वारकादास वैष्णव, जगाराम माली, रूपकिशोर अग्रवाल, देवाराम सुथार, पारसाराम राणा, मीठालाल माली, हरीश माहेश्वरी, हीरसिंह दहिया आदि मौजूद थे।

भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा एवं महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री डॉ. मंजू मेघवाल द्वारा शनिवार को डोर टू डोर संपर्क कर आमजन को जयपुर में होने वाली परिवर्तन संपर्क जनसभा में भाग लेने का न्यौता दिया। जिला सोशल मीडिया प्रभारी भवानीसिंह देता, मंडल महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित, विजय आचार्य, जगतसिंह चौराऊ समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

## युवा मोर्चा का रक्तदान शिविर

भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाडा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जैसे स्वच्छता अभियान पौधारोपण गरीब कल्याण सहित रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जालोर नगर मण्डल के अध्यक्ष दिलीप भट्ट ने बताया कि युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची के निर्देशानुसार जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग , युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया एवं जालोर नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी के आतिथ्य में राजकीय चिकित्सालय जालोर के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 31 यूनिट रक्त दान हुआ।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया ने रक्तदान करने के फायदे भी बताए।

शिविर में भाजयुमो उम्मेदाबाद मण्डल अध्यक्ष जोगा राम पटेल, पोषाणा मण्डल अध्यक्ष कृष्ण देवासी एवं जीवाणा मण्डल अध्यक्ष दशरथ सिंह भाटी के नेतृत्व में मण्डल के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

इस दौरान जिलामहामंत्री हरीश राणावत, नगर परिषद सभापति गोविंद टांक, उपसभापति अम्बा लाल व्यास, भाजयुमो जिलाकोषाध्य हेमेन्द्र सिंह बगेडिया, एस सी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष आम्बा राम देवासी , जिला मंत्री पवनी मेघवाल , गुडा सरपंच दीपक मेघवाल, संजय बोराणा , परमवीर सिंह भाटी, हैप्पी मेवाडा, राधेश्याम सोनी सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# माजीसा के जन्मोत्सव पर जसोलधाम में झूमे श्रद्धालु

**बालोतरा**, ( निसं)। ढोल की धमक थाली की टंकार के साथ लोक गायकी से बंधे सुरों ने देर रात तक भक्तों को जसोलधाम में झूमने व श्रद्धा से सरोबार कर दिया।

बालोतरा के निकट जसोल माँ माजीसा के जन्मोत्सव को लेकर संस्थान ने भक्तों के लिए मन्दिर परिसर में जागरण का आयोजन किया। जंहा कुटले खां, जसु खां, खेते खां की ओर माजीसा के भजनों की प्रस्तुति दी गई। देशी लोक गायकी का लोहा मनवा रहे इन कलाकारों की शानदार प्रस्तुति से मन्दिर परिसर भक्तिमय बन गया। मौजूद श्रदालु झूमने पर मजबूर हो गए।

जन्मोत्सव पर आयोजित हुए जागरण में गायक श्याम पालीवाल बालोतरा, विष्णु प्रजापत, तेजाराम दमामी, हेमाराम मेघवंशी ने भी भजनों से श्रोताओं को माँ की भक्ति का रसपान कराया। वहीं कमायचा वादन में अमृत नेशनल अवार्ड लेकर सर्वप्रथम माँ के धाम जसोल पहुंचे हकिम खां ने भी शीश नवाया। ओर जागरण में प्रस्तुति देते हुए कहा कि ये अवार्ड जसोल माँ की कृपा से मिला है। और उनके आशीर्वाद से ही उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड ने अवार्ड देकर खुशियों से भर दिया। तथा मंदिर परिसर में विगत दो दिन से जन्मोत्सव के उपलक्ष में चल रहे हवन में पूर्णाहुति हेतु जसोल मां के समस्त भक्तों की और से कुंवर श्री हरिश्चन्द्रसिंह जसोल द्वारा विद्वान आचार्य श्री तोयराज उपाध्याय, वैद आचार्य श्री नितेश त्रिपाठी, श्री दीपक भट्ट, पंडित श्री मनोहरलाल अवस्थी, श्री आदित्य झा के मार्गदर्शन में आहुतियां दी गई।

■ माँ के जन्मोत्सव पर संस्थान ने सभी भक्तों के सेवा सुमन अर्पित हो उसी भावना को लेकर शुरुआत की

रात्रि जागरण में संस्थान अध्यक्ष रावल किशनसिंह जसोल सपरिवार, पूर्व विधायक शेरगढ बाबूसिंह राठौड, पत्रकारगणों सहित सैकडों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

माजीसा के जन्मोत्सव पर संस्थान ने पहल करते हुए माँ के अनन्य भक्तों को सेवा का लाभ मिले इसी कडी में भोजन प्रसाद व छप्पन भोग लगाने का लाभ लेने की व्यवस्था को शुरू करने का निर्णय लिया।

संस्थान ने सभी भक्तों की आस्था को देख ये कार्य शुरू किया। जिसके तहत माँ के भक्त भोजनशाला में प्रसादी व मन्दिर में छप्पन भोग लगाने का लाभ मन्दिर संस्थान में संपर्क कर आगामी दिनों में ले सकते है। माँ के जन्मोत्सव पर संस्थान ने सभी भक्तों के सेवा सुमन अर्पित हो उसी भावना को लेकर शुरुआत की। इसी कडी में भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी पर माँ के छप्पन भोग की प्रसाद लगाने का लाभ चामुंडेरी पाली निवासी माजीसा भक्त रुक्मण बाईसा धर्मपत्नी श्री वि मसिंह राव ने लिया। तथा भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के दिन भोजन प्रसादी का लाभ श्री जोगसिंह पुत्र ठा. श्री शम्भूसिंह एवम् उनके सुपुत्र अर्जुनसिंह, दिग्विजयसिंह की ओर से लिया जाएगा।

## धूमधाम से मनाई राधाष्टमी, पूजन व श्रृंगार किया

**जोधपुर**, (कासं)। भाद्रपद शुक्ल अष्टमी पर आज शहर में राधाष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कई कृष्ण मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम हुए। राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं पर विशेष श्रृंगार व पूजन किया गया। रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर सहित शहर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में शनिवार को राधाष्टमी मनाई गई। रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर के पुजारी हरिभाई गोस्वामी बताया कि राधा रानी के जन्मोत्सव पर विशेष झांकी सजाई गई और राधा रानी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। सुबह कीर्तन सत्संग व राधा रानी की महाआरती के साथ 21 किलो पेडे का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं सूरज नगर स्थित हरि प्रेम सभागार में भी राधाष्टमी उत्सव मनाया गयसा। सुबह राधा रानी का पूजन व श्रृंगार किया गया। तनावड़ा फांटा स्थित श्री श्री राधा गोविंद जी मंदिर अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) में शनिवार को राधाष्टमी महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह मंगला आरती के पश्चात श्री श्री राधा गोविंद को विशेष फूलों की पोशाक अर्पित की गई एवं दर्शन के पश्चात गुरु पूजा एवं श्रीमद्भागवत कक्षा हुई। कार्यक्रम हरिनाम कीर्तन से आरंभ हुआ, तत्पश्चात श्री श्री राधा गोविंद का पंचामृत एवं पुष्प अभिषेक किया गया।

राधा तत्व पर प्रवचन मंदिर अध्यक्ष सुंदरलाल प्रभु द्वारा तथा छप्पन भोग दर्शन एवं राजभोग आरती हुई। दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। अमृत भजन मंडली की ओर से पालरोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में राधा उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंडली की गीता माछर ने बताया कि राधा रानी जन्मोत्सव पर राधा कृष्ण की सुंदर झांकियां सजाई गई। कार्यक्रम में राधा रानी के भजनों की सरिता गीता माछर ने बहाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया तथा राजा रानी के स्वांग बनी महिला को पुष्पों से होली खिलाई।


# गंगानाथ महाराज 26 को भैंरूनाथ अखाड़ा पहुंचेंगे

**जालोर**, (कासं)। जालोर के कणियागिरी पर्वत स्थित सिरे मंदिर धाम से चातुर्मास पूर्ण कर पीर गंगानाथ महाराज 26 सितम्बर को शोभायात्रा से गाजो बाजो के साथ तिलकद्वार के अंदर स्थित भैरूनाथ अखाड़े पहुंचेंगे।

चार्तुमास सेवा समिति के संयोजक पारसमल परमार ने बताया कि पीर गंगानाथ महाराज सिरे मंदिर धाम पर चार्तुमास पूर्ण कर शोभायात्रा के रूप में मंगलवार को प्रात: 9 बजे भक्तो की उपस्थिति में जालोर शहर के भैरूनाथ अखाडे पहुंचेगे। यह शोभायात्रा शहर के गिटको होटल के सामने से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई भैरूनाथ अखाडे के लिए प्रस्थान करेगे। शोभायात्रा में हाथी, घोडे के साथ बैड बाजो की भक्तिमय स्वर लहरियो के बीच भक्तजन का सैलाब नजर आयेगा। वही शोभायात्रा में विभिन्न मठों के साधु संतो का भी सानिध्य रहेगा।

पीर गंगानाथ महाराज सिरे मंदिर धाम पर पांचवॉ चार्तुमास सम्पन्न कर पीरजी भक्तो के साथ भैरूनाथ अखाडे पहुंचेगे। पीर गंगानाथ महाराज के चार्तुमास पूर्ण कर भैरूनाथ अखाडे के लिए प्रस्थान करने को लेकर आयोजन कमेटी की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। जिसमें शोभायात्रा को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया तथा उन्हें दायित्व दिये गये। इसके साथ ही पीर गंगानाथ महाराज के स्वागत को लेकर जगह जगह व्यवस्था की जायेगी। शोभायात्रा को एतिहासिक बनाने को लेकर सभी भक्तो ने आव्हान किया।

बैठक में योगी प्रेमनाथ, योगी ईश्वरनाथ, चार्तुमास सेवा समिति के अध्यक्ष मीठालाल दर्जी, शिवलाल प्रजापत, गजाराम देवासी, बंशीलाल सैन, नैनाराम लौहार, भीमाराम प्रजापत, चम्पालाल सुथार, ओबाराम देवासी, बलवंत राव, फुटरमल शर्मा, नैनसिंह भायल, सुरेन्द्रसिंह, हीरालाल घांची, हितेष प्रजापत, प्रकाश नारायण गहलोत, नवीन सुथार, रमेश सैन, मोटाराम देवासी सहित काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।



जालोर के कणियागिरी पर्वत स्थित सिरे मंदिर धाम से चातुर्मास पूर्ण कर पीर गंगानाथ महाराज 26 सितम्बर को भैंरूनाथ अखाड़ा पहुंचेंगे।

## पावभाजी ठेला चालक को लूटा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के ओलंपिक सिनेमा टावर के पास में एक क्लिनिक समीप पावभाजी का ठेला लगाने वाले दो भाईयों पर जानलेवा हमला कर साढ़े सोलह हजार रूपए लूट लिए। बदमाशों को पकड़ने के लिए पीछा किया तो वे ईदगाह की तरफ भाग गए।

■ पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है

जहां पर भी पीड़ितों के साथ मारपीट करने के साथ पत्थर मार कर सिर फोड़ दिया। घायल हो एमजीएच में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

महात्मा गांधी स्कूल के पीछे गुलाबबाग निवासी राहुल वैष्णव पुत्र शंभूलाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह ओलंपिक सिनेमा के पास अपना पावभाजी का ठेला लगाता है।

21 सितंबर की शाम को उसके दो भाई पवन और शेरू ठेला लगाने के लिए घर से निकले थे। तब रास्ते में एक स्कूटर और बाइक पर सवार होकर तीन युवक आए।

उन्होंने मारपीट करते हुए गल्ले से 16 हजार 500 रूपए लूट लिए। विरोध करने पर मारपीट की फिर गाडि़यों में बैठकर आरोपी भाग गए।

इस पर उसके भाई पवन ने पीछा किया। ईदगाह की तरफ से भागे बदमाशों ने वहां पर भी उसके भाई के साथ मारपीट की और पत्थर फेंक कर सिर फोड़ दिया।

उसके भाई को बाद में एमजीएच में भर्ती करवाया गया।

सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि मामले में अब दो आरोपी जालोरी गेट ईदगाह निवासी अरसद उर्फ अज्जू पुत्र मोहम्मद असलम एवं हैदर पुत्र शेर मोहम्मद को पकड़ा गया है।

# कलैक्टर ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया



जालोर के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय शिवाजी नगर में मतदाता जागरूकता को लेकर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता का अवलोकन जिला कलैक्टर निशांत जैन ( मध्य ) ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। स्वीप गतिविधि के तहत जिलेभर के राजकीय विद्यालयों में शनिवार को 'नो बैग डे' पर मतदाता जागरूकता थीम पर चित्रकला, पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर जालोर एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर में पहुँचकर स्वीप गतिविधि के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया तथा बच्चों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। जिला कलक्टर ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) सदस्य गरिमा चौधरी, प्रेम चौहान, श्रीराम कुमार सहित विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्हें लोकतंत्र में वोट के महत्वता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित कुमार ने भी विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता थीम पर ड्रॉइंग को सराहा। इस दौरान अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी मोहनलाल परिहार, प्रधानाचार्य मनीष ठाकुर, उप प्रधानाचार्य पदमा नागर, शैलजा माथुर सहित अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नाटिका के माध्यम से समझाया वोट का महत्व एवं मतदान की प्रक्रिया: शनिवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर में कक्षा 11 व 12 की छात्राओं द्वारा पोलिंग स्टेशन एवं बूथ गतिविधियों का लाइव डेमोस्ट्रेशन करके दिखाया। वही मतदाता जागरूकता आधारित लघु नाटिका के मंचन व नृत्य के माध्यम से लोकतंत्र में वोट के महत्व एवं मतदान की प्रक्रिया को समझाया गया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा मेहन्दी, रंगोली व पोस्टर के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। जिला कलक्टर द्वारा विद्यालय स्तर पर स्वीप गतिविधियों का बेहतरीन संपादन करने पर प्रधानाचार्य अंशुबाला को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आहोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कुसुमलता चौहान व एईआरओ हितेश त्रिवेदी उपस्थित रहे।

वही शनिवार को आयोजित गतिविधियों के तहत महात्मा गांधी सीनियर सैकण्डरी विद्यालय जसवंतपुरा की बालिकाओं द्वारा जिले के शुभंकर 'भालू' को रंगोली के माध्यम से उकेरकर मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। आहोर विधनसभा क्षेत्र में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन द्वारा बीएलओ मातादीन व बाबूसिंह को सम्मानित किया गया। जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों, विकास अधिकारियों सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने राजकीय विद्यालयों में पहुँच मतदाता जागरूकता पर आधारित चित्रकला, पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया साथ ही मतदान प्रक्रिया० ाी जानकारी दी।

## नाले में मिला नवजात शिशु का शव

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित श्रीयादे नगर क्षेत्र से निकलने वाले एक नाले में नवजात शिशु का शव मिला। शव को पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। संभवत: किसी ने अवैध पैदाइश छुपाने के इरादे से नाले में डाला है। बनाड़ पुलिस जांच में जुटी है।

बनाड़ थाने के हैडकांस्टेबल सीताराम ने बताया कि श्रीयादे नगर में एक नाले में नवजात शिशु का शव मिला। उसका सिर नहीं है और शरीर भी फू ला हुआ था। किसी मृत शिशु क ो वहां डाला या फिर जीवित फेंका इसकी जांच की जा रही है। शिशु पूर्ण विकसित था और यह कन्या थी या बालक इसके बारे में फिलहाल पता नहीं चला है।

# मारवाड़ राजपूत सभा भवन में हाईफा शौर्य दिवस समारोह आयोजित

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर लांसर्स के रणबांकुरों द्वारा 23 सितम्बर 1918 को इजरायल के हाइफा शहर विजय की स्मृति में शनिवार को साँय मारवाड़ राजपूत सभा भवन प्रांगण में 105 वाँ हाइफा शौर्य दिवस समारोह पूर्वक आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व महाराजा गजसिंह ने कहा कि तत्कालीन जोधपुर रियासत के जोधपुर लांसर्स के सैनिकों नें प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान विदेशी धरती पर अनेक युद्ध लड़े और अपनी बहादुरी को स्वर्ण अक्षरों में अंकित कराया। उन्होंने कहा कि जोधपुर लांसर्स के रणबांकुरों नें चीन, ईजिट, फ्रांस, ईजरायल सहित अनैक स्थानों पर लड़ाईयाँ लड़ी और जीत अंकित की। उन्होंने बताया कि जोधपुर लांसर्स नें मशीन गनों के सामनें तलवारों और भालों की लड़ाई लड़ी जो अपनें आप में शौर्य और वीरता की लड़ाई थी। उन्होंने कहा कि 23 सितम्बर 1918 को इजरायल के हाइफा शहर को एक बहुत ही विकट परिस्थितियों की लड़ाई लड़ते हुए जोधपुर लांसर्स नें टर्की और जर्मन सेना को हराया और हाइफा शहर को मुक्त कराया। हाइफा शहर में बंदी धर्मगुरू व अनेक लोगों को मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि हाइफा को मुक्त करानें को आज भी इजरायल जोधपुर लांसर्स की भूमिका मानता है। हाइफा में युद्ध स्मारक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए ताकि युवा पीढ़ी को इस तरह की जानकारी मिले। उन्होंने ब्रिगेडियर महेन्द्रसिंह जोधा के हाइफा युद्ध को लेकर दिये गये प्रजेन्टेशन की सराहना की।

मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर महेन्द्रसिंह जोधा नें हाइफा युद्ध के समय की शोधपूर्ण जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की। जोधपुर लांसर्स द्वारा उस समय लड़ी गई अनैक छोटी-बड़ी लड़ाईयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराजा गजसिंह इजरायल के हाइफा युद्ध विजय के 100 वर्ष पूर्ण होनें के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हाइफा गये थे वे भी उनके साथ थे। इजरायल के लोग हाइफा मुक्त करानें में भारत की भूमिका को आज भी याद करते हैं। ब्रिगेडियर जोधा नें जोधपुर लांसर्स की सर प्रताप से लेकर महाराजा सरदारसिंह, शेरसिंह, प्रतापसिंह शंखवास, मेजर दलपतसिंह व केप्टन अमानसिंह द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में प्रकाश डाला। ब्रिगेडियर जोधा ने द् स्टोरी ऑफ लांसर्स बुक भी प्रकाशित की थी।

डिप्टी जीओसी जोधपुर सब ऐरिया ब्रिगेडियर एच एस राठौड़ नें कहा कि वे स्वयं तीसरी पीढ़ी के भारतीय सेना में है। उन्होंने कहा कि जोधपुर लांसर्स की हाइफा ुद्ध की गाथा व उनके द्वारा उस समय लड़ी गई अनैक छोटी-बड़ी लड़ाईयाँ रोमांच पैदा करती है व आज की पीढ़ी को प्रेरणा देती है। उन्होंने ब्रिगेडियर जोधा द्वारा जोधपुर लासंर्स की भूमिका को लेकर प्रस्तुत प्रजेंन्टेशन की सराहना की। मारवाड़ राजपूत सभा के उपाध्यक्ष अर्जुनिंसह रूणकिया व महासचिव के वी सिंह चाँदरख नें भी विचार व्यक्त किये। मंच पर जोधपुर एयर फोर्स स्टेशन कमाण्डर गुरप केप्टन वी रवि चन्द्रा व पूर्व सांसद नारायणसिंह माणकलाव भी उपस्थित थे।

समारोह में ब्रिगेडियर महेन्द्रसिंह जोधा द्वारा लिखित पुस्तक द् स्टोरी ऑफ जोधपुर लांसर्स की प्रति महाराजा गजिंसह चौपासनी शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष गजेन्द्रपालसिंह पोषाणा व सचिव छोटूसिंह बुचेटी एवं हनवंत एज्युकेशनल सोसायटी के सचिव सुमेरसिंह बामणू को संस्थान के पुस्तकालय के लिए भेंट की।

समारोह में ब्रिगेडियर शक्तिसंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात चैनसिंह महेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विरेन्द्रसिंह राठौड़, डीआईजी बीएसएफ देवेन्द्रसिंह भाटी, पार्षद रामसिंह सांजू, पार्षद भवानीसिंह जोधा, चैपासनी शिक्षा समिति कोषाध्यक्ष दलपतसिंह खीची, कल्याणसिंह राठौड़, बिग्रेडियर जब्बरसिंह एज्युकेशनल सोसायटी चैयरमेन कर्नल हिम्मतसिंह भाटी, सचिव श्याम सुरेन्द्रसिंह डांवरा, कर्नल किशोरसिंह शेखावत, रामसिंह रोहिणा, संठाामसिंह गागूड़ा, दयालसिंह सांवतकुआ, दौलत सिंह निम्बला, जेठूसिंह चाडी, प्रोफेसर डूंगर सिंह खीची, महावीरसिंह देवड़ा, राजकुमार सिंह रोड़ला, कर्नल लक्ष्मण सिंह गुड़ा, कर्नल भंवरसिंह, दौलतसिंह डीगरना, शिवमंगलसिंह, मोहनसिंह जोधा, राजेन्द्रसिंह लीलीया, शिवचरण सिंह डीगरना, बसंतसिंह रोड़ला, विरेन्द्र सिंह शेखावत, नवलसिंह छापला, सवाईसिंह गोलियामगरा, हितेन्द्र पाल सिंह बुचेटी, ओमकरणिंसह मूंजासर, राजेन्द्रिसिंह राजावत, रणजीतसिंह ज्याणी, जालमसिंह राठौड़, शक्तिसिंह खाखड़की, गजराजसिंह शेखावत, सहित कई जने उपस्थित रहे।

## नुकसान का आंकलन किसानों को राहत दें : भायल

**सिवाना**, (निसं)। स्थानीय विधायक कार्यालय सिवाना में सिवाना व पादरू भाजपा मंडल की संयुक्त बैठक शनिवार को आयोजित हुई।

जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया आगामी 25 सितंबरको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जयपुर में होने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा की महारैली की तैयारी को लेकर बूथ वार, शक्ति केंद्र वार सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गई और साधनों के प्रबंधन को लेकर मुख्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गई है। किसान वर्ग को संबोधित करते हुए विधायक हमीरसिंह भायल सिवाना ने कहा कि किसानों के साथ राज और राम दोनो रूठ गए है।

■ बरसात नही होने से सभी फैसले जल गई

तूफानी बरसात से किसानों ने दो बार बीज की बिजाई की लंबे समय तक बरसात वापिस नही होने से सभी फैसले जल गई, पीछे चारा बचा था, वो भी अब हुई बरसात से खराब हो गया है। सुखी फसल पर बरसात होने से किसानों का सब कुछ नष्ट हो गया है। अनार की फसल भी खराब हुई है। किसानों के लाखो रुपए लगाकर फसल तैयार की आज किसान बर्बादी के कगार पर है। सरकार द्वारा पिछले तीन साल से कोई अनुदान नही दिया जा रहा है। विधायक ने राजस्थान सरकार से मांग की किसानों के लिए विशेष पैकेज दिया जावे। किसानों का बिजली बिल माफ किया जावे। अल्पकालीन ऋण माफ की जावे उपरोक्त मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार सिवाना के मार्फत दिया गया।

इस अवसर पर विधायक सिवाना के साथ किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयराम प्रजापत,वीरसिंह सेला, मंडल अध्यक्ष नगसिंह राजपुरोहित, पादरु मंडल अध्यक्ष मिसराराम, हिंदूसिंह खीमसिंह ,दीपसिंह,रेडमल सिंह, बाबूसिंह, पेमाराम, ममता विश्नोई, भेराराम माली, गणपतसिंह,रूपसिंह, मौट सिंह इंद्राणा, देवकीनंदन शर्मा, तुलसदेवी, सुजाराम, बाबूसिंह गुडा, इंद्रसिंह, विशनसिंह सोमडा, गणपतसिंह पीपलुन, जगदीशसिंह, ऊमसिंह,डूंगर देवासी, अमराराम सुंदेसा,भैराराम मेगवाल सहित सैकडों भाजपा कार्यकर्ताओं व किसानों के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया।

## एक ही रात में दो बोलेरो चोरी, एक में भरा था सामान

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक ही रात में दो जगहों से बोलेरो चोरी हो गई। एक बोलेरो में सामान भरा हुआ था। चोर सामान सहित बोलेरो का चुराकर ले गए। संदेह है कि किसी वाहन में आए चोरों ने दोनों गाडि़यां एक ही रात में उठाई है। इस बारे में दो प्रकरण दर्ज हुए है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि बड़ली निवासी शेरसिंह पुत्र अखेसिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बतया कि 21 सितंबर की रात दो बजे उसने अपनी बोलेरो को घर के सामने खड़ा पाया था। 22 की सुबह सात बजे देखा तो बोलेरो नहीं मिली। अज्ञात चोर रात दो बजे के बाद बोलेरो चुरा ले गए। वहीं जैसलमेर के सांकड़ा हाल श्याम मनोहर नगर चौपासनी गांव गली नंबर 6 निवासी रावल सिंह पुत्र रघुवीरसिंह ने रिपोर्ट दी कि वह अपने एक मित्र बाबूसिंह की बोलेरो लेकर जोधपुर आया था। गली नंबर 6 श्याम मनोहर नगर में खड़ी की थी और उसमें सामान लदा हुआ था। 21 की रात दो बजे बोलेरो खड़ी देखी गई। मगर 22 की सुबह उठने पर यह बोलेरो अपने स्थान पर नहीं मिली। कोई शख्स उसे चुरा ले गया।

OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT GANGASRA
PANCHAYAT SAMITI BARMER GRAMIN DISTRICT BARMER

Notice inviting E-bid No. 04/2023-24 Dated 22.09.2023

Office Of Gram Panchayat GANGASRA Hereby invites E-Tender for Construction Works. Details of the same may be seen on http.sppp.rajasathan.gov.in and http:/eproc.rajasthan.gov.in any corrigendum (if required) shall be published on the above mentioned websites/portal only.

NIB code ZBM2324A0594 UBN is ZBM2324WSOB00607

VILLAGE DEVLOPMENT OFFICER GRAM PANCHAYAT GANGASRA

SARPANCH GRAM PANCHAYAT GANGASRA

# कांग्रेस की फ्लॉप सभा, भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा की सफलता पर मुहर लगा रही है : राजेन्द्र राठौड़

- **चुनावी वर्ष में राजस्थान आए कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी ने एक बार फिर देश को बांटने की निम्न स्तर की राजनीति के नाम पर जहर घोलने का काम किया। महिला आरक्षण, जातिगत जनगणना और ओबीसी समुदाय को लेकर तथ्यहीन व भ्रामक बातें कही : नेता प्रतिपक्ष**
- **'राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में किसान कर्जमाफी का वादा करके धोखे से राजस्थान में सत्ता हासिल की थी, आज तक उनके 10 दिन पूरे नहीं हुए क्या? राजस्थान के किसानों की जमीनें नीलाम होना कब बंद होंगी और कब उनका कर्जा माफ होगा'**

**जयपुर** (कासं)। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि जयपुर में कांग्रेस के नए मुख्यालय भवन के शिलान्यास में पहुंचे कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी ने चुनावी वर्ष में एक बार फिर राजस्थान की धरा से देश को बांटने की निम्न स्तर की राजनीति के नाम पर जहर घोलने का काम किया है और महिला आरक्षण, जातिगत जनगणना और ओबीसी समुदाय को लेकर तथ्यहीन व भ्रामक बातें कही है। जबकि कांग्रेस ने देश में 50 साल से ज्यादा समय तक शासन किया तो फिर 1931 के बाद जातीय जनगणना क्यों नहीं करवाई? सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खडगे के भाषण के समय खाली कुर्सियों का नजारा कांग्रेस सरकार के डिलीट होने पर मुहर लगा रहा है। कांग्रेस की फ्लॉप सभा भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा की सफलता पर मुहर लगा रही है।

राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन देने वाला नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित हुआ लेकिन दुर्भाग्य है कि राहुल गांधी इसे भी अब राजनीतिक चश्मे से देख रहे हैं। ओबीसी समुदाय के कथित पैरोकार बने राहुल गांधी यह कैसे भूल गये हैं कि काका कालेकर कमीशन की रिपोर्ट को दबाना हो या फिर मंडल आयोग की सिफारिशों को रोकना हो, कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी समाज का अपमान किया है। ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा भी कांग्रेस ने नहीं बल्कि वर्ष 2018 में मोदी सरकार ने ही दिया था।

राठौड़ ने कहा कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2018 के समय राहुल गांधी ने किसानों के 10 दिन में कर्जमाफी की बात कही थी। 2018 के चुनाव के बाद 2023 का चुनाव भी आ गया। कांग्रेस ने किसानों के साथ धोखा करके सत्ता का सुख भी भोग लिया। अब प्रदेश का बेबस व ठगा हुआ किसान यही पूछ रहा है कि राहुल गांधी जी आपके 10 दिन कब पूरे होंगे? किसानों से किया कर्जमाफी का वादा कब पूरा होगा ? किसानों की जमीनें नीलाम होना कब रुकेगी ? किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली कब मिलेगी ?

राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी अपने भाषणों में अडानी समूह पर लगातार आरोप लगाते हैं, वहीं दूसरी ओर राजस्थान में उनकी कांग्रेस सरकार के मुखिया अडानी समूह को बार-बार उपकृत कर कभी कोयला खरीद तो कभी सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए बेशकीमती जमीनें दे रहे हैं, बड़े-बड़े प्रोजेक्ट सौंप रहे हैं। राहुल गांधी को जवाब देना चाहिये कि अशोक गहलोत का अडानी समूह के साथ यह रिश्ता क्या कहलाता है ? राठौड़ ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी स्वयं को सबसे बड़े महिला हितैषी बताते हैं लेकिन जब राजस्थान में महिलाओं के साथ दुष्कर्म व अपराधों की बात आती है तो कांग्रेस नेताओं को सांप सूंघ जाता है। राहुल गांधी ने मणिपुर की घटना को राजनीतिक रंग देने में कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन प्रदेश में बहन-बेटियों के ऊपर हो रहे सर्वाधिक दुष्कर्म को लेकर एक शब्द भी नहीं कहा। इसके विपरीत जब कांग्रेस सरकार में तत्कालीन सैनिक कल्याण राज्य मंत्री ने महिला दुष्कर्म को लेकर सच्चाई बतानी चाही तो उन्हें मंत्रिमंडल से ही बाहर कर दिया गया।

राठौड़ ने कहा कि केन्द्र सरकार पर दलित और आदिवासियों का अनर्गल आरोप लगाने से पहले प्रदेश में दलितों और आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार पर नजर डालनी चाहिये। एनसीआरबी के आंकड़ों में आज राजस्थान दलित व आदिवासी अत्याचारों में देश में दूसरे पायदान पर है। प्रदेश में आदिवासियों के साथ राज्य सरकार अन्याय और उत्पीड़न की सारी सीमाएं पार कर चुकी है। आदिवासी आंचल में बच्चियों की तस्करी हो रही है और बेखौफ बदमाशों द्वारा गाडियों से कुचला जाता है। दुर्भाग्य है कि राहुल गांधी ने लचर कानून व्यवस्था के साथ ही महंगी बिजली, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, बेरोजगारी व तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर भी कुछ नहीं कहा।

## सेंट्रल पार्क में गांधी वाटिका का उद्घाटन

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा सांसद राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार शाम जयपुर के सेंट्रल पार्क में बनी 'गांधी वाटिका' का लोकार्पण किया।

इसके बाद तीनों नेताओं ने देशभर से आए 200 से अधिक प्रख्यात गांधीवादियों को संबोधित किया। इस दौरान खड़गे, राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री ने गांधी वाटिका का अवलोकन किया तथा वहां आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए।

खड़गे ने कहा कि गांधीजी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की यह पहल सराहनीय है। अन्य राज्यो को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि गांधीजी को एक व्यक्ति के रूप में ना देखकर जीवन जीने के तरीके के रूप में देखना चाहिए। जीवन में भय का स्थान नहीं होना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी को गांधीजी के जीवन से डर का सामना करने की सीख लेनी चाहिए।

# राधाष्टमी पर गोविंददेवजी मंदिर में छाया उल्लास

## तिथि पूजन, अधिवास, छप्पन भोग झांकी समेत कई आयोजन हुए

**जयपुर** (कासं)। भाद्रपद शुक्ल अष्टमी शनिवार को राधा किशोरीजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में जन्माभिषेक के बाद बधाईगान और उछाल हुई। मुख्य आयोजन गोविंद देवजी मंदिर में हुआ।

राधा जन्म की बधाई संदेश और फूलों से सजे जगमोहन में शनिवार को राधाष्टमी के कारण पैर रखने की भी जगह नहीं बची। हरिनाम कीर्तन और राधा रानी के जयकारों से जगमोहन गूंजायमान होता रहा।

सुबह मंगला झांकी के बाद तिथि पूजन किया गया। इसके बाद मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी और प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने प्रियाजी का 60 लीटर दूध, 40 किलो दही, दो किलो घी, पांच किलो बूरा, बीस किलो शहद से तैयार पंचामृत से अभिषेक किया गया। नवीन पीत पोशाक धारण कराकर विशेष अलंकार धारण कराए गए। पंजीरी, लड्डू, मावे की बर्फ़ी, और पंजीरी का भोग लगाया गया। सुबह धूप झांकी



गोविंददेवजी मंदिर में शनिवार को राधाजी के जन्मोत्सव पर अभिषेक और विधिवत पूजा-अर्चना की गई

खुलने पर ठाकुर जी का अधिवास पूजन किया गया। छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। श्रृंगार आरती के बाद राधारानी को कपड़े, फल, टॉफी, सहित अन्य सामान अर्पित कर उछाल की गई। शाम को फूल बंगला झांकी सजाई गई। गौर गोविंद महिला मंडल की ओर से भजन कीर्तन किया गया। इसी प्रकार पुरानी बस्ती स्थित राधा गोपीनाथ, चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर, मदन गोपाल, चांदनी चौक स्थित आनंद कृष्ण बिहारी सहित अन्य वैष्णव मंदिरों में भी राधाष्टमी धूमधाम से मनाई गई। सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित शुक संप्रदाय की आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में राधाष्टमी भक्तिभाव से मनाई गई। सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि इस मौके पर किशोरजी का पंचामृत से जन्माभिषेक कर ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। इसके बाद बधाइगान, नृत्य और उछाल हुई। रामगंज बाजार के लाड़लीजी मंदिर में महंत संजय गोस्वामी के सान्निध्य में राधाजी का पंचामृत अभिषेक कर पलना झांकी सजाई गई।

## पडौसी ने युवक के सिर में गोली मारी

**जयपुर**। करधनी इलाके में पडौसी द्वारा युवक के सिर में गोली मारने की वारदात सामने आयी है। पुलिस ने पर्चा बयान के आधार पर हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि सीकर जिले के मूल निवासी महेश कुमार के साथ यह घटना हुई। महेश का करधनी इलाके में भी मकान है और वहां वह अपनी पत्नी के साथ रहते है। कुछ दिन के लिए महेश किसी काम से सीकर अपने गांव आया था और उसके बाद 20 सितंबर को ही रात को वापस अपने घर पहुंचा था। पत्नी ने आते ही पति को पडौसी जनार्दन के बारे में जानकारी दी और कहा कि उसने छेड़छाड़ की। जनार्दन ने पडौसी का जोर-जोर से गेट बजाया और गंदी गालियां दी। मौहल्ले के लोग जमा हो गए तो जनार्दन वहां से चला गया था। इस पूरे घटनाक्रम के बारे में 20 सितंबर की रात महेश अपने कुछ परिचितों को लेकर जनार्दन के घर गया और विरोध दर्ज कराया तो जनार्दन ने गुस्से में महेश के सिर में गोली मार दी। गोली लगने से महेश वहीं बेहोश होकर गिर गया, जिसका उपचार जारी है।

## चीफ इंजीनियर समेत दो की जमानत अर्जी खारिज

**जयपुर** (कासं)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने पीडब्ल्यूडी में संस्थागत भ्रष्टाचार से जुडे मामले में विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर सुबोध मलिक व एक्सईएन जितेन्द्र कुमार जैन की जमानत अर्जियों को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि यह भ्रष्टाचार का गंभीर मामला है और आरोपियों को इस स्तर पर जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

मलिक की ओर से कोर्ट में जमानत अर्जी दायर कर कहा है कि उसे केस में झूठा फंसाया है। उसके पास किसी भी व्यक्ति का कोई भी काम लंबित नहीं था और उसने किसी से रिश्वत भी नहीं मांगी है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। वहीं एक्सईएन जैन की ओर से भी कोर्ट से जमानत पर रिहा करने का आग्रह किया। इसके विरोध में एसीबी की ओर से कहा गया कि मामले में अनुसंधान जारी है और इस स्तर पर आरोपियों को जमानत देने से मामले की जांच प्रभावित होगी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर मलिक व जैन की जमानत अर्जियों को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि एसीबी ने मामले में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन जितेन्द्र कुमार जैन की ओर से किए गए फर्जीवाड़े पर कार्रवाई नहीं करने की एवज में 10 लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में मलिक, जैन व बिचौलिए एक्सईएन अनंत गुप्ता को गिरफ्तार किया था।

## बदमाशों ने मारपीट कर बाइक छीनी

**जयपुर**। चित्रकूट इलाके में अज्ञात बदमाश एक युवक से मारपीट कर उसकी बाइक छीनकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की जानकारी तुरन्त पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने आसपास के इलाके में नाकाबंदी भी कराई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रहीं है। पुलिस के अनुसार गोविंद नगर-डी बैनाड रोड निवासी दीपेश गुप्ता ने मामला दर्ज कराया है कि 21 सितंबर की रात करीब पौने 10 बजे वो बाइक से घर लौट रहा था। शेल्बी हॉस्पिटल के पास वो थोड़ी देर के लिए रूक गया, तभी तीन बदमाश उसके पास आए और मारपीट करते हुए उसकी बाइक लेकर फरार हो गए।

# अपहरण कर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष की सजा

## अदालत ने आरोपी पर 1.80 लाख रुपये का हर्जाना लगाया

**जयपुर** (कासं)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सत्यनारायण उर्फ सत्या को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने बीस वर्षीय इस अभियुक्त पर एक लाख अस्सी हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा की पीडिता की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीडिता ने पिता ने 5 जून, 2022 को तुंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी नाबालिग बेटी 2 जून की रात को घर से गायब हो गई। उसे शक है कि कोई व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। काफी तलाश करने के बाद भी पीडिता की जानकारी नहीं मिल रही है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। वहीं अभियुक्त को मामला दर्ज होने की जानकारी मिलने पर वह पीडिता को 16 जून को घर के पास छोडकर भाग गया। पुलिस ने इसी दिन अभियुक्त को कानोता से गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि अभियुक्त ने पीडिता को कानोता में किराए के कमरे में रखा था और मकान मालिक को पीडिता को अपनी पत्नी बताया था।

# राहुल गांधी और खड़गे का भाषण ओ.बी.सी. एस.सी-एस.टी और माइनॉरिटी पर केंद्रित रहा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। कांग्रेस ने राजस्थान में शनिवार को अपना चुनावी अभियान तो शुरू कर दिया लेकिन नेताओं के भाषण से लेकर व्यवस्थाओं तक बहुत सारी कमी खामियां नजर आई। यह भी नजर आया कि नेताओं में आपसी तारतम्य अभी भी नहीं है। जहां तक उम्मीद थी कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और सांसद राहुल गांधी, राजस्थान कांग्रेस को चुनावी रणनीति के तहत कुछ नया मंत्र देकर जाएंगे, लेकिन दोनों नेताओं ने अपना भाषण ओबीसी, एससी-एसटी और माइनॉरिटी को लेकर केंद्रित रखा और एक तरह से संदेश दिया कि कांग्रेस इन्हीं जातियों को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहती है।

वैसे तो कांग्रेस राजस्थान में सरकार रिपीट करने की बात बार-बार कर रही है, लेकिन राजधानी जयपुर में हुई सभा के दौरान जिस तरह से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के भाषण से पहले ही सभी लोग उठकर चले गए और खडगे खाली कुर्सियों के सामने भाषण देते रहे। उसके उससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उसे तरह का जोश नजर नहीं आ रहा,जिस तरह के दावे कांग्रेस के नेता करते है। खडगे का भाषण सुनने के लिए 5-7 हजार लोग ही मुश्किल से रुके।

प्रदेश कांग्रेस के नए मुख्यालय का शिलान्यास करने के बाद आयोजित सभा में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती थी। वे इंडिया का नाम भारत करना चाहते थे, इसीलिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था, लेकिन इसे रोकर महिला आरक्षण बिल ले आए। उन्होंने कहा कि पूरे विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया। हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो, लेकिन भाजपा 10 साल बाद इसे लागू करना चाहती है। मोदी, ओबीसी को भागीदारी देना चाहते हैं, लेकिन जातिगत जनगणना से क्यों डर रहे हैं? वे अडाणी से भी डरते हैं। बीजेपी वाले वोट मांगने आएं तो उनसे पूछना कि जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवा रहे हो?

राहुल बोले कि महिला आरक्षण बिल का पूरे विपक्ष ने समर्थन किया। भाजपा चाहती है कि महिला आरक्षण 10 साल में लागू हो, जबकि हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो। इसी के साथ राहुल ने कहा कि मैंने रिसर्च की तो पता चला कि हमारी संस्थाओं में ओबीसी, दलित, आदिवासी वर्ग की क्या भागीदारी है? आज के हिंदुस्तान को 90 लोग चलाते



राजधानी जयपुर में प्रदेश कांग्रेस के नए मुख्यालय का शिलान्यास करने के बाद आयोजित सभा में सांसद राहुल गांधी कई राजनैतिक मुद्दों और राजस्थान की स्थिति पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, के.सी.वेणुगोपाल और पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा से चर्चा करते नजर आए। फोटो-राष्ट्रदूत

हैं। आज के हिंदुस्तान को प्रधानमंत्री 90 अफसरों के साथ चलाते हैं। वे हर मंत्रालय के सचिव हैं। प्रधानमंत्री ओबीसी की बात करते हैं, लेकिन इन 90 अफसरों में सिर्फ 3 ओबीसी हैं। उनके पास हिंदुस्तान का सिर्फ 5 प्रतिशत बजट है। राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान में हर वर्ग को सही प्रतिनिधित्व देने के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है। इस जनगणना से पता चल जाएगा कि हिंदुस्तान में किस वर्ग के कितने लोग हैं। हम ओबीसी को भागीदारी देने की बात करते हैं, लेकिन जब तक ओबीसी कितने हैं, यह पता नहीं लगेगा तो कैसे काम होगा? प्रधानमंत्री जातिगत जनगणना से क्यों डरते हैं? हमने ये जनगणना करवाई थी, आंकड़े आपके पास है, उन्हें सामने लाइए। राजस्थान में खोले गए अंग्रेजी स्कूलों पर सरकार की पीठ थपथपाते हुए राहुल ने कहा कि पिछले दिनों बीजेपी के नेता अंग्रेजी के खिलाफ भाषण दे रहे थे। मैंने उनसे पूछा कि आपके बच्चे कहां पढ़ते हैं? उनके बच्चे अंग्रेजी मीडियम में पढ़ते हैं। बीजेपी नेता चाहते हैं कि उनके बच्चे अंग्रेजी में पढ़े और गरीब का बच्चा अंग्रेजी न सीखे। ये दो हिंदुस्तान बनाना चाहते हैं।चुनाव से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए राहुल गांधी ने कहा कि जंगल में शेर देखने के लिए कई घंटों की मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन मेरे सामने हजारों बब्बर शेर बैठे हुए हैं। राजस्थान में सरकार ने चिंरजीवी योजना जैसी हेल्थ स्कीम दी है। मात्र 500 रुपए में एलपीजी गैस सिलेंडर दिया है। यह सभी काम कार्यकर्ता जनता को जाकर बताएं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि चुनाव में भाजपा हमारे खिलाफ एक नहीं दो-तीन कैंडिडेट खड़ा करती है। एक तो भाजपा का प्रत्याशी होता है, एक ईडी होती है और एक सीबीआई या अन्य एजेंसी होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष सत्र संसद की नई बिल्डिंग दिखाने के लिए बुलाया था। उन्होंने बड़े कार्यकर्ताओं, फिल्म अभिनेता-अभिनेत्रियों को बुलाया। यह संसद चर्चा करने की जगह है, एग्जीबिशन करने की जगह नहीं है। खडगे ने कहा कि महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लाई थी। उस समय इन्हीं लोगों ने इसका विरोध किया था, जो अभी सरकार में हैं। ये लोग बहुत सयाने हैं। बीजेपी फिर से सत्ता में आ गई तो मनु के दिन आएंगे और आप फिर से गुलाम बन जाएंगे। आप फिर से गुलाम होना चाहते हैं क्या ?

## सार-समाचार

### गौकृति गौमय कागज को दुबई में अवार्ड




**जयपुर** (कासं)। दुबई की इंटरकंटिन्यूऐंटल फेस्टिवल अरेना में आयोजित प्रोपेपर शो में गौकृति जयपुर को इको फ्रैंडली पेपर प्रोडक्ट्स के लिए अवार्ड से नवाजा गया। गौकृति गौमय कागज़ के अविष्कारक जयपुर के भीम राज शर्मा और सुरेश जांगिड़ को यह पुरस्कार पल्प एंड पेपर वरकअरब मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के डायरेक्टर अतुल कॉल ने भेंट किया। सुरेश जांगिड़ ने कहा कि यह गोबर और गौमाता के लिए एक बहुत बड़े सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि आज पेपर बनाने के लिए सबसे ज्यादा पेड़ काटे जाते है, जिस से पर्यावरण को ज्यादा नुकसान होता है, जबकि गौकृति गोमय कागज़ 100 प्रतिशत वेस्ट से बनता है, इस से पर्यावरण को 1 प्रतिशत भी नुकसान की संभावना नहीं है।

### जमुवाय माता की पदयात्रा का स्वागत



**जयपुर,** (का.सं.)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज जमुवाय माता की विशाल 12 वी पदयात्रा जमुवाय सेवा समिति मीना वाला द्वारा निकाली गई, जिसका गली नंबर 5 सिरसी रोड पांच्यावाला पर पार्षद कुमकुम शक्तावत और टीम वार्ड 48 के द्वारा माता रानी को चुनरी ओढ़ा कर ओर माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। साथ में पद यात्रियों के लिए चाय और जल फल की व्यवस्था की गई। भाजपा नेता शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि जब भी हमारे क्षेत्र वार्ड 48 से कोई भी धार्मिक यात्रा निकलती हैं। हम उसका स्वागत सत्कार तहे दिल से करते हैं, चाहे वह किसी भी क्षेत्र से आ रही हो। इस मौके पर भुवनेश्वरी कंवर,कृष्णा कंवर,भंवर कंवर,सुमन कंवर,मंजू कंवर,नीरू कंवर, सुनीता शर्मा,गजेंद्र सिंह,गणपत सिंह, विक्रम सिंह,विनोद महला,धर्मेंद्र सिंह,हनुमत सिंह,बनवारी शर्मा, नंद सिंह,मदन सिंह,मूल सिंह, महिपाल सिंह,हाकम सिंह, हनुमान सिंह,किशोर सिंह,अजीत सिंह,अजय सिंह,महेंद्र सिंह,वीरेंद्र सिंह, भवानी सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### नेट थियेट पर सितार वादन की प्रस्तुति

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को युवा सितार वादक नरेंद्र कुमार योगी ने एकल सितार वादन कर अपनी उंगलियों का जादू बिखेरा। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि सितार के युवा कलाकार नरेन्द योगी ने सुप्रसिद्ध सितार वादक भारत रत्न पंडित रवि शंकर की राग परमेश्वरी के स्वर साधे तो दर्शक वाह वाह कर उठे। इस के बाद उन्होंने आलाप जोड़ के बाद एकताल की बंदीश मे सुन्दर ताने व लयकारी कर अपने वादन का सुन्दर प्रर्दशन किया। और अंत में तीन ताल मे द्रुत गत मे झाला बजाकर दर्शको की दाद पाई। नरेंद्र के साथ तबले पर उभरते युवा तबला वादक ज़ेयान हुसैन के तबले के साथ सितार की जुगलबन्दी सुन कर दर्शकों ने खूब सराहा कार्यक्रम में स्वदेश रसोई के निदेशक भूपेंद्र सिंह शेखावत ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी और गुलजार हुसैन, कैमरा और लाइट्स मनोज स्वामी, संगीत सागर गढ़वाल, मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू और जिवितेश शर्मा की रही।

### 24 स्थानों पर गायत्री यज्ञ आज

**जयपुर**। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से मातृ श्रद्धांजलि-2026 अभियान के अंतर्गत रविवार को चांदपोल क्षेत्र में 24 स्थानों पर एक ही एक साथ गायत्री यज्ञ किया जाएगा। नव चेतना विस्तार केंद्र चांदपोल के तत्वावधान में सुबह नौ से दस बजे तक अलग-अलग 24 स्थानों पर सबकी सद्बुद्धि के लिए गायत्री यज्ञ किया जाएगा। इससे पूर्व चांदपोल बाजार के भिंडों का रास्ता स्थित गायत्री मूर्ति भंडार से जन जागृति रैली निकाली जाएगी। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि जयपुर के विभिन्न चेतना केन्द्रों से यज्ञाचार्य और सहायक यज्ञ संपन्न कराएंगे। यजमानों को प्रतिदिन यज्ञ करने के लिए बलिवैश्व यज्ञ का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### हार्डवेयर-सेनेट्री की दुकान में चोरी

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में शुक्रवार रात हार्डवेयर एंड सेनेटरी शॉप में नकाबपोश बदमाशों ने चोरी की वारदात की। शटर तोड़कर घुसे बदमाश महज 50 मिनट में 10 लाख रुपए का सामान चुरा ले गए। शॉप में लगे फुटेज में चोरों की करतूत कैद हो गई। हरमाड़ा थाना पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा निवासी नरेन्द्र कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। बेनाड रोड हरमाड़ा में उनकी शिव शक्ति ट्रेडिंग कंपनी के नाम से हार्डवेयर एंड सेनेटरी की शॉप है। शुक्रवार रात को रोज की तरह शॉप लॉक कर वह घर चले गए। देर रात चोरों ने हार्डवेयर एंड सेनेटरी शॉप को निशाना बनाया। शटर तोड़कर बदमाश शॉप के अंदर घुसे। गल्ले में रखे करीब 20 हजार रुपए और शॉप से करीब 10 लाख रुपए कीमत का माल प्लास्टिक कट्टों में भरकर चुरा ले गए। शनिवार सुबह पड़ोसी ने शटर टूटा देखकर ऑनर को कॉल कर बनाया। शॉप में चोरी का पता चलने पर ऑनर की सूचना पर हरमाड़ा थाना पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए। दुकान में लगे कैमरों फुटेजों को खंगालने पर चोरों की करतूत कैद मिली। रात करीब 3 बजे नकाबपोश दो बदमाश शटर तोड़कर अंदर घुसे। इससे पहले बदमाशों ने बाहर लगे कैमरों को छत की ओर मोड दिया। शॉप के अंदर आने के बाद गल्ले को तोड़कर कैश निकाला। सामान चुराने से पहले अंदर लगे कैमरों को भी छत की ओर मोड दिया। करीब 50 मिनट शॉप में रखकर प्लास्टिक कट्टो में 10 लाख रुपए कीमत का सामान भर ले गए। पुलिस प्रथमदृष्टया मान रही है कि अंदर घुसे नकाबपोश चोरों के साथी दूर खड़े होकर नजर रख रहे थे। चोरी किए माल को किसी वाहन में लोड कर बदमाश फरार हुए है।

### छात्र से मारपीट कर नकदी छीनी

**जयपुर**। महेश नगर थाना इलाके में एटीएम से पैसे निकालकर कोचिंग में जमा करवाने जा रहे छात्र के बाइक सवार बदमाश टक्कर मारकर 18 हजार रुपए छीन ले गए। पीड़ित छात्र ने कोचिंग से सीसीटीवी फुटेज निकालकर पुलिस को दिए जिसमें बाइक सवार बदमाश पैसे छीनते हुए नजर आ रहे है। हैरानी की बात यह है कि जब पीड़ित महेश नगर थाने पहुंचा तो वहां गुमशुदगी दर्ज करके इतिश्री कर ली गई। जानकारी के मुताबिक निशांत कुमार मीणा गोपालपुरा गांव त्रिवेणी नगर का रहने वाला है। पांच छह दिन पहले ही वह गांव से जयपुर आकर सैकण्ड ग्रेड की तैयारी कर रहा है। यहां एक निजी कॉलेज में कोचिंग कर रहा है। शुक्रवार को वह त्रिवेणी नगर स्थित एटीएम से 18 हजार रुपए निकालकर पैदल ही कोचिंग में पैसे जमा करवाने जा रहा था। तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके टक्कर मार दी। इसके बाद बदमाश वापस आए और उससे झगड़ा करने लगे।

### यूनिवर्सिटी के लिए 25 करोड़ मंजूर

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय के निर्माण हेतु 25 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से प्रदेश के दिव्यांग विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा। विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर वे अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।



हर किसी की अपनी राय होती है। पूर्व खिलाड़ियों को अपने विचार साझा करने का पूरा अधिकार है लेकिन मैं नहीं मानता कि इस टीम में किसी तरह का अहंकार है।


– रविन्द्र जडेजा

भारतीय क्रिकेटर, कपिल देव की खिलाड़ियों को लेकर की गई टिप्पणी पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## मोहम्मद कैफ



**टीम** इंडिया ने कंगारुओं के खिलाफ शुरू हुई तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भले ही पांच विकेट से जीत कर सीरीज में बढ़त हासिल कर ली हो, लेकिन इसके बावजूद पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने 2023 को लेकर वॉर्निंग दी है। कैफ ने की दिशा में आगे बढ़ते हुए मेगा टूर्नामेंट की तैयारियों में बड़ी खामी व्यक्त करते हुए कहा कि कप्तान रोहित और राहुल द्रविड़ ने अगर इस पर ध्यान नहीं दिया, तो भारत विश्व कप में हार सकता है। दरअसल अपने समय के दिग्गज फील्डर रहे कैफ ने टीम इंडिया की फील्डिंग पर सवाल उठाया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकार्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में बारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# हांगझोउ में हुआ 19वें एशियाई खेल का उद्घाटन

हांगझोउ, 23 सितंबर। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की उपस्थिति में हांगझोउ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में शनिवार रात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इको-फ्रेंडली टेक्नोलॉजी के साथ 19वें एशियाई खेल का आधिकारिक शुभारंभ हुआ। इन खेलों में इस बार 12 हजार से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। एशियाई खेल 2023 के उद्घाटन समारोह में चीन की समृद्ध विरासत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इको-फ्रेंडली टेक्नोलॉजी के साथ देश के आधुनिक दृष्टिकोण को भी दुनिया के सामने पेश किया।

यह एशियाई खेल 2023 खेलों का पहला संस्करण है जिसमें डिजिटल मशाल-प्रज्ज्वलन समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में लाखों मशाल-वाहक क्रियानतांग नदी पर डिजिटल लौ को डिजिटल मानव आकृति में बदला। 3डी एनिमेशन हांगझोउ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाज़ी भी की गई। चीन हांगझोउ के साथ पांच अन्य शहर हुझोउ, निंग्बो, शाओजिंग, जिन्हुआ और वेंझोउ में खेलों को आयोजित किया जायेगा।

भारतीय दल की अगुवाई कर रहे हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह कुर्ता और पायजामा उसके ऊपर रंगबिरंगी जैकेट पहने हुए थे और वहीं विश्व चैंपियन मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन साड़ी पहने हुए थी। दोनों संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज के उठाये हुए थे। इस दौरान अन्य महिलाओं सदस्यों ने भी पारंपरिक परिधान साड़ी पहनी हुई थी और उनके हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा था। एशियाई खेलों में भारतीय दल की 921 सदस्य है, जिसमें 655 एथलीट, 260 कोच और सहायक कर्मचारी शामिल हैं। एशियाई खेलों में यह देश का अब तक का सबसे बड़ा दल है।

फुटबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट, रोइंग, सेलिंग (नौकायन), टेबल टेनिस, आधुनिक पेंटाथलन आदि खेलों में मुकाबले उद्घाटन समारोह से पहले ही शुरू हो गए। महिला क्रिकेट, भारतीय महिला टीम पहली बार इन खेलों में शिरकत कर रही है और सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। टीम से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। वहीं, ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली पुरुष क्रिकेट टीम भी पीला तमगा पाने का माद्दा रखती है। हालाँकि भारत ने अपनी सीनियर टीम को एशियन खेल में नहीं भेजा है और जो टीम भेजी गई है, उसकी कप्तानी रितुराज गायकवाड़ कर रहे हैं।

जबकि भारतीय महिला टीम की कमान दो मैचों के लिए स्मृति मंधाना के पास है। टीम में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर भी हैं। लेकिन उन पर दो मैचों की रोक लगी है। भारतीय महिला टीम पहले ही सेमी फ़ाइनल



में पहुँच चुकी है। पुरुष मुकाबलों में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को सीधे क्वार्टर फ़ाइनल में जगह मिली है। भारत अपना क्वार्टर फाइनल मैच तीन अक्तूबर को खेलेगा। भारत की महिला और पुरुष टीम को पदक का बड़ा दावेदार माना जा रहा है।

पुरुष-महिला हॉकी टीमें मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारतीय पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों का स्वर्ण जीतना माना जा रहा है। पुरुष और महिला कबड्डी टीम से भी स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें हैं। पिछली बार पुरुष टीम ने कांस्य और महिला टीम ने रजत पदक जीता था। निशानेबाजी में निशानेबाजों ने 2018 में दो स्वर्ण सहित नौ पदक जीते थे, लेकिन इस बार वे शायद इस संख्या को पार नहीं कर पाएं। मुक्केबाजी में निकहत जरीन और बोरगोहेन स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल दावेदार हैं। कुश्ती में अंतिम पंघाल से स्वर्ण की आस है। उन्होंने हाल ही में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक कोटा दिलाया।

नीरज चोपड़ा भाला फेंक (जैवलिन थ्रो)के इस एशियन खेल में भी भारत की ओर से स्वर्ण पद के दावेदार हैं। वहीं निखत ज़रीन से एशियन खेल में स्वर्ण पदक की उम्मीद है। भारतीय मुक्केबाज़ी की पोस्टर गर्ल अंतिम पंघाल महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने हाल ही में वर्ल्ड चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता है। इसके साथ ही उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए 53 किलोग्राम भार वर्ग में कोटा हासिल कर लिया है। हॉकी टीम भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियन चैम्पियंस ट्रॉफ़ी में जीत के बाद काफ़ी उत्साहित है। इस एशियन खेल में उसे स्वर्ण पद का बड़ा दावेदार माना जा रहा है। भारत पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी हरमनप्रीत सिंह के पास है, जो उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व भी करेंगे। वहीं भारत की महिला हॉकी टीम से भी बड़ी उम्मीदें हैं। टीम की कप्तानी सविता पुनिया के पास है।

सात्विक सैराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी- बैडमिंटन, इस साल चार ख़िताब जीत चुकी भारत की इस जोड़ी को इस एशियन खेल में स्वर्ण पद का दावेदार माना जा रहा है। सात्विक और चिराग इस समय ज़बरदस्त फ़ॉर्म में चल रहे हैं। मीराबाई चानू भारोत्तोलन में एक बार फिर भारत की मीराबाई चानू से बड़ी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। प्रणॉय- बैडमिंटन, बैडमिंटन के सिंगल्स मुक़ाबलों में एचएस प्रणॉय भारत के दमदार खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। इस एशियन खेल में उनसे भी स्वर्ण पद की उम्मीद की जा रही है।

भारत के मोहम्मद अनस, अमोज जैबक, मोहम्मद अजमल और राजेश रमेश की चौकड़ी के हाल ही में हुए वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारत की ये चौकड़ी 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में फ़ाइनल तक पहुँची थी। इस चौकड़ी एशियाई खेल में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। रूद्रांक्ष पाटिल, महाराष्ट्र से आने वाले 19 वर्षीय निशानेबाज़ रूद्रांक्ष पाटिल पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा लेंगे। उनसे पुरुषों की 10 मीटर एयर रायफल में उनसे काफी उम्मीदें हैं।

## भारत बना क्रिकेट की दुनिया का सरताज

मोहाली 23 सितंबर। आस्ट्रेलिया को पहले एक दिवसीय मैच में हरा कर भारत ने टी-20 और टेस्ट मैच के बाद वनडे रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। शुक्रवार को खेले गये मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया था और इस जीत के साथ ही टीम ने पाकिस्तान को वनडे रैंकिंग के शीर्ष से नीचे ढकेलते हुये खुद को नम्बर एक पर काबिज कर लिया। क्रिकेट के तीनो प्रारूपों में अव्वल रहने का करिश्मा इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम ने वर्ष 2012 में किया था। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की जीत के बाद फ़िलहाल भारत के पास 116 अंक हैं जबकि पाकिस्तान 115 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया है। सितंबर के महीने में भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच लगातार शीर्ष स्थान के लिए लड़ाई चलती रही है। एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद पाकिस्तान ने नंबर 1 रैंकिंग अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ़्रीका में लगातार तीन मैच हारते हुए इस रेस में पिछड़ गए थे। भारत ने पहले एशिया कप फ़ाइनल में श्रीलंका को रौंदा और फिर मोहम्मद शमी की गेंदबाज़ी से प्रेरित ऑस्ट्रेलिया को ऐसे मैच में हराया जहां 1987 के बाद केवल पहली बार उनके लिए शीर्ष छह में चार बल्लेबाज़ों ने अर्धशतक जड़े। भारत के पास चार ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो खिलाड़ियों के रैंकिंग्स में टॉप स्थान पर हैं। सूर्यकुमार यादव टी20आई के शीर्ष बल्लेबाज़ हैं, मोहम्मद सिराज वनडे के शीर्ष गेंदबाज़, जबकि आर अश्विन और रवींद्र जाडेजा क्रमश: टेस्ट के शीर्ष गेंदबाज़ और ऑलराउंडर स्थान पर क़ाबिज़ हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज़ के बचे मैच इंदौर और राजकोट में खेले जाएंगे। इसके बाद उन्हें दो विश्व कप वॉर्म-अप खेलकर अपने अभियान की शुरुआत चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के ही ख़िलाफ़ करनी होगी।

## टीटी में भारत ने दिखाया दम, महिला और पुरूष अगले दौर में

हांगझोउ, 22 सितंबर। टेबल टेनिस में महिला और पुरूष टीम ने शुक्रवार को अपने अपने ग्रुप मैच जीतकर 19वें एशियाई खेलों में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। यमन के खिलाफ पहले मुकाबले में शरथ कमल, जी साथियान और हरमीत देसाई ने 3-0 से आसान जीत दर्ज की जबकि बाद में सिंगापुर के खिलाफ भी पुरूष टीम ने मुकाबला 3-1 से अपने नाम कर लिया। जी साथियान ने यमन के अली उमर अहमद को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया जबकि उम्रदराज शरथ ने इब्राहिम अब्दुलहकीम मोहम्मद गुब्रान को 11-3, 11-4, 11-6 से शिकस्त दी। देश के शीर्ष वरीय खिलाड़ी हरमीत ने मगद अहमद अली अल्धुभानी को 11-1, 11-1, 11-7 से हराकर मुकाबला भारत के नाम किया। दिन के दूसरे मैच में साथियान ने सिंगापुर के इजक यंग क्वेक को 5-11 12-10 11-6 11-9 से हराया वहीं हरमीत ने यिउ एन कोएन पांग पर 5-11 12-10 11-6 11-9 से शिकस्त दी। हालांकि शरथ कमल को झे यु क्लारेंस चियू से 11-13 8-11 12-10 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। बाद में साथियान ने पांग को 11-7 10-12 11-9 11-6 से घुटनो पर बैठा दिया। भारतीय महिला टीम ने पूल एफ के शुरुआती मैच में सिंगापुर को 3-2 से हराया। पहले मैच में अयहिका मुखर्जी को जियांग जेंग से 11-7 2-11 7-11 10-12 से हार का सामना करना पड़ा मगर मनिका बत्रा ने जिंग्यी झोउ को 11-9 9-11 11-7 11-3 से हराकर मुकाबला बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। श्रीजा अकुला ने जिन रू वोंग को 12-14 11-9 8-11 11-9 11-7 से पराजित कर भारत को बढ़त दिला दी मगर यह बढ़त लंबे समय तक नहीं चल सकी जब मनिका बत्रा को झेंग से 3-11 11-3 10-12 12-10 10-12 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन मुखर्जी ने झोउ पर 11-7 11-8 9-11 11-5 की जीत से सुनिश्चित किया।

## मोहाली में भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैच आज

चंड़ीगढ़, 23 सितम्बर। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले वनडे मैच को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसमें करीब 3 हजार कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही करीब 15 दंगा रोधी टीम भी तैनात की गई हैं। मोहाली पुलिस के अलावा दूसरे जिलों से भी सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं। क्रिकेट मैच के दौरान किसी प्रकार की सुरक्षा संबंधी कोई समस्या न हो इसके लिए मोहाली पुलिस ने पूरे इंतजाम कर लिए हैं।

सुरक्षा प्रबंधन की जानकारी देते हुए लॉ एंड ऑर्डर अर्पित शुक्ला ने बताया कि मैच के दौरान सुरक्षा की जिम्मेदारी रोपड़ रेंज के गुरप्रीत सिंह भुल्लर की होगी। उनके निर्देशन में मोहाली के डॉ. संदीप गर्ग और रोपड़ के विवेकशील सोनी सुरक्षा प्रबंध देखेंगे। इसमें डॉ. संदीप गर्ग स्टेडियम के अंदर की जिम्मेदारी निभाएंगे।

भारत-ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट मैच देखने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए मोहाली प्रशासन की तरफ से 10 जगह पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसमें सबसे बड़ी पार्किंग सेक्टर- 68 वन विभाग के सामने बनाई गई है। यहां पर करीब 1000 गाडी खडी करने की व्यवस्था है। वीआईपी पार्किंग के लिए हॉकी स्टेडियम में व्यवस्था की गई है। इसके अलावा फेज- 8 में भी पार्किंग की व्यवस्था है। मोहाली प्रशासन ने भवन, पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड, फेज-10 मार्केट, फेज-11 मार्केट, चौक, और गेट नंबर 6, 7, 8, और 9 के सामने फेज- 9 में खाली ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की है।

## वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाक टीम का ऐलान

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। पाकिस्तान का पहला मुकाबला 6 अक्टूबर को हैदराबाद के उप्पल मैदान पर नीदरलैंड से होगा। वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है। **यह है पाकिस्तान टीम:** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल हक, अब्दुल्लाह शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, शाहीन शाह अफरीदी, हरिफ रऊफ मोहम्मद वसीम जूनियर, और हसन अली।

## एशियाई खेल 2023 में ध्वजवाहक हरमनप्रीत सिंह और लवलीना ने किया भारत का नेतृत्व

होंगझोऊ, 23 सितंबर। चीन के होंगझोऊ में एशियाई खेल 2023 का उद्घाटन समारोह शनिवार को भारतीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे से शुरू हुआ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने ध्वजवाहक की भूमिका निभाई। एशियाई खेल में भारत के 655 एथलीट 39 खेलों में हिस्सा लेंगे।

इन खेलों का आयोजन पिछले साल 2022 में किया जाना था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इन्हें 2023 के लिए स्थगित कर दिया गया। ऐसे में इस बार पांच साल बाद एशियाई खेलों का आयोजन हो रहा है। एशियाई खेलों में 45 देशों के एथलीट अलग-अलग खेलों में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ध्वजवाहक की भूमिका निभाई। दोनों ने परेड में भारतीय दल की अगुआई की। परेड की शुरुआत करने वाला पहला देश अफगानिस्तान था, उसके बाद बहरीन, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, हांगकांग, चीन, भारत, इंडोनेशिया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, इराक थे।

भारत हांगझोउ में 39 स्पर्धाओं के लिए 655 खिलाड़ियों के सबसे बड़े दल के साथ पहुंचा है और उसकी कोशिश इंडोनेशिया 2018 में जीते गए 70 पदकों (16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य) से बेहतर 100 पदक जीतकर बेहतर प्रदर्शन करने पर जोर रहेगा ताकि वह दुनिया को दिखा सके कि टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद से देश में खेल ने किस तरह से तेजी से बदलाव आया है।

गौरतलब है कि टोक्यो 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा साल 2018 में आयोजित जकार्ता एशियाई खेलों में ध्वजवाहक थे। महाद्वीपीय प्रतियोगिता में कुल 655 भारतीय एथलीट 39 खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। यह एशियाई खेल में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल है।


## फिरकी के आगे पस्त हुए बांग्लादेश के बल्लेबाज

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। न्यूजीलैंड की टीम इन दिनों बांग्लादेश के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आज पहला मैच खेला गया। न्यूजीलैंड ने 86 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया है। गेंदबाजी में ईश सोढ़ी ने रिकॉर्ड तोड़ 6 विकेट लिए। बांग्लादेश की पूरी टीम 41वें ओवर में 10 विकेट गंवाकर 168 रन पर पवेलियन लौट गई। न्यूजीलैंड की टीम इन दिनों बांग्लादेश के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आज पहला मैच खेला गया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने 86 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया है। पारी का आगाज करने उतरे फिन एलन और विल यंग ने पारी का आगाज किया। हालांकि टीम की शुरुआत अच्छी हीं और टीम पहले 7 ओवर में अपने 3 विकेट गंवा बैठी। इसके बाद हेनरी निकोल्स और टॉम ब्लंडेल क्रीज पर आए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 111 गेंदों में 95 रन जोड़े।

26वें ओवर की दूसरी गेंद पर हेनर 131 के टीम स्कोर पर अपना विकेट गंवा बैठे। निकोल्स 1 रन से अपने अर्धशतक से चूक गए। टॉम ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 68 रन बनाए। इसके बाद ईश सोढ़ी ने 35 रन बनाए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। न्यूजीलैंड की टीम 49वें ओवर की दूसरी गेंद पर 254 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। गेंदबाजी में बांग्लादेश की ओर से खालिद अहमद और महेदी हसन ने 3-3 विकेट चटकाए।

## भव्यता लिये होगा वाराणसी का इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

वाराणसी, 23 सितम्बर। स्टेडियम को करीब 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा । जिसका उदघाटन आज पीएम नरेन्द मोदी ने किया। वाराणसी क्रिकेट स्टेडियम की वास्तुकला भगवान शिव से प्रेरित है, जिसमें अर्धचंद्राकार छत कवर, त्रिशूल के साइज की फ्लड-लाइट, घाट सीढ़ियों यों पर आधारित बैठने की व्यवस्था और बिल्विपत्र के साइज की धातु की चादरें शामिल है। वाराणसी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की क्षमता 30,000 दर्शकों की होगी। स्टेडियम की दर्शक गैलरी वाराणसी के घाटों की सीढ़ि यों जैसी होगी। स्टेडियम के दिसंबर 2025 तक तैयार होने की उम्मीद है और यह कानपुर और लखनऊ के बाद उत्तर प्रदेश का तीसरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होगा।



## सचिन तेंदुलकर ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में माथा टेका

वाराणसी 23 सितंबर। भारतीय क्रिकेट के महानतम बल्लेबाज रहे मास्टर ब्लास्टर्स सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को यहां श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में पहुंच कर ज्योर्तिलिंग का दर्शन पूजन किया। लाल रंग के लिबास में बाबा विश्वनाथ धाम पहुंचे तेंदुलकर ने विधिविधान से दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सचिन करीब 15 मिनट तक विश्वनाथ धाम में रहे। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। सचिन यहां उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के भव्य स्टेडियम के आधारशिला कार्यक्रम में भाग लेने आये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगभग 451 करोड़ रूपये लागत के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। यह यूपीसीए का पहला स्टेडियम होगा। इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर समेत कई जानी मानी हस्तियां मौजूद रहेंगी।

## एशियाड में भारत के शतरंज अभियान में प्रज्ञानानंदा पर होगा फोकस

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। एशियाई खेलों में भारत की निगाहें की शतरंज स्पर्धा में पदक जीतकर कुल संख्या में इजाफा करने पर लगी होगी। इसमें सभी का ध्यान हाल में विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा ठौंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के प्रदर्शन पर लगा होगा। भारत की निगाहें एशियाई खेलों की शतरंज स्पर्धा में पदक जीतकर कुल संख्या में इजाफा करने पर लगी होगी और इसमें सभी का ध्यान हाल में विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा ठौंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के प्रदर्शन पर लगा होगा। प्रज्ञानांनदा (18 वर्ष) टीम स्पर्धा (स्टैंडर्ड टाइम कंट्रोल के अंतर्गत खेली जाने वाली) के लिए मजबूत टीम का हिस्सा हैं जिसमें साथी जीएम डी गुकेश भी शामिल हैं जिनकी बदौलत भारत स्वर्ण पदक हासिल करने की कोशिश करेगा। इन दोनों की हाल की शानदार फॉर्म को देखते हुए भारत को पीले तमगे की उम्मीद है जिसमें अनुभवी पी हरिकृष्णा, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगेसी मजबूत सहयोग मुहैया करायेंगे। व्यक्तिगत स्पर्धा रैपिड प्रारूप में खेली जायेगी जो रविवार से शुरु होगी और इसके बाद टीम स्पर्धा आयोजित होगी। गुजराती और एरिगेसी पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी और डी हरिका यह जिम्मेदारी उठायेंगीं।

# गौतम गंभीर की नजर में बाबर आजम वर्ल्ड कप में मचाएंगे धमाल, रोहित, विराट और रूट रह जाएंगे पीछे

नई दिल्ली, 23 सितंबर। भारत में होने वाले आगामी वनडे विश्व कप को शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हुए। कई टीमें भारत पहुंच गई हैं, जबकि कुछ टीमें आने वाले दिनों में आने वाली हैं। विश्व कप से ठीक पहले वॉर्म अप मैच भी खेले जाएंगे, जिस पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी। आगामी विश्व कप को लेकर पूर्व क्रिकेटर और फैंस ने अपनी पसंदीदा टीमें और खिलाड़ी भी चुन लिए हैं।

भारत के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने एक शो के दौरान कहा कि बाबर आजम विश्व कप 2023 में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की क्षमता रखते हैं। बाबर आजम ने एशिया कप में नेपाल के खिलाफ 151 रन की पारी खेली थी लेकिन उसके बाद के मैचों में वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन




नहीं कर सके। गौतम गंभीर का मानना है कि आगामी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम रोहित शर्मा, केन विलियमसन, विराट कोहली और जो रूट जैसे खिलाड़ियों को पछाड़ सकते हैं। गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक शो में कहा, बाबर आजम इस विश्व कप में धमाल मचा सकते हैं। मैंने कई खिलाड़ियों को देखा है, जिनके पास इतना समय होता है।

मुझे लगता है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली, केन विलियमसन और जो रूट हैं, लेकिन बाबर आजम की क्षमता अलग स्तर की है। बाबर आजम वनडे में नंबर वन बल्लेबाज हैं। उन्होंने 108 मैचों में 58.16 के औसत से 5409 रन बनाए हैं। अपने करियर में उन्होंने 19 शतक और 28 अर्धशतक लगाए हैं। इस साल बाबर आजम ने 15 पारियों में 745 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने दो शतक और 6 अर्धशतक लगाए हैं। आगामी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान का पहला मैच नीदरलैंड के खिलाफ है। ये मैच हैदराबाद में 6 अक्टूबर को खेला जाएगा।

**विश्व कप 2023 के लिए पाकिस्तान टीम :** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, इफ्तिखार अहमद, इमाम-उल-हक, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, सलमान अली आगा, सऊद शकील, शाहीन शाह अफरीदी, उसामा मीर, ट्रेवलिंग रिजर्व: अबरार अहमद, ज़मान खान, मोहम्मद हारिस।



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी आम आदमी के बीच जाकर उनके साथ समय बिताने लगे हैं। इस बात को लेकर इन दिनों वो रोज चर्चा में रहते हैं। राहुल गांधी शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम को संबोधित करने जयपुर आये तब यहाँ भी उन्होंने एक ऐसा मौका ढूंढ ही लिया। राहुल गांधी ने महारानी कॉलेज जाकर वहां छात्राओं के साथ बातचीत की और फिर एक स्टूडेंट की स्कूटी पर पीछे बैठकर मानसरोवर (जयपुर) स्थित सभास्थल पर पहुँचे। राहुल को अपनी स्कूटी पर पीछे बैठाने वाली स्टूडेंट भी काफी उत्साहित नज़र आई।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू और निज्झर की सभी सम्पत्ति एन.आई.ए ने जब्त की

## जालंधर में आतंकी के घर के बाहर एन.आई.ए. ने नोटिस चिपका दिया है कि, अब यह सम्पत्ति केन्द्र सरकार की है

- **गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिका स्थित अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एफ.एस.जे.) के संस्थापकों में से एक हैं और अमेरिका, कैनडा और ब्रिटेन में सिखों के लिए एक अलग राज्य, जिसे वे खालिस्तान कहते हैं, की सक्रिय रूप से पैरवी करते हैं।**

जालंधर , 23 सितंबर (वार्ता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एन.आई.ए.) ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत चंडीगढ़ और अमृतसर में प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एस.एफ.जे.) संगठन के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपत्तियों को जब्त कर लिया है।

एन.आई.ए. मोहाली अदालत के आदेश पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्झर के घर पर भी कार्रवाई हुई है। जालंधर जिले के भारसिंहपुरा गांव में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्झर के घर के बाहर संपत्ति जब्ती का नोटिस चिपका दिया है।

चंडीगढ़ के सेक्टर 15 में पन्नू के आवास के बाहर चिपकाए गए संपत्ति जब्ती नोटिस में लिखा है, मकान नंबर 2033 का 1/4 हिस्सा सेक्टर 15-सी, चंडीगढ़, गुरपतवंत सिंह पन्नू के स्वामित्व में, जो एन.आई.ए. मामले ॰ा ा र ॰ा ा ॅ - 19/2020/एन.आई.ए./डी.एल.आई . में 'घोषित अपराधी' है, गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की धारा 33 (5) के तहत राज्य द्वारा जब्त कर लिया गया है।

इसी तरह का नोटिस अमृतसर में गुरपतवंत सिंह पन्नू के पैतृक गांव खानकोट में उनकी कृषि भूमि पर भी लगाया गया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 2020 में दर्ज एक आतंकवादी मामले के संबंध में गांव में पन्नू की 46 कनाल कृषि भूमि जब्त कर ली है। पन्नू के पिता मोहिंदर सिंह पन्नू विभाजन से पहले तरनतारन के पट्टी उपमंडल के नाथू चक गांव के निवासी थे। विभाजन के बाद परिवार अमृतसर के खानकोट गांव में स्थानांतरित हो गया।

गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिका स्थित अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एस.एफ.जे.) के संस्थापकों में से एक हैं और अमेरिका, कैनडा और ब्रिटेन में सिखों के लिए एक अलग राज्य, जिसे वे खालिस्तान कहते हैं, की सक्रिय रूप से पैरवी करते हैं। जुलाई 2020 में, पन्नू को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था और दो महीने बाद, सरकार ने कड़े गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 51 ए के तहत उसकी संपत्तियों की कुर्क का आदेश दिया।

पन्नू भारत के खिलाफ अभियान चला रहा है और अपने गृह राज्य पंजाब में सिख युवाओं को आतंकवाद में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। वह तथाकथित खालिस्तान जनमत संग्रह के एक प्रमुख आयोजक रहे हैं, जिन्होंने दुनिया भर के सिखों को इस बात पर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया कि क्या पंजाब को धर्म के आधार पर एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाना चाहिए। उन्होंने कैनडा स्थित हरदीप सिंह निज्जर के साथ भी मिलकर काम किया, जिनकी हत्या कैनडा और नई दिल्ली के बीच राजनयिक गतिरोध के केंद्र में रही है।

कैनडा में बढ़ रही खालिस्तानी गतिविधियों के पीछे गुरपतवंत सिंह पन्नू का हाथ है। यह वही पन्नू है , जो अक्सर सोशल मीडिया पर भारत विरोधी बातें करता है। कैनडा मामले में भारत में प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत पन्नू ने एक वीडियो जारी कर भारतीय मूल के हिंदुओं को धमकी दी थी। इसके साथ ही, उनसे देश छोड़ने के लिए भी कहा था।

## राज्य सरकार की अपील खारिज

जयपुर 23 सितंबर । राजस्थान हाईकोर्ट ने वर्ष 2017 में जल संसाधन विभाग से रिटायर हुए असिस्टेंट इंजीनियर के सेवा परिलाभ पर दिए ब्याज के मामले में राज्य सरकार की ओर से बिना कारण अपील दायर करने पर नाराजगी जताई है। और अदालत ने अपील को फिलूज बताते हुए राज्य सरकार पर 50 हजार रुपए का हर्जाना लगा दिया है। मुख्य न्यायाधीश ए.जी. मसीह व जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि राज्य सरकार बिना किसी उचित कारण ही अदालत में अपील दायर कर रही है।

अदालत ने राज्य सरकार की ओर से पैरवी करने वाले एएजी एसएस राघव को मौखिक तौर पर कहा कि सरकारी अफसरों की हर बात नहीं माननी चाहिए। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार के अफसरों ने ही रिटायर हुए कर्मचारी के मामले की जांच में देरी की, जिससे उसे बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पाया।

- **वर्ष 2017 में वॉटर वर्क्स से रिटायर हुए एइएन को सेवा परिलाभ पर ब्याज के मामले में राज्य सरकार द्वारा दायर अपील की हाई कोर्ट ने फिजूल बताया और 50,000 रू. का हर्जाना लगाया।**

वहीं एकलपीठ के आदेश के खिलाफ व्यर्थ की अपील पेश कर दी, जिससे अदालत में अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ रही है।

मामले के अनुसार हरीश कुमार व्यास 30 जून, 2017 को जल संसाधन विभाग से रिटायर हुए थे। उसके खिलाफ किसी मामले में विभागीय जांच चल रही थी। इस जांच को पूरा करने में ही विभाग ने सात साल लगा दिए और यह 9 फरवरी 2021 को पूरी हुई। इसके चलते हरीश कुमार को सेवा परिलाभ के भुगतान में देरी हुई। उसने सेवा परिलाभ दिलवाने के लिए एकलपीठ में याचिका दायर की। जिस पर एकलपीठ ने 30 मार्च 2022 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को उपार्जित अवकाश की राशि देने का निर्देश देते हुए बकाया राशि नौ प्रतिशत ब्याज सहित देने का आदेश दिए। एकलपीठ के इस आदेश को राज्य सरकार ने बिना उचित कारण ही खंडपीठ में चुनौती दी।

# राहुल छात्रा की स्कूटी पर बैठकर सभा स्थल पहुंचे

## राहुल ने महारानी कॉलेज में मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरित की

- **महारानी कॉलेज से राहुल गांधी हैलमेट लगाकर स्कूटी पर बैठकर मानसरोवर पहुंचे।**
- **राहुल ने महारानी कॉलेज में छात्राओं से बात की और महिला आरक्षण बिल पर चर्चा की।**

जयपुर 23 सितंबर (का.प्र.)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी शनिवार को प्रदेश के सबसे बड़े महिला महाविद्यालय, महारानी कॉलेज पहुंचे। पहले तो यहां उन्होंने मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरित की और फिर एक छात्रा के साथ स्कूटी पर बैठकर महारानी कॉलेज से मानसरोवर सभा स्थल के लिए रवाना हुए।

इससे पहले उन्होंने कॉलेज में छात्राओं से संवाद किया। राहुल ने यहां आने पर खुशी जताते हुए कहा कि, वो कई सारे शैक्षिणक संस्थानों में जा चुके हैं, लेकिन महारानी कॉलेज उन बैस्ट इन्स्टिट्यूट्स में से एक है, जहां वो गए हैं। आगे राहुल ने कहा कि, युवाओं के लिए जो जरूरी है, उस विषय पर बात होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने महिला आरक्षण बिल पर भी खुलकर अपने विचार रखे।

अन्य कार्यक्रमों से पहले महारानी कॉलेज पहुंचे राहुल गाँधी ने लाइब्रेरी विजिट की और फिर इसके बाद मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरित की। यहां से मानसरोवर स्थित सभा स्थल तक जब हैलमैट पहने राहुल गांधी एक छात्रा की स्कूटी पर बैठकर गए, उस समय उनकी सिक्यूरिटी के लोग मुख्य मार्ग टोंक रोड पर दौड़ते नज़र आए। राहुल गाँधी को अपनी स्कूटी पर पीछे बैठाने वाली छात्रा भी खासा उसाहित लग रह थी

मानसरोवर में सभा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी सेंट्रल पार्क गए, जहां उन्होंने गांधी वाटिका का लोकार्पण किया।

## प्र.मंत्री 9 ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रधानमंत्री कार्यालय (पी.एम.ओ.) की ओर से बताया गया है कि नई ट्रेन्स यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव देंगी और पर्यटन को बढ़ावा देंगी।

प्रधानमंत्री इन रूट्स की नई वंदे भारत एक्सप्रैस ट्रेन्स की शुरुआत करेंगे:-

1. उदयपुर-जयपुर
2. तिरुनेल्वेलि-मदुरै-चैन्नै
3. हैदराबाद-बैंगलुरु
4. विजयवाड़ा-चैन्नै (वाया रेनिगुन्टा)
5. पटना-हावड़ा
6. कसारागोड-तिरुवनन्तपुरम
7. राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी
8. रांचि-हावड़ा और
9. जामनगर-अहमदाबाद

पी.एम.ओ. की ओर से आगे बताया गया कि इन वंदे भारत ट्रेन्स से देश में रेल सेवाओं के एक नए सोपान की शुरुआत होगी।

इन ट्रेन्स में कवच तकनीकी सहित सुरक्षा के अत्याधुनिक साधन और विश्व स्तरीय सुविधाएं हैं। ये साधारणजनों, पेशेवरों, कारोबारियों, छात्र वर्ग और पर्यटकों को यात्रा का आधुनिक गतिशील एवं सहज साधन उपलब्ध करवाने की दिशा में एक कदम है।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी में ए.बी.वी.पी. की जीत का परचम लहराया

## ए.बी.वी.पी. ने अध्यक्ष समेत तीन पदों पर कब्जा किया, एन.एस.यू.आई. को एक सीट मिली

- **दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ चुनाव में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने वाले वामपंथी छात्रों के संगठन आइसा को इस बार एक भी सीट नहीं मिली।**
- **आइसा की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार को मात्र तीन हजार वोट ही हासिल हुये।**

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। दिल्ली विश्वविद्यालय में करोना महामारी की वजह से तीन साल बाद हुए छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) ने अध्यक्ष पद समेत तीन सीटों पर दर्ज की है जबकि नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एन.एस.यू.आई.) ने उपाध्यक्ष पद पर जीत का परचम लहराया है। छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर ए.बी.वी.पी. के तुषार डेढ़ा ने एन.एस.यू.आई. के हितेश गुलिया को 3,115 मतों से पराजित किया। अध्यक्ष पद पर ए.बी.वी.पी. के तुषार डेढ़ा को 23,460 मत मिले हैं जबकि अध्यक्ष पद पर एन.एस.यू.आई. हितेश गुलिया को 20,345 वोट मिले हैं।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर एन.एस.यू.आई. के अभि दहिया को 22,331 वोट और ए.बी.वी.पी. सुशांत धनखड़ को 20,502 वोट मिले हैं। सचिव पद पर ए.बी.वी.पी. की अर्पिता को 24,534 वोट और वहीं एन.एस.यू.आई. की यक्षणा शर्मा को 11,597 वोट मिले हैं। सह सचिव पद पर ए.बी.वी.पी. के सचिन बैंसला को 24,955 वोट और एन.एस.यू.आई. के शुभम कुमार को 14,960 वोट मिले हैं।

डूसू चुनावों में शुक्रवार को 42 फीसदी वोट पड़े जो पिछले चुनाव (साल 2019) की तुलना में करीब 2.10 फीसदी अधिक थे। पिछले चुनाव यानी साल 2019 के चुनाव में 39.90 फीसदी वोट पड़े। तीन साल हुए इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पदों के लिए 24 प्रत्याशी मैदान में थे। डीयू के 52 कॉलेजों और केंद्रों पर वोट डाले गए थे।

कॉलेजों में बनाए गए पोलिंग स्टेशन पर तय समय पर सुबह 8.30 से वोटिंग शुरू हुई जो कि दोपहर एक बजे समाप्त हुई।

## अब इंदिरा गांधी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **वर्ष 2014 में मोदी सरकार ने प्रस्ताव पारित किया था कि, महात्मा गांधी के अलावा किसी भी नेता की जयंती या पुण्यतिथि नहीं मनाई जायेगी।**

गिरिराज सिंह, जिन्होंने 1, सफदरजंग को सरकार को वापस किये जाने की मांग की है, ने इस तथ्य को अपने तर्क को आधार बनाया है-राष्ट्रीय राजधानी में इस समय सभी 15 पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिये एक स्मारक है।

सिंह ने एक्स पर कहा, ''मैं मांग करता हूँ कि सारे भारत में बिखरे सभी राजवंशीय भवनों का आकलन किया जाये तथा इनकी तर्काधारित समीक्षा की जाये। इसका शुभारंभ करते हुये, 1, सफदरजंग कॉम्प्लैक्स को तुरंत भारत सरकार को वापस किया जाना चाहिये।

अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार के कार्यकाल में, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने यह प्रस्ताव पारित किया था कि भविष्य में कोई भी सरकारी बंगला राजनेताओं के स्मारक के रूप में तब्दील नहीं किया जायेगा। वर्ष 2014 में, नरेन्द्र मोदी सरकार ने भी इस नीतिगत निर्णय को दोहरा दिया था तथा इसके साथ ही, यह भी संकल्प लिया था कि, महात्मा गांधी के अलावा, किसी भी राजनेता की जयंती का जन्मदिन एवं पुण्यतिथि अब सरकार द्वारा नहीं मनाए जायेंगे।

वर्ष 2018, बसपा प्रमुख मायावती ने लखनऊ में अपना 13 ए, माल एवेन्यू निवास खाली किया था जिसे उन्होंने बसपा के संस्थापक कांशीराम का स्मारक घोषित कर दिया था।

उन्होंने अपना आवास खाली करने का निर्णय सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश की अनुपालना में लिया था, जिसमें कहा गया था कि सभी पूर्व मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास खाली कर दें।

# रूस, अमेरिका और चीन नई न्यूक्लियर वैपन परीक्षण साइट ढूंढ रहे हैं

- **विशेषज्ञ दावा कर रहे हैं कि, ये तीनों देश जल्द न्यूक्लियर परीक्षण शुरु कर सकते हैं।**
- **गौरतलब है कि, साल 1996 में परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि हुई थी। इसके तहत भूमिगत परमाणु परीक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके बाद से ही इन तीनों देशों ने कोई न्यूक्लियर वैपन टैस्ट नहीं किया है।**

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। रूस, अमेरिका और चीन की न्यूक्लियर साइट को लेकर बड़ा दावा किया गया है। तीनों देशों ने अपने परमाणु साइट के पास नई फैसिलिटी तैयार की हैं। साथ ही हाल के वर्षों में नई सुरंगें भी खोदी गई हैं। सी.एन.एन. की ओर जारी सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से यह बात कही जा रही है। यह खबर ऐसे समय सामने आई है जब इन तीनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ा हुआ है और ये सभी बड़ी परमाणु शक्ति वाले देश हैं। क्या रूस, अमेरिका और चीन जल्द ही कोई न्यूक्लियर टैस्ट करने वाले हैं? जो तस्वीरें सामने आई हैं उनमें तो इसके सबूत नहीं मिलते हैं। एक्सपर्ट ने कहा, यह जरूर साबित होता है कि तीनों ही देशों की न्यूक्लियर साइट्स पहले की तुलना में बड़ी हो गई हैं।

बता दें कि चीन की न्यूल्कियर साइट शिनजियांग के सुदूर पश्चिमी क्षेत्र में है। रूस की यह साइट आर्कटिक महासागर द्वीपसमूह और अमेरिका की नेवादा रेगिस्तान में ऑपरेट होती है। सी.एन.एन. के अनुसार, जेफरी लुईस मिडलबरी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में जेम्स मार्टिन सेंटर फॉर नॉनप्रोलिफरेशन स्टडीज के प्रोफेसर हैं। उन्होंने कहा, न्यूक्लियर साइट के पास पहाड़ों के नीचे नई सुरंगों, सड़कों और स्टोरेज फैसिलिटी के साथ वाहनों के यातायात में वृद्धि हुई है। सैटेलाइट तस्वीरों से यह जानकारी सामने आई है।

एक्सपर्ट ने कहा, ऐसे कई सारे हिंट मिल रहे हैं जो बताते हैं कि रूस, चीन और अमेरिका नए न्यूक्लियर टैस्ट फिर से शुरू कर सकते हैं। मालूम हो कि साल 1996 में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि हुई थी। इसके तहत भूमिगत परमाणु परीक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके बाद से ही इन देशों ने ऐसा कोई टैस्ट नहीं किया है। चीन और अमेरिका ने संधि पर हस्ताक्षर तो किए हैं, मगर उन्होंने इसका अनुमोदन नहीं किया। आर्म्स कंट्रोल एसोसिएशन के मुताबिक, दुनियाभर के 9 देशों के पास परमाणु हथियार मौजूद हैं।

## वसंधुरा राजे ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कहा कि, मोदीजी ने महिला आरक्षण बिल के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि, मातृशक्ति की भागीदारी के बिना किसी भी राष्ट्र के नव निर्माण की कल्पना अधूरी है। यह बात उन्होंने अपने सरकारी आवास पर प्रदेश भर से आई महिलाओं से रक्षा सूत्र बंधावते हुए कही। उन्होंने कहा कि, यहाँ मौजूद महिलाओं का जोश देख कर यह तय है कि, नारी शक्ति का यह प्रवाह राजस्थान की महिला विरोधी कांग्रेस सरकार को बहा कर ले जाएगा।

राजे ने कहा, ''रक्षासूत्र यूँ तो कच्चा धागा है, पर मज़बूत और अटूट है, मेरे लिए सुरक्षा कवच है। इसमें राजस्थान की संपूर्ण महिलाओं की शक्ति है जो मुझे हर मुश्किल को पार करने का हौसला देगा और प्रदेशवासियों की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।'' पूर्व मु.मंत्री ने कहा कि, यह धागा उसे ही बांधें जो इस धागे का धर्म निभाये, जैसे भगवान कृष्ण। उन्होंने कहा कि, समाज रूपी बगीचा तब ही खूबसूरत दिखेगा जब उसमें सभी किस्मों के फूल समान भाव से खिलेंगे। अब मिलकर एक ऐसा राजस्थान बनाएं, जहां हमारी बेटियां बेखौफ़ अपना बचपन जी सकें। हमारी बहनें बिना किसी बाधा के अपने सपने पूरे कर सकें। हमारी माताएं सम्मान के साथ सिर ऊँचा करके चल सकें।

## दिल्ली में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के निवासियों को उमस भरे मौसम में इस बारिश से राहत मिली। भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार सुबह बताया कि ''दिल्ली और एन.सी.आर. के सीमावर्ती क्षेत्रों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी तथा बिजली चमकने के साथ आंधी-तूफान और मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। विभाग ने कहा था कि दिल्ली के ही हिण्डन एयर फोर्स स्टेशन, गाज़ियाबाद, इन्दिरापुरम, नोएडा, दादरी, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, सोनीपत और बल्लभगढ़ आदि एन.सी.आर. क्षेत्रों से तेज हवाओं के साथ मध्यम से भारी बारिश होने की उम्मीद है।

## आरक्षण ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विधेयक, जो जल्दबाजी में लाया गया, पारित तो हो गया लेकिन यह किसी को नहीं मालूम कि यह कानून लागू कब होगा। अगर सरकार के कुछ मंत्रियों तथा सांसदों के शब्दों पर यकीन किया जाये, तो यह कानून वर्ष 2039 तक लागू हो पायेगा।'' सुप्रिया श्रीनाटे ने जानना चाहा कि इस आरक्षण विधेयक पारित करने के लिये संसद का विशेष सत्र बुलाने की सरकार को अचानक ही ऐसी क्या जल्दबाजी थी, जबकि इसे अधरझूल में छोड़ दिया जाना था। उन्होंने पूछा कि क्या यह अगले चुनावों में महिलाआं को प्रभावित करने का एक और साधन मात्र नहीं है।

## प्रोटोकॉल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, विधायक और कई वी.आई.पी. भी पानी के लिए एक दूसरे को इशारा करते रहे, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई।

# 'नया संसद भवन भूलभुलैया जैसा है, दूसरे सांसदों के साथ संवाद ही नहीं हो पाता'

## जयराम रमेश ने दावा किया कि, हॉल के कॉम्पैक्ट (सुगठित) नहीं होने की वजह से एक-दूसरे को देखने के लिए दूरबीन की आवश्यकता महसूस होती है

- **जयराम रमेश ने कहा कि, पुराने संसद भवन की कई विशेषताएं थीं। एक विशेषता यह भी थी कि, वहां बातचीत और संवाद की अच्छी सुविधा थी।**
- **जयराम रमेश ने कहा कि, नए संसद भवन को ''मोदी मल्टीप्लैक्स या मोदी मैरियट'' कहा जाना चाहिए।**

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि नए संसद भवन को ''मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मैरियट'' कहा जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि उन्हें पुराने संसद भवन की याद आती है और उन्हें नया भवन ''क्लॉस्ट्रोफोबिक'' और ''भूलभुलैया जैसा'' लगता है। कांग्रेस ने संसद के नए भवन के डिजाइन को लेकर शनिवार को सवाल खड़े करते हुए दावा किया कि दोनों सदनों के बीच समन्वय खत्म हो गया है और इसमें घुटन महसूस होती है, जबकि पुराने भवन में खुलेपन का अहसास होता था। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि 2024 में सत्ता परिवर्तन के बाद शायद नए संसद भवन का बेहतर उपयोग हो सकेगा। नए संसद भवन में दोनों सदनों की कार्यवाही बीते विशेष सत्र में 19 सितंबर से शुरू हुई। पुराने भवन को अब 'संविधान सदन' के नाम से जाना जाता है।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''इतने भव्य प्रचार-प्रसार के साथ उद्घाटन किया गया नया संसद भवन प्रधानमंत्री के उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से दिखाता है। इसे 'मोदी मल्टीप्लेक्स' या 'मोदी मैरियट' कहा जाना चाहिए। चार दिन में मैंने देखा कि दोनों सदनों के अंदर और लॉबी में बातचीत एवं संवाद ख़त्म हो गया है।''

उन्होंने दावा किया, ''हॉल के कंपैक्ट (सुगठित) नहीं होने की वजह से एक-दूसरे को देखने के लिए दूरबीन की आवश्यकता महसूस होती है। पुराने संसद भवन की कई विशेषताएं थीं। एक विशेषता यह भी थी कि वहां बातचीत और संवाद की अच्छी सुविधा थी। दोनों सदनों, सेंट्रल हॉल और गलियारों के बीच आना-जाना आसान था। नया भवन संसद के संचालन को सफ़ल बनाने के लिए आवश्यक जुड़ाव को कमज़ोर करता है। दोनों सदनों के बीच आसानी से होने वाला समन्वय अब अत्यधिक कठिन हो गया है।''

उनके मुताबिक, अगर आप पुरानी इमारत में खो जाते तो आपको अपना रास्ता फ़िर से मिल जाता क्योंकि वह गोलाकार है। नयी इमारत में यदि आप रास्ता भूल जाते हैं, तो भूलभुलैया में खो जाएंगे।

कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, '' पुरानी इमारत के अंदर और परिसर में खुलेपन का एहसास होता है, जबकि नई इमारत में घुटन महसूस होती है।'' उन्होंने कहा, ''अब संसद में भ्रमण का आनंद गायब हो गया है। मैं पुराने भवन में जाने के लिए उत्सुक रहता था। नया परिसर दर्दनाक और पीड़ा देने वाला है। मुझे यकीन है कि पार्टी लाइन से परे मेरे कई सहयोगी भी ऐसा ही महसूस करते होंगे।''

रमेश ने दावा किया, '' मैंने सचिवालय के कर्मचारियों से यह भी सुना है कि नए भवन के डिज़ाइन में उन्हें काम में मदद करने के लिए आवश्यक विभिन्न व्यावहारिकताओं पर विचार नहीं किया गया है। ऐसा तब होता है जब भवन का उपयोग करने वाले लोगों के साथ ठीक से परामर्श नहीं किया जाता है।'' उन्होंने कहा कि 2024 में सत्ता परिवर्तन के बाद शायद नए संसद भवन का बेहतर उपयोग हो सकेगा।

## 'अगर अमेरिका ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एक आतंकवादी था और एक वर्ष पूर्व एक प्रतिद्वंदी सिख नेता की हुई कथित हत्या में शामिल था।

वास्तव में ट्रूडो सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह एक आतंकवादी को क्यों पनाह दिए हुए थी।

इस बीच, इसके बावजूद कि ट्रूडो ने ''फाइव आईज़'' सिक्योरिटी एग्रीमैन्ट ग्रुप के सदस्यों द्वारा भारत की तुरन्त एवं स्पष्ट निन्दा किये जाने का आव्हान किया है, इस प्रकार का कोई भी बयान सामने नहीं आया। जहाँ अमेरिका ने इस पर किसी प्रकार की अधिकृत टिप्पणी नहीं की है, कैनडा में अमेरिका के राजूदत ने कहा कि कुछ खुफिया शेयरिंग हुई है।

पूरा विवाद एवं दावे तथा कत्ल के दावे पूरे दोषारोपण के पीछे के कारणों के कई स्तरों की ओर संकेत कर रहे हैं। बताया जाता है कि जस्टिन ट्रूडो राजनैतिक दबाव में है तथा इससे उसके द्वारा एकाएक किये गये रहस्योदघाटनों का आंशिक स्पष्टीकरण भी मिलता है। इसके परिणामस्वरूप वे हार्ड फैक्ट्स को लेकर आगे नहीं आ रहे हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908


MARUTI SUZUKI
NEXA
INSPIRATION IS JUST A DRIVE AWAY.
Discover the NEXA range of cars.
CREATE. INSPIRE.
MARUTI SUZUKI
NEXA
XL6
IGNIS
Scan the QR Code to experience the world of NEXA.
Scan the QR code to book your test drive now.
NEXA
8
INSPIRING EXPERIENCES
VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING BENEFITS.
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE
JODHPUR: NEXA SHASTRI CIRCLE (AURIC MOTORS PH: 8875012697), NEXA CHOPASNI ROAD (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013811).
Scan to know more.
SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Multiple financiers
Digital Document Upload
Live Loan status
Complete transparency (associated fees & charges)
*T&C apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities.